विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

▸ वर्ष 72 ▸ अंक 282 ▸ पृष्ठ 12

▸ रीवा, गुरुवार 10 जुलाई 2025

▸ आषाढ़ शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत 2082

▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

गुरु पूर्णिमा आज



अखण्डमण्डलाकारं, व्याप्तं येन चराचरम्। तत्पदं दर्शितं येन, तस्मै श्रीगुरवे नमः ।।

## संक्षिप्त खबरें

### आलिया से 77 लाख की धोखाधड़ी, गिरफ्तार

**मुंबई, जेएनएन।** आलिया भट्ट की पूर्व निजी सहायक वेदिका प्रकाश को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वेदिका पर आलिया के साथ 77 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप हैं। वेदिका ने 2 सालों तक अभिनेत्री के व्यक्तिगत और प्रोडक्शन हाउस के अकाउंट से लाखों रुपए लूटे हैं। वेदिका 10 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में रहेगी। करीब 5 महीने से उसकी तलाश की जा रही थी। मुंबई पुलिस ने उसे बंगलुरु से गिरफ्तार किया है। 32 साल की वेदिका प्रकाश शेट्टी बीते कुल सालों से आलिया की मैनेजर थीं। पुलिस के मुताबिक, वेदिका ने मई 2022 से अगस्त 2024 तक आलिया के पर्सनल और प्रोडक्शन हाउस इटरनल सनशाइन प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के अकाउंट से पैसे लूटे हैं। ये मामला तब सामने आया जब आलिया भट्ट की मां और एक्ट्रेस सोनी राजदान ने जनवरी में वेदिका प्रकाश के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में जुहू पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। उनके खिलाफ धारा 316 (4), 318 (4) के तहत शिकायत दर्ज हुई थी।



### 26 साल से थी फरार अमेरिका में गिरफ्तार

**नई दिल्ली/ वॉशिंगटन, जेएनएन।** आर्थिक अपराध की आरोपी मोनिका कपूर, जो पिछले 26 सालों से फरार थी, अब भारत की गिरफ्त में है। एनआईए ने उसे अमेरिका में हिरासत में ले लिया है। बुधवार रात तक टीम उसे भारत लेकर पहुंचेगी। न्यूयॉर्क कोर्ट ने उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी, जिसके बाद यह कार्रवाई संभव हुई। मोनिका पर 1999 में फर्जी दस्तावेजों के जरिए एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट लाइसेंस हासिल कर सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। वह दिल्ली की अदालत से घोषित 'प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर' थी और इंटरपोल ने उसके नाम रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था। 1999 में मोनिका और उसके दो भाइयों राजन और राजीव ने फर्जी तरीके से 16 रिप्लेनिशमेंट लाइसेंस हासिल किए। इनमें से 14 एक अन्य कंपनी को बेचे गए, जिसने बिना कस्टम ड्यूटी चुकाए सोना आयात किया।



### 26/11: एनआईए की पूरक चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की एनआाईए कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ा दी है। वहीं, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को राणा के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। कोर्ट 13 अगस्त को इस चार्जशीट पर सुनवाई करेगा। ये राणा के खिलाफ दूसरी चार्जशीट है। इससे पहले 2011 में पहली चार्जशीट दायर की गई थी। इसमें राणा को डेविड हेडली और अन्य के साथ 26/11 हमले का साजिशकर्ता बताया था। 7 जुलाई को एनआईए की पूछताछ में राणा ने मुंबई हमले के समय मुंबई में होने और पाकिस्तान का एजेंट होने की बात कबूल ली है। उसने ये भी माना था कि हमला करने में भी मदद की थी। तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था।



# किसानों को राहतः सिंचाई जलकर पर ब्याज और जुर्माना माफ, 35 लाख होंगे लाभान्वित

## अब 31 मार्च 2026 तक चुका सकेंगे मूल राशि विद्युत कंपनियों में 49 हजार नए पदों की स्वीकृति

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने बुधवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए किसानों पर सिंचाई जलकर की राशि पर ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया है। साथ ही अब किसान अपना मूल जलकर 31 मार्च 2026 तक चुका सकते हैं। एक अन्य फैसले में सरकार ने बिजली कंपनियों में 49 हजार से ज्यादा पदों की मंजूरी पर मुहर लगा दी। इससे सरकार उपभोक्ताओं को जीरो प्रतिशत विद्युत अवरोध से मुक्त करेगी। मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में यह अहम फैसले लिए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंत्रिपरिषद ने किसानों को सिंचाई जलकर पर बड़ी राहत देने वाले प्रस्ताव पर सहमति जता दी। इस प्रस्ताव के तहत यदि किसान 31 मार्च 2026 तक मूल राशि चुका देते हैं, तो करीब 84 करोड़ रुपए का ब्याज और उस पर लगा दंड माफ हो जाएगा। सरकार के इस फैसले से 35 लाख किसान लाभान्वित होंगे।

**उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने दी जानकारी:** कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री डॉ. राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि सरकार ने निर्णय लिया है कि विद्युत उपभोक्ताओं को बिना अवरोध के गुणवत्ता पूर्ण बिजली प्रदान की जाए। इसके लिए तीनों विद्युत वितरण कंपनियों को 49 हजार 263 नए पद सृजित करने के लिए स्वीकृति दी गई है। शुक्ल ने बताया कि फैसले में तय किया गया है कि नियमित पदों के सृजन के फलस्वरूप पूर्व स्वीकृत पदों में से 17 हजार 620 अनुपयोगी पद समाप्त किए गए हैं व डाइंग कैडर में 5650 पदों पर कार्यरत कार्मिकों के सेवानिवृत्ति और त्यागपत्र आदि के बाद ये पद भी समाप्त किए जाएंगे। कंपनियों द्वारा सीधी भर्ती के लिए पदों की गणना करते समय इन पदों को संज्ञान में रखा जाएगा। विद्युत वितरण कंपनियों में संविदा आधार पर कार्यरत कार्मिक, निर्धारित आयु सीमा के पूर्ण होने अथवा नियमित सीधी भर्ती के पद पर चयनित होने तक कार्य कर सकेंगे। वितरण कंपनियों को ■ शेष पृष्ठ 7 पर




### कैबिनेट के फैसले

- 84 करोड़ रुपए का ब्याज और जुर्माना किया गया माफ
- पीपीपी मॉडल पर विकसित होगा लेक व्यू होटल
- स्टांप एक्ट संशोधन को मंजूरी
- 212 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व मिलेगा
- बड़े निजी निवेशकों को आकर्षित करने की तैयारी

### 66 नए आंगनबाड़ी केंद्र को मिली स्वीकृति

कैबिनेट ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 66 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों खोलने की मंजूरी दी है। इसके लिए 134 नए पदों का सृजन किया है। इनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के 66-66 पद और पर्यवेक्षक के 02 पद नियमित शासकीय सेवक पद शामिल किए हैं।

### कैंपा फंड से होंगे विकास कार्य

शुक्ल ने बताया कि कैबिनेट ने प्रतिकारात्मक वन रोपण निधि (कैंपा फंड) के लिए वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य आयोजना के लिए 1478 करोड़ 38 लाख में से 1038 करोड़ रुपए के उपयोग की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### भारतीय मूल के सबीह बने एपल के सीओओ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों में से एक एपल ने भारतीय मूल के सबीह खान को चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) नियुक्त किया है। वे इस महीने के अंत में मौजूदा सीओओ जेफ विलियम्स की जगह लेंगे, जो 2015 से इस पद पर हैं।



सबीह अब सुंदर पिचाई (गूगल सीईओ) और सत्या नडेला (माइक्रोसॉफ्ट सीईओ) जैसे भारतीय नेतृत्वकर्ताओं की श्रेणी में आ गए हैं। यूपी के मुरादाबाद से शुरू हुई उनकी यात्रा अब वैश्विक टेक्नोलॉजी नेतृत्व तक पहुंच गई है। 1995 में सबीह ने एपल में अपने करियर की शुरुआत की थी। शुरुआत में वे कंपनी के प्रोक्योरमेंट ग्रुप से जुड़े। पिछले तीन दशकों में उन्होंने एपल के सप्लाई चेन, मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और प्रोडक्ट डिलीवरी से जुड़े कई अहम रोल निभाए। वर्ष 2019 में वे सीनियर वाइज प्रेसिडेंट ऑफ ऑपरेशन बने। उनकी अगुआई में एपल ने अपने कार्बन फुटप्रिंट को 60 फीसदी से अधिक घटाया।

### गुजरात के वडोदरा में 45 साल पुराना गम्भीरा पुल टूटने से दर्दनाक हादसा

## लापरवाहीः पुल ढहने से नदी में गिरे वाहन, 11 की मौत, आठ को बचाया

**वडोदरा, जेएनएन।** गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ को बचाया गया है। इनमें से 5 घायल हो गए, जब महिसागर नदी पर बना 45 साल पुराना गम्भीरा पुल ढह गया। हादसे में 5 वाहन, जिनमें दो ट्रक, एक बोलेरो और दो अन्य गाड़ी शामिल थी, नदी में गिर गए।

वहीं एक टैंकर पुल के टूटे सिरे पर फंस गया। यह हादसा वडोदरा के मुजपुर क्षेत्र में हुआ, जहां यह पुल सौराष्ट्र और मध्य गुजरात को जोड़ता है। हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य में स्थानीय प्रशासन, एनडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुल की एक बड़ी स्लैब दो खंभों के बीच से अचानक गिर गई, जिससे उस पर चल रहे वाहन सीधा नदी में जा गिरे। पुल से भारी कंपन की आवाज आई और कुछ ही सेकंड में उसका मध्य हिस्सा टूट गया। वहां मौजूद एक महिला अपने बेटे और पति को नदी में डूबता देख बिलखती रही, लेकिन वे लापता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

गुस्साए ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पुल की हालत खराब थी और कई बार मरम्मत के लिए शिकायतें दी गई थीं।



### प्रशासन की सफाई

इस मामले में सरकार और विभाग के विरोधाभासी बयान सामने आ रहे हैं। कार्यकारी अभियंता एनएम नायकावाला ने दावा किया कि पुल खस्ताहाल नहीं था। पुल 1985 में बना, इसकी उम्र 100 साल मानी जाती है।

### पहले से था पुल की खराब स्थिति का अंदेशा

हादसे के बाद एक वायरल ऑडियो क्लिप ने प्रशासन की बड़ी लापरवाही को उजागर कर दिया है। यह रिकॉर्डिंग 22 अगस्त 2022 की है, जिसमें वडोदरा के सामाजिक कार्यकर्ता लखन दरबार और राज्य के सड़क एवं भवन विभाग के एक अधिकारी के बीच बातचीत है। ऑडियो में अधिकारी स्पष्ट रूप से स्वीकार कर रहे हैं कि पुल की स्थिति खराब है और वह 'ज्यादा दिन नहीं टिकेगा।' उन्होंने यह भी बताया कि मरम्मत का प्रस्ताव भेजा गया है, निरीक्षण टीम बुलाई गई है और विभाग चिंतित है कि पुल साल के अंत तक भी नहीं टिक पाएगा। इसके बावजूद, पुल की मरम्मत या नवीनीकरण को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया, और दो साल बाद यह जनघातक हादसे में बदल गया।

### मैहरः अतिक्रमण हटाने गई आरक्षक से मारपीट

**जागरण, मैहर।** अतिक्रमण हटाने गई टीम पर अतिक्रमणकारियों ने हमला बोल दिया। हमले का शिकार महिला आरक्षक और सिक्योरिटी गार्ड हुई है। घटना मंगलवार दोपहर मैहर के बदेरा थाना क्षेत्र के ग्राम सरेड़ा में आरसीसीपीएल सीमेंट कंपनी की खदान की है। दरअसल आरक्षक और सिक्योरिटी गार्ड अतिक्रमण हटवाने के लिए गईं थीं। इस दौरान उन पर हमला हो गया। हमले में आरक्षक के सिर में गंभीर चोट आई है, जिनका मौके पर मौजूद एम्लेंबुस में उपचार किया और आगे के इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जानकारी के मुताबिक मुआवजा मिलने के बाद भी लखन पटेल ने खदान की जमीन खाली नहीं की थी। इस संबंध में सिविल कोर्ट ने बेदखली आदेश भी दिया था, जिसके बाद भी वह नहीं माना। मंगलवार को कंपनी प्रबंधक, सिक्योरिटी गार्ड, राजस्व विभाग और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जेसीबी से मकान को गिराया गया। इस दौरान परिवार की एक बुजुर्ग महिला ने महिला कॉन्स्टेबल पूर्णिमा सिंह पर डंडे से हमला कर दिया। आरक्षक के सिर से खून बहने लगा।

**सिक्योरिटी गार्ड को दांतों से काटा, पांच पर केस दर्ज**

## राजस्थान के चूरू में वायुसेना का जगुआर फाइटर जेट क्रैश

### पायलट और को-पायलट शहीद, गांव में बिखरा मलबा

**चूरू (राजस्थान), जेएनएन।** राजस्थान के चूरू जिले में बुधवार दोपहर भारतीय वायुसेना का एक जगुआर फाइटर जेट नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा दोपहर 12.40 बजे राजलदेसर थाना क्षेत्र के भाणूदा गांव के पास हुआ। इस हादसे में पायलट और को-पायलट दोनों शहीद हो गए।

घटनास्थल पर विमान के छोटे-छोटे टुकड़े फैल गए और शवों के हिस्से बुरी तरह क्षत-विक्षत अवस्था में पाए गए। मौके पर पहुंचे चूरू एसपी जय यादव ने पुष्टि की कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और मलबे के पास से शव के टुकड़े बरामद किए गए हैं। इस हादसे ने एक बार फिर जगुआर फाइटर जेट की तकनीकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिछले 5 महीनों में यह देशभर में तीसरा जगुआर क्रैश है। इस पुराने लेकिन तेज रफ्तार जेट का इस्तेमाल भारतीय वायुसेना मुख्य रूप से प्रशिक्षण और ग्राउंड अटैक मिशनों में करती है। वायुसेना की ओर से हादसे की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की गई है।



### तकनीकी खामी की आशंका

यह टू-सीटर ट्रेनी जगुआर जेट श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ एयरबेस से उड़ा था। स्थानीय निवासियों ने पहले तेज गड़गड़ाहट और फिर एक जोरदार धमाके की आवाज सुनी। हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह आशंका जताई जा रही है कि तकनीकी खामी के चलते पायलट इजेक्ट नहीं कर पाए। वायुसेना ने हादसे की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित कर दी है।

### घटनास्थल पर तबाही का मंजर

हादसे के बाद गांव के चारों ओर मलबा और आग की स्थिति देखी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, 'जैसे ही विमान नीचे गिरा, वह एक धमाके के साथ छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट गया और आग लग गई। आसपास के पेड़ भी जल गए।' घटना स्थल के पास काफी बड़ा गड्ढा भी बन गया है।

### ममदानी के खिलाफ इस्लामिक टिप्पणी पर बवाल

## स्टार्टअप फाउंडर्स ने लिखा सिकोइया के खिलाफ खत

**न्यूयॉर्क सिटी, जेएनएन।** न्यूयॉर्क सिटी के मेयर पद के उम्मीदवार जोहरान ममदानी को 'इस्लामिस्ट' कहे जाने के बाद अमेरिका की जानी-मानी वेंचर कैपिटल कंपनी सिक्योइया कैपिटल के पार्टनर शॉन मैग्वायर के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। 100 से ज्यादा स्टार्टअप फाउंडर्स और टेक वर्कर्स ने एक खुला पत्र जारी कर सिक्योइया से मैग्वायर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। स्टार्टअप फाउंडर्स ने सिक्योइया को 14 जुलाई तक जवाब देने का समय दिया गया है। पत्र में मैग्वायर की सार्वजनिक माफी समेत अन्य मांगें की गई हैं।

### क्या है मामला?

4 जुलाई को मैग्वायर ने एक्स पर लिखा, 'ममदानी ऐसी संस्कृति से आते हैं जो हर बात पर झूठ बोलती है। उनके इस्लामिस्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए झूठ बोलना उनके लिए पुण्य जैसा है।' इस बयान के बाद भारी आलोचना हुई। ममदानी अमेरिका के पहले मुस्लिम मेयर बनने की दौड़ में हैं और उनका राजनीतिक एजेंडा सस्ते आवास, एलजीबीटीक्यू अधिकारों जैसे सामाजिक मुद्दों पर है।



## देशव्यापी हड़ताल में केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों व निजीकरण के खिलाफ उठी आवाजें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बुधवार को भारत भर में लाखों श्रमिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सुधार नीतियों और सरकारी कंपनियों के निजीकरण के खिलाफ एक दिवसीय 'भारत बंद' में भाग लिया। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते कोयला खनन, बैंकिंग, बीमा, परिवहन और उत्पादन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कामकाज बाधित हुआ। यह हड़ताल 10 प्रमुख ट्रेड यूनियनों और कई किसान संगठनों के साझा आह्वान पर आयोजित की गई थी। हड़ताल का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा लाई गई नई श्रम नीतियों, राज्य-नियंत्रित कंपनियों के निजीकरण, और सरकारी नौकरियों में रिक्त पदों को न भरने के खिलाफ विरोध दर्ज कराना था। किसान संगठनों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की भी मांग की। हड़ताल के चलते कई राज्यों में कोयला खनन कार्य ठप रहे। रेलवे पटरियों पर प्रदर्शन कर रहे लोगों के कारण कुछ ट्रेनें रद्द करनी पड़ीं। बैंक, बीमा कंपनियों और सुपरमार्केट जैसे सेवा क्षेत्रों में भी कामकाज प्रभावित हुआ। ओडिशा, केरल, बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में हड़ताल का विशेष असर देखा गया।



अहमदाबाद में देशव्यापी हड़ताल के दौरान प्रदर्शन करते ग्रामीण चाइल्ड केयर वर्कर्स।

### श्रम सुधार किए खारिज

- एटक की महासचिव अमरजीत कौर ने कहा, 'सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के नाम पर श्रमिक अधिकार कुचलना चाहती है। हम श्रम सुधारों को पूरी तरह खारिज करते हैं।'
- तमिलनाडु में 30,000 से अधिक प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया। कई निजी कंपनियों में उत्पादन कार्य भी बाधित हुआ है।

### तुर्की में एक्स का एआई चैटबॉट ग्रोक बैन

**इस्तांबुल, जेएनएन।** तुर्की की एक अदालत ने एलन मस्क की कंपनी एक्सएआई द्वारा विकसित एआई चैटबॉट ग्रोक पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम तब उठाया गया जब चैटबॉट ने राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन के खिलाफ आपत्तिजनक और कथित तौर पर अपमानजनक जवाब दिए। अंकारा के मुख्य अभियोजक कार्यालय ने मामले की पुष्टि करते हुए इसके खिलाफ औपचारिक जांच शुरू कर दी है।

यूजर्स ने तुर्की भाषा में एर्दोगन से जुड़े सवाल पूछे तो ग्रोक ने अनुचित उत्तर दिए। इसके बाद बीटीके ने अदालत के आदेश पर ग्रोक को तुर्की में प्रतिबंधित कर दिया। तुर्की के कानून के अनुसार राष्ट्रपति का अपमान अपराध है, जिसकी सजा चार साल तक की कैद हो सकती है।

## चुनावी बिसात पर भाषाई ध्रुवीकरण का खतरनाक खेल

**विश्लेषण**
**अजीत सिंह**

महाराष्ट्र में गैर मराठी खासकर हिंदी पट्टी के लोगों के साथ मारपीट-दुर्व्यवहार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। बुधवार को ठाणे में एक हिंदी भाषी ऑटो चालक का यात्री से किराये को लेकर विवाद होने पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के भिवंडी नगर अध्यक्ष ने ऑटो चालक को न सिर्फ कान पकड़कर माफी मांगने को मजबूर किया बल्कि धमकी दी कि भविष्य में किसी मराठी व्यक्ति को छूने की कोशिश की तो देख लेना हाथ कहां जाएगा।

दरअसल, महाराष्ट्र की राजनीति में भाषा और क्षेत्रवाद का मुद्दा कोई नया नहीं है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में यह जिस तरह से सड़कों पर हिंसा और मारपीट के रूप में उभरा है, वह एक खतरनाक राजनीतिक भविष्य की ओर संकेत करता है। राज्य सरकार द्वारा पहली से पांचवीं कक्षा तक हिंदी को अनिवार्य बनाने के एक फैसले (जिसे अब वापस ले लिया गया है) ने मानो बारूद में चिंगारी का काम किया। इस एक फैसले ने न केवल मनसे को संजीवनी दी, बल्कि लगभग दो दशकों से अलग-थलग पड़े ठाकरे बंधुओं, उद्धव और राज, को एक मंच पर लाकर खड़ा कर दिया। अब यह विवाद सिर्फ एक नीति का विरोध नहीं, बल्कि बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के आगामी चुनावों के लिए बिछाई जा रही एक सोची-समझी बिसात का हिस्सा नजर आ रहा है।

इस भाषाई संग्राम का सबसे चिंताजनक पहलू इसका हिंसक होना है। मुंबई के मीरा रोड में एक मिठाई दुकानदार को सिर्फ इसलिए थप्पड़ मार दिया जाता है क्योंकि वह मराठी में बात करने से इनकार करता है। वर्ली में एक निवेशक के कार्यालय में तोड़फोड़ की जाती है क्योंकि वह सोशल मीडिया पर मराठी भाषा को लेकर अपनी राय रखता है। ये घटनाएं अकेली नहीं हैं, बल्कि एक पैटर्न का हिस्सा हैं, जिसमें गैर-मराठी, विशेषकर उत्तर भारतीय दुकानदारों और फेरीवालों को निशाना बनाकर भय का माहौल पैदा किया जा रहा है। यह रणनीति सीधे तौर पर वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश है, जहां 'मराठी मानुष' के सम्मान के नाम पर एक खास वर्ग को लामबंद करने का प्रयास हो रहा है।

पूरे प्रकरण का नाटकीय मोड़ उद्धव और राज ठाकरे का एक साथ आना है। 19 साल की राजनीतिक दुश्मनी भुलाकर 'मराठी अस्मिता' के नाम पर उनका एक मंच पर दिखना, महज संयोग नहीं है। यह एक सुविचारित राजनीतिक कदम है, जिसका सीधा लक्ष्य बीएमसी चुनावों से पहले बिखरा मराठी वोट बैंक एकजुट करना है। इस रैली ने दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया है और भाजपा-शिंदे गुट के गठबंधन के सामने एक मजबूत चुनौती पेश की है।

दूसरी ओर, भाजपा इस मुद्दे पर संभलकर चाल चल रही है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भाषा के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त न करने की चेतावनी देकर कानून-व्यवस्था का राज स्थापित करने का संदेश दिया है, तो वहीं दूसरी तरफ उनके नेता आशीष शेलार ने इन हमलों की तुलना कश्मीर के आतंकी हमले से करके मामले को और गंभीर बना दिया है। भाजपा की रणनीति स्पष्ट है- वह खुद को ऐसी पार्टी के रूप में पेश करना चाहती है जो मुंबई में रहने वाले विशाल हिंदी-भाषी और अन्य गैर-मराठी समुदायों के हितों की रक्षक है। यह वोट बैंक बीएमसी चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाता है, और भाजपा इसे किसी कीमत पर खोना नहीं चाहेगी।

असल में, यह पूरा विवाद भाषा या संस्कृति के सम्मान का नहीं, बल्कि भारत के सबसे अमीर नगर निगम, बीएमसी पर कब्जे की लड़ाई का है। दशकों तक बीएमसी पर राज करने वाली शिवसेना (अब उद्धव गुट) के लिए यह अस्तित्व की लड़ाई है। मनसे के लिए यह अपनी ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### वोटर लिस्ट संशोधन के खिलाफ बिहार में बंद

## राहुल के नेतृत्व में विपक्ष का पटना में मार्च प्रदेश में सड़क-रेल यातायात रहा बाधित

**पटना, जेएनएन।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सियासी बवाल तेज हो गया है। बुधवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया ने इसके खिलाफ राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया और पटना में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव आयोग कार्यालय तक मार्च निकाला गया।

इस विरोध मार्च में राहुल गांधी के साथ राजद नेता तेजस्वी यादव, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, सीपीआई के महासचिव डी. राजा, कांग्रेस के बिहार अध्यक्ष राजेश राम और कई अन्य विपक्षी दलों के नेता शामिल रहे। मार्च की शुरुआत पटना के इनकम टैक्स गोलंबर से हुई, जिसमें सभी प्रमुख नेता एक ही वाहन पर सवार थे।

बिहार बंद का असर राज्य के कई हिस्सों में दिखा। पटना, दरभंगा, अरवल, जहानाबाद, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और मुजफ्फरपुर समेत कई जिलों में सड़क और रेल मार्ग बाधित रहे। पटना के महात्मा गांधी सेतु पर विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने टायर जलाकर रास्ता रोक दिया। सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर सांसद पप्पू यादव समर्थकों के साथ पहुंचे और रेल यातायात बाधित करने की कोशिश की।

राजद, कांग्रेस, सीपीआई (एमएल) और सीपीआई के कार्यकर्ताओं ने अरवल, जहानाबाद और दरभंगा में भी टायर जलाकर सड़कों पर जाम लगाया और विरोध प्रदर्शन किए। जगह-जगह धरनों और नारों के बीच चुनाव आयोग के खिलाफ गहरी नाराजगी दिखाई दी।



### विपक्ष के आरोप

विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग जानबूझकर मतदाता सूची से वंचित समुदायों को हटाने की प्रक्रिया में लगा है, ताकि सत्ताधारी दल को फायदा हो सके। राहुल गांधी ने कहा है कि यह सिर्फ बिहार की लड़ाई नहीं है, यह लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। हम गरीबों और कमजोरों के हक के लिए लड़ते रहेंगे।

# सतना के तीन जनपदों को मिलेगें नये भवन, स्वीकृति आदेश जारी

## 15 करोड 77 लाख रूपये की लागत से बनेंगे तीन जनपद भवन






**जागरण, सतना।** जिले के अंतर्गत स्थित जनपद पंचायत सोहावल , रामपुर बाघेलान और जनपद पंचायत नागौद को नये भवन की सौगात प्रदान की गई है। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 4 जुलाई को आदेश जारी कर स्वीकृति प्रदान की गई है। पंचायत ग्रमीण विकास विभाग द्वारा जारी किये गये इस आदेश के बाद संबंधित जनपदो में नये भवन को लेकर खुशी का माहौल है।

**सवा 5 करोड़ में बनेगा एक जनपद भवन** : विभाग द्वारा जारी की गई स्वीकृति के मुताबिक एक जनपद भवन 5 करोड़ 25 लाख 67 हजार रूपये में बंद कर तैयार होगा। इस तरह से तीन जनपदो के नये भवन के लिए 1577.01 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त भवनो का निर्माण आरईएस द्वारा किया जायेगा। जनपद पंचायत भवन निर्माण के लिए न्युनतम दो एकड़ भूमि उपलब्ध होना अनिवार्य है। इतना ही नही भवन निर्माण में उपयो होने वाली सामग्री की लैब में टेस्टिंग कराये जाने के उपरांत ही मुल्याकन कराया जावेगा। प्रत्येक माह में एकबार कार्यपालन यंत्री को आवश्यक रूप से निरीक्षण करना होगा।

### पुराने परिसर में होगा निर्माण

जनपद सीईओ रामपुर बाघेलान राहुल पाण्डेय , जनपद सीईओ नागौद अशोक मिश्रा ने चर्चा करते हुये जागरण को बताया कि जहां पर अभी जनपद कार्यालय संचालित हो रहा है वहीं पर नया भवन बनाया जायेगा उनके पास शासन के गाइड लाइन के मुताबिक जमीन उपलब्ध है जबकि सोहावल जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी ने कहा कि निर्माण के लिए देखना पडेगा की जनपद परिसर में कितनी जमीन शेष है।

## सड़क दुर्घटना रोकने जिलों में चलेगा जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम

**सतना।** केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश के 100 ऐसे जिले जहां अधिक संख्या में घातक सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, उन्हें सेफ लाईफ फाऊण्डेशन के सर्वे के माध्यम से चिन्हित किया है। देश के चिन्हित इन 100 जिलों में मध्यप्रदेश के 6 जिले चिन्हित किये गये हैं। ये जिले धार, सागर, सतना, रीवा, जबलपुर एवं खरगोन हैं। धार जिले में वर्ष 2023 के आकलन अनुसार सबसे अधिक घातक सड़क दुर्घटनाएं हुई है। इन सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के तहत सभी जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि इन सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को चिन्हित करते हुए योजना तैयार की जाये। इसके बाद आवश्यक कार्य किए जाएं जिससे इन सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

## अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में अभिभावक ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न



**जागरण, सतना।** अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल सतना द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत के अवसर पर अभिभावक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन श्री रामकृष्ण कॉलेज के सेमिनार हॉल में किया गया। यह कार्यक्रम कक्षा 1 और 6 के सभी छात्रों के अभिभावकों तथा कक्षा 2 से 5 व 7-8 में नवप्रवेशी छात्रों के अभिभावकों के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विद्यालय के नियम.कायदों पढ़ाई की प्रक्रिया खेल गतिविधियों सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं की पूरी रूपरेखा साझा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे और उन्होंने अभिभावकों को साल भर की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। मुख्य अतिथियों में विद्यालय के डायरेक्टर शाश्वत पुरी प्राचार्या डॉ हिमानी सिंह तथा उप.प्राचार्य संजीव सिंह सेंगर उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य अभिभावकों को सत्र की शुरुआत में ही सभी महत्वपूर्ण जानकारी देना था जिससे वर्ष भर सहयोग और संवाद सहज बना रहे।

## कोटवारों को नियमित करने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सतना ।** मध्य प्रदेश के सभी 38 हजार कोटवारों को नियमित करने के लिए कोटवार संघ ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम तहसीलदार रामपुर बाघेलान को विज्ञापन पत्र सौंपा है कोटवार पंचायत 2007 की घोषणा अनुसार मध्य प्रदेश के सभी 38 हजार कोटवारों को पात्रता परीक्षण कर सेवा मालगुजार भूमि का स्वामित्व प्रदान किये जाने अभियान चलाकर सेवा भूमि अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है इसी के साथ कोटवार संघ ने 11 सूत्रीय मागों का ज्ञापन पत्र मुख्यमंत्री के नाम सौंप कर अपने नियमितीकरण की मांग की है। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से कोटवार संघ के तहसील अध्यक्ष दयाराम दहायत राम विश्वास सुखेंद्र दहिया केदारनाथ दहायत मुकेश दहायत गोरेलाल चौकीदार रंग लाल दहिया उदय राज जितेंद्र चौकीदार सहित दर्जनों लोग ज्ञापन सौंपने में उपस्थित रहे।

## स्टेट मैरिट में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित




**जागरण, सतना।** शैक्षणिक सत्र 2024.25 में हायर सेकण्डरी परीक्षा की प्रावीण्य सूची में शास0 उत्कृष्ट उ.मा.वि. व्यंकट क्र01 के हर्ष पाण्डेय एवं दीपिका सिंह बघेल ने क्रमशः गणित एवं जीवविज्ञान संकाय मे सत्र 2024.25 की प्राणीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनो को इस उपलब्धि पर प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्य श्री सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि इन छात्र/छात्रा ने अपने लिए उपलब्धि प्राप्त करते हुए अपने माता.पिता का सम्मान बढ़ाते हुए इस विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है। इस गौरख के क्षण में पूरा विद्यालय परिवार इन मैरिट स्कालर का अभिनन्दन करता है। प्राचार्य ने कहा कि इन दोनो की बडी तस्वीर विद्यालय में लगाई जायेगी साथ ही एक बोर्ड मे प्रतिवर्ष टापर्स के नाम भीअंकित किये जायेगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री सिंह के साथ श्री रामफ्ल, साकेत, डॉ, उदय चतुर्वेदी,नंदकिशोर पाठक, डॉ संध्या सराफ पुष्पेन्द्र सिंह, सुधीर गुप्ता किरण चतुर्वेदी, दुर्गादेवी गौतम, अम्ब्रीश मिश्रा, अनुज पाण्डेय, कपिल सिंह प्रेम प्रकाश पाल, सिंह अभिलाष गौतमः पंकज त्रिपाठी, देवेन्द्र पाण्डेय शिवेन्द्र मिश्रा, प्राची पाण्डेय, नम्रता सिंह, उमा बागरी, उमाशंकर विश्वकर्मा अर्चना सिंह जया राजानी, प्रतिमा द्विवेदी, राकेश त्रिपाठी, त्रिपाठी, सविता जायसवाल सिंह, यशोधन मिश्रा, भरत कुमारसौनी, महिमा यात वर्मा प्रज्ञासिंह परिहार, आकता सिंह, नंदलाल प्रजापति, आनामिक पाण्डेय, यशोधन मिश्रा, डॉ भरत कुमार सोनी, कु. महिमा यादव , अकिंत सिंह, नंद लाल प्रजापति, सुरेन्द्र प्रताप यादव, प्रीती कुशवाहा, नेहा गुप्ता, पूनम सिंह, प्रियंका वाला, योगेन्द्र कुमार, अनुप्रिया सिंह गर्ग, वसुधा त्रिपाठी, अभिषेक पाण्डेय,सुनीता श्रीवास्तव, ईश्वरदीन प्रजापति महेन्द्र वर्मन आदि सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहते हुए इन सितारो की बधाई दिए।

## प्रत्येक मंडल में मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी सतना जिले के प्रत्येक मंडल में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय के निर्देशन में आयोजित इस विशेष आयोजन में समाज के सभी वर्गों के शिक्षक खिलाड़ी प्रशिक्षक, संगीतज्ञ एवं साधु.संतों का सम्मान किया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी संगठन ने सभी मंडलों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र में निवासरत गुरुवरों की सूची तैयार करें और वरिष्ठजन एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उनका सम्मान करें। यह सम्मान कार्यक्रम माला श्रीफ्ल एवं वस्त्र भेंट कर आयोजित होगा। गुरु पूर्णिमा पर मंडलों में भजन संध्या व सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगाए जिससे इस आयोजन को भव्यता और आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की जा सके। सभी मंडलों से कार्यक्रम के छायाचित्र भेजने का भी विशेष आग्रह किया गया है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जागरण, सतना ।** मध्य प्रदेश बुलंद आवाज नारी शक्ति आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन ने समूचे भारत में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र सौंपा है आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करके आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को नियमित करें वही मानदेय में बढ़ोतरी करें साथ ही ग्रेज्युटी प्रदान करें एवं कार्यकर्ता से सुपरवाइजर में जनरल प्रमोशन करें साथ ही पोषण ट्रैकर एप पर ऑनलाइन एफ आर एस के माध्यम से पोषण आहार वितरण प्रणाली को रोकते हुए उक्त व्यवस्था को पूर्ववत रखें। अपनी पांच सूत्रीय जायज मांगो को लेकर मध्य प्रदेश बुलंद आवाज नारी शक्ति आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन ने सतना कलेक्ट्रेट पहुंचकर माननीय प्रधानमंत्री के नाम एस डी एम राहुल सिलाडिया एसडीम बीके मिश्रा और डीपीओ राजीव सिंह को ज्ञापन पत्र सौंपा है उन्होंने कहा है कि ऑनलाइन पोषण आहार वितरण में एफ आर एस के माध्यम से वितरण करने में फेस कैप्चर और ओटीपी के कारण हितग्राहियों को पोषण आहार प्राप्त नहीं हो पा रहा है जिन अवस्थाओं को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन ने सतना कलेक्टर एवं आयुक्त महोदय को अवगत कराया था मगर आज दिनांक तक कोई भी समाधान नहीं निकला गया साथ ही पोषण आहार वितरण ना हो पाने से विभाग द्वारा उन्हें अनावश्यक दबाव भी दिया जाता है और वेतनमान भी काटने की धमकी दी जाती है जिससे वह मानसिक रूप से परेशान होती हैं जिस कारण इस अव्यवस्था को सुधारनें ज्ञापन पत्र सौंपा है वहीं कार्यकर्ताओं का कहना है कि अधिकांश जगहों पर नेटवर्क ना होने के कारण ओटीपी प्राप्त नहीं होता जिससे हितग्राही को पोषण आहार प्रदान नहीं किया सकता जिस कारण से हितग्राही आए दिन विवाद की स्थिति पैदा करते रहते हैं । मध्य प्रदेश बुलंद आवाज आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन एवं एटक संगठन द्वारा सैकड़ो की तादात में एकत्रित होकर ज्ञापन पत्र सौपा है और नियमितीकरण की मांग की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से संरक्षक एसडी निगम संयोजक आर डी द्विवेदी विकल्प गौतम जिला अध्यक्ष अंजू सिंह बघेल शाहीन सिद्दीकी जिला सचिव सुषमा श्रीवास्तव रागिनी शर्मा सहसचिव अनीता तिवारी जिला प्रवक्ता रागिनी शर्मा सदस्य संध्या गुप्ता पूजा पांडेय माधुरी नामदेव सृष्टि सिंह ज्योति पांडेय प्रियंका शुक्ला पुष्पा सिंह शाहिद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थिति रही और अपनी मांगे रखी।

## बीएलओ प्रशिक्षण हुआ आयोजित



**जागरण, सतना।** भारत निर्वाचन आयोग एवं सतना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 67 रामपुर बाघेलान में एसडीएम आरएनखरे के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर पुष्पेन्द्र निगम , रत्न राज साकेत आई आई आई डी ई एम दिल्ली मास्टर ट्रेनर एवं रामदास प्रजापति विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा बीएलओं को प्रशिक्षण दिया गया । जिसमें मुख्य रूप से तहसीलदार सुजित कुमार नागेश , नायाब तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह जयसूर, सहायक प्रोगरामर रावेन्द्र सिंह, मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र निगम आफिस कानूनगो सोमचंद साकेत, निर्वाचन कम्प्यूटर आपरेटर शुभम कुशवाहा, शाहिद खान, पंकज दाहिया उपस्थित रहें।

## छिबौरा और सज्जनपुर सर्किल को मिले नायब तहसीलदार



**सतना।** टीकम गढ़ में सवा दो साल की सेवा देने के बाद रामपुर बाघेलान पहुँचे नायब तहसीलदार मंगलेश्वर सिंह ने कहा कि पेंडिंग कार्यों को सीघ्र निपटाने का प्रयास करेंगे।

## नगर निगम चलाया स्वच्छता जागरुकता अभियान




**जागरण, सतना।** नगर पालिक निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 29, 30 एवं 31 में स्वच्छता जागरूकता के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान सीटी पीटी क्लीननेस ड्राइव चलाई गई,जिसमे सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। लोगों को बताया गया कि स्वच्छ शौचालय स्वस्थ समाज की पहचान होते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ से हुई जिसमें स्थानीय लोगों ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रतिज्ञा ली।

## तहसीलदार ने बिरसिंहपुर मंदिर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**सतना।** बिरसिंहपुर तहसीलदार डॉ शैलेन्द्र शर्मा ने भगवान गैबीनाथ स्वामी बिरसिंहपुर मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया । इस दौरान तहसीलदार श्री शर्मा ने सावन मेले के मद्देनजर निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

## खेत मे नर कंकाल मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी




**सतना।** थाना उंचेहरा अंतर्गत रामपथगमन मार्ग बाँधी मौहर गांव के ओवर ब्रिज के आगे रोहित जैसवाल के खेत मे कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। यह मानव कंकाल किसका है फिलहाल इसका पता नही चल पाया है पुलिस कंकाल की शिनाख्त के प्रयाय में जुटी हुई है।

## अब ग्रामोदय विश्वविद्यालय यूजीसी की कैटिगरी वन में



**जागरण, सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के कुशल नेतृत्व में एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी नई दिल्ली द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर श्रेणी नंबर वन की श्रेग्रेडेड स्वायत्तता प्रदान की गई है। यह उपलब्धि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट प्रयासों का प्रमाण है। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय ने वर्ष 2024 में नैक द्वारा डबल प्लस ग्रेड 3.53 सीजीपीए प्राप्त कर देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों की श्रेणी में स्थान पाया था। इसी निरंतर प्रगति और नवाचारयुक्त कार्यप्रणाली के फ्लस्वरूप यूजीसी ने 24 जून 2025 को आयोजित अपनी 591वीं बैठक में विश्वविद्यालय को यूजीसी स्वायत्तता प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालयों का श्रेणीकरण विनियम 2018 के अंतर्गत ग्रेड.वन में सम्मिलित करते हुए स्वायत्तता की मान्यता दी है। इस मान्यता से विश्वविद्यालय को अकादमिक प्रशासनिक एवं वित्तीय स्तर पर अधिक स्वतंत्रता प्राप्त होगी जिससे पाठ्यक्रम शोध नवाचार और मूल्यपरक शिक्षा को और अधिक मजबूती मिलेगी। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने इस गौरव पूर्ण उपलब्धि के लिए ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि ग्रामोदय के समग्र दृष्टिकोण और टीम वर्क का परिणाम है। यह विश्वविद्यालय को आत्मनिर्भर गुणवत्तापूर्ण और नवाचारोन्मुख शिक्षा के नए आयामों की ओर ले जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली ने भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित मध्यप्रदेश के प्रतिष्ठित एवं नैक डबल प्लस ग्रेड प्राप्त महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को कैटेगरी.वन अर्थात् श्रेणी.1 का विश्वविद्यालय घोषित किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सचिव मनीष जोशी द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित ऐतिहासिक अकादमिक उपलब्धि की इस सूचना से विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा मध्यप्रदेश का एकमात्र विश्वविद्यालय महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट को कैटेगरी.वन प्राप्त होने की ऐतिहासिक अकादमिक उपलब्धि विश्वविद्यालय के कुशल प्रशासन एवं कर्मठ कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के मार्गदर्शन में प्राप्त हुई है।


## प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 13 जुलाई रविवार को रीवा में



**रीवा।** राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 13 जुलाई 2025 को (प्रत्येक माह के दूसरे रविवार) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक, डाइग्नोस्टिक, विज़न हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीढ़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द(माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीढ़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 15000 (पंद्रह हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार को विगत सात (08) वर्षों से कमाता क्लीनिक में मरींजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में सोनोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें। Advt


## कृषि विज्ञान केंद्र तथा महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**जागरण, सतना।** कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां मे गृह विज्ञान विभाग द्वारा सेवारत कर्मचारियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया एवं सेक्टर हिरौंदी एवं चित्रकूट की सभी कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रेकर मे दर्ज होने वाली सभी जानकारियों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ नवीन कुमार शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम के उद्देश्य के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को पोषण वाटिका, एनीमिया, कुपोषण के प्रति जागरूक किया गया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश जागरे ने बताया कि कैसे कुपोषण को दूर किया जा सकता है। उसके लिए मशरूम के पाउडर के महत्व पर प्रकाश डाला। वैज्ञानिक डॉ. पंकज शर्मा ने बताया कि पोषण वाटिका को प्राकृतिक तरीके से करें। जिससे परिवार स्वस्थ रहेगा। वैज्ञानिक सत्यम चौरिहा ने गांव की महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वावलंबन की दिशा मे कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रभारी हेमराज द्विवेदी वैज्ञानिक खाद्य प्रससंकरण एवं गृह विज्ञान ने बताया कि कुपोषण वह स्थिति है जब आपके बच्चे को आवश्यक पोषक तत्व, खनिज और कैलोरी प्राप्त नहीं होते हैं, जो पर्याप्त मात्रा में बच्चे के महत्वपूर्ण अंगों के विकास में मदद करते हैं। आपके बच्चे को रोग मुक्त और स्वस्थ जीवन जीने के लिए पोषक तत्व महत्वपूर्ण है। पर्याप्त पोषण की कमी से शारीरिक और व्यवहारात्मक दोनों से संबंधित कई विकार हो सकते हैं। साथ ही कुपोषण को दूर करने के उपाय बताए। इसी प्रकार एनीमिया के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। पोषण वाटिका कैसे स्थापित करें कौन-कौन सी सब्जियां, फ्ल लगाए। कार्यक्रम में बताया गया कि क्षेत्र मे पानी की कमी के कारण मटका विधि से वृक्षारोपण करें। सुपरवाइजर ललिता ने बताया कि विभाग द्वारा चलाए जा रहे वजन अभियान के तहत हर माह की 10 तारीख से 10 कार्य दिवस तक बच्चों का वजन लिया जाता है। जिसमे प्रतिदिन 10 प्रतिशत बच्चों की सही लंबाई-ऊंचाई एवं वजन लेकर सही-सही पोषण ट्रेकर मे दर्ज करें और किसी प्रकार की कोई त्रुटि न करें। कार्यक्रम में सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को पौध रोपण करने के लिए पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में सेक्टर चित्रकूट और हिरौंदी की 55 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन ने हड़ताल कर दी चेतावनी, सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सतना।** 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को लेकर पुष्करणी पार्क में संयुक्त ट्रेड यूनियनों द्वारा जिला ट्रेड यूनियन कौंसिल सतना के नेतृत्व में विशाल आम सभा का आयोजन किया गया। टीयूसी महासचिव कॉमरेड संजय सिंह तोमर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये 22वीं संयुक्त आम हड़ताल है जिसमे करोड़ो लोग हिस्सेदारी करने जा रहे है अपनी 18 सूत्रीय मांगों के साथ मांग करते है काली चार श्रम संहिताओं को अविलंब वापस लेने के साथ साथ सभी ट्रेड यूनियनों से बातचीत प्रारंभ किया जायएवार्ना आने वाले समय मे ये लड़ाई और तीखी होगी जिसका खामियाजा सत्ता वर्ग को उठाना होगा। टीयूसी अध्यक्ष कॉमरेड टीपी पांडे ने कहा कि ये आमहड़ताल जनता की मांगों को लेकर के हैए क्योंकि आज देश की बहुतायत जनता बेरोजगारी महंगाई का दंश झेल रही हैंएशिक्षा स्वास्थ्य जैसे मूल सुविधाएं आज आम जनता को नही मिल पा रही हैं। हरि प्रकाश गोस्वामी, अध्यक्ष टीपी पांडे, महासचिव संजय सिंह तोमर, संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक अरुण प्रताप सिंह,सीटू सतना के संयोजक वीरेंद्र सिंह रावल,एमपीएमएसआरयू सतना के सचिव जितेंद्र मिश्रा, सहसचिव आनंद सिंह विवेक यादव,अध्यक्ष राकेश सिंह परिहार,कोशाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी,विक्रम सिंह चौहान परिवेश खरे , धर्मेंद्र पांडे, रणवीर सिंह,सुनील शुक्ला, जितेंद्र पांडे, सुखेन्द्र त्रिपाठी, विकास त्रिपाठी, विनय निगम, अखिलेश सैनी, राजीव वर्मा,संतोष पटेल,सतना डिवीजन इंश्योरेंस एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन के महासचिव कॉमरेड धर्मेंद्र सिंह बघेलए अध्यक्ष राजेश द्विवेदी मौजूद रहे। इंटक संगठन ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर सिंह तिवारी सतना सीमेंट के अध्यक्ष आदित्य नारायण गौतम महासचिव मनोज कुमार पांडे एवं सतना यूनिवर्सल केबल्स के अध्यक्ष तथा प्रदेश संगठन मंत्री संतोष कुमार पांडे एवं महासचिव विनोद कुमार मिश्रा सतना सीमेंट से रामकृष्ण दुबे संदीप दुबे प्रिंस द्विवेदी सहित बडी तादाद में लोग मौजूद रहे। एसडीएम राहुल सिलाड़ियॉ को ज्ञापन सौपा गया है।

# मवेशियों में फैलने लगा लंपी वायरस का प्रकोप






## जिला मुख्यालय के बाजार क्षेत्र के कई मवेशी पीड़ित

## संक्रामक बीमारी की रोकथाम को लेकर लापरवाह बना पशु चिकित्सा अमला

जागरण, सीधी

जिले में लंपी वायरस से संक्रमित पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। हैरत की बात तो यह है कि जिला मुख्यालय के बाजार क्षेत्र में ही लंपी वायरस से संक्रमित कई मवेशी सडकों में विचरण कर रहे हैं और पशु चिकित्सा विभाग पूरी तरह से निष्क्रिय बना हुआ है। जबकि बरसात के दिनों में संक्रामक बीमारियों का प्रकोप मवेशियों में तेजी के साथ फैलता है। ऐसे में पशु चिकित्सा अमला को पूरी तरह से अपने-अपने क्षेत्रों में अलर्ट होना चाहिए। जिला मुख्यालय जहां विभाग के बडे अधिकारी रहते हैं, वहां यदि इस तरह की लापरवाही देखी जा रही है तो ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकारों के अनुसार प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी लंपी वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए पशु चिकित्सा विभाग का अमला पूरी तरह से सजग होकर कार्य कर रहा है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा तेजी के साथ टीकाकरण का कार्य भी किया जा रहा है। सीधी जिले में भी पशु चिकित्सा विभाग द्वारा यह दावा किया जा रहा है कि मवेशियों को संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए पूर्व में टीकाकरण कार्य किया जा चुका है। शहरी क्षेत्र सीधी, चुरहट, रामपुर नैकिन में भी आवारा घूमते मवेशियों के टीकाकरण का दावा भी किया जा रहा है। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि यदि विभाग के अमले द्वारा लंपी वायरस समेत अन्य संक्रामक बीमारियों से पशुओं को बचानें के लिए पूर्व में ही टीकाकरण का कार्य किया गया है तो आखिर लंपी वायरस का प्रकोप सीधी शहर में आवारा घूमते मवेशियों में कैसे फैल रहा है। स्पष्ट है कि आवारा मवेशियों के टीकाकरण की जिम्मेदारी जिन कर्मचारियों को दी गई थी उनके द्वारा कागजो में तो उसे पूर्ण दिखा दिया गया लेकिन धरातल में टीकाकरण का कार्य नहीं किया गया है। पशु चिकित्सा विभाग के अमले को यह मालूम है कि बेजुबान मवेशी यह गवाही नहीं दे सकते कि उनको टीका लगा है या नहीं। टीकाकरण का कार्य शहरी क्षेत्र में दिन के समय विभागीय अमले द्वारा न करने की जानकारी देते हुए बताया गया है कि आवागवन होने के कारण संभव नहीं हो पाता। इस वजह से शहरी क्षेत्र के मवेशियों को रात में टीका लगाया जाता है। यह जानकारी सामने आने के बाद जब बाजार क्षेत्र के दर्जनों अलग-अलग क्षेत्र में फुटपाथी व्यवसायियों से चर्चा गई तो उन्होने बताया कि रात करीब 12 बजे तक चहल-पहल भले ही कम हो लेकिन मवेशियों को कभी भी टीका लगाते हुए नहीं देखा गया। आवागवन थम जाने के कारण मवेशी सडकों में ही झुंड के झुंड बैठे नजर आते हैं। यदि टीकाकरण का कार्य किया जाता तो शहर में लंपी, खुरपका, मुंहपका समेत अन्य संक्रामक बीमारियों से पीड़ित पशु नजर न आते। ऐसे में स्पष्ट है कि बरसात का मौसम शुरू होने के बाद संक्रामक बीमारियों पर नजर रखने की बजाय पशु चिकित्सा विभाग पर जिम्मेदार अमला पूरी तरह से लापरवाह है। यदि यही हालात रहे तो संक्रामक रोग से पीड़ित मवेशियों की मौत भी होने लगेगी। हैरत की बात तो यह है कि एक महीने से सीधी शहर के ही गौवंशों में लंपी वायरस का प्रकोप देखा जा रहा है। फिर भी पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संक्रामक बीमारी का प्रकोप नजर नहीं आ रहा है। इसी वजह से उनके द्वारा लंपी वायरस से पीड़ित गौवंशों का टीकाकरण करने की जरूरत अभी तक नहीं समझी जा रही है। यदि यही लापरवाही बनी रही तो आने वाले दिनों में वायरस का संक्रमण और तेजी के साथ फैल जाएगा।

### क्या है लंपी वायरस की बीमारी

गांठदार त्वचा रोग मवेशियों में होने वाला एक संक्रामक रोग है जो पॉक्सविरिडे परिवार के एक वायरस के कारण होता है। जिसे नीथलिंग वायरस भी कहा जाता है। इस रोग के कारण पशुओं की त्वचा पर गांठें होती हैं। यह रोग त्वचा और श्लेष्मा झिल्ली श्वसन और जठरांत्र संबंधी मार्ग सहित पर बुखारए बढ़े हुए सतही लिम्फनोड्स और कई नोड्यूल व्यास में 2ण्5 सेंटीमीटर 1.2 इंच की विशेषता है। संक्रमित मवेशी भी अपने अंगों में सूजन की सूजन विकसित कर सकते हैं और लंगड़ापन प्रदर्शित कर सकते हैं। प्रभावित जानवरों की त्वचा को स्थायी नुकसान होता है। जिससे उनके छिपने का व्यावसायिक मूल्य कम हो जाता है। इसके अतिरिक्तए इस बीमारी के परिणामस्वरूप अक्सर पुरानी दुर्बलताए कम दूध उत्पादनए खराब विकासए बांझपनए गर्भपात और कभी.कभी मृत्यु हो जाती है। बुखार की शुरुआत वायरस से संक्रमण के लगभग एक सप्ताह बाद होती है। यह प्रारंभिक बुखार 41 डिग्री सेल्सियस 106 डिग्री फारेनहाइट से अधिक हो सकता है और एक सप्ताह तक बना रह सकता है। इस समय सभी सतही लिम्फनोड्स बढ़े हुए हो जाते हैं। नोड्यूल्स जिसमें रोग की विशेषता होती है। वायरस के टीकाकरण के सात से उन्नीस दिनों के बाद दिखाई देते हैं। नोड्यूल्स की उपस्थिति के साथ आंखों और नाक से स्राव म्यूकोप्यूरुलेंट हो जाता है। गांठदार घावों में डर्मिस और एपिडर्मिस शामिल होते हैंए लेकिन यह अंतर्निहित चमड़े के नीचे या यहां तक कि मांसपेशियों तक भी फैल सकता है। ये घाव जो पूरे शरीर में होते हैं लेकिन विशेष रूप से सिरए गर्दनए थनए अंडकोशए योनी और पेरिनेम पर या तो अच्छी तरह से परिचालित हो सकते हैं या वे आपस में जुड़ सकते हैं।

## शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

### अधिवक्ता संघ चुनाव में अरविंद शुक्ला को मिल रहा समर्थन



**जागरण, सीधी।** जिला अधिवक्ता संघ सीधी के चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद अब सरगर्मियां बढ़ गई हैं। अध्यक्ष पद को लेकर कई दावेदार सामने आ सकते हैं। जिसमें कि कुछ नए चेहरों को भी सामने आने की उम्मीद मानी जा रही है। अध्यक्ष पद के लिए सबसे ज्यादा सुर्खियों में जिला न्यायालय के वरिष्ट अधिवक्ता अरविंद शुक्ला बने हुए हैं। उनकी समाजसेवी छवि होने के कारण उनके समर्थक अधिवक्ता साथी प्रचार प्रसार में भी लगे हुए हैं। चर्चा के दौरान अधिवक्ता अरविंद शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों के लिए हम इस बार चुनाव लड़ेंगे। सभी वरिष्ट एवं कनिष्ट अधिवक्ताओं का मेरे प्रति स्नेह एवं आशीर्वाद बना हुआ है। उन्होने कहा कि यदि मैं अधिवक्ता संघ का जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुआ तो पुरानी परंपरा से हटकर अधिवक्ता हितों को खास प्राथमिकता दी जाएगी। वरिष्ठ अधिवक्ता तो हमेशा से मार्ग दर्शक रहे हैं, नये अधिवक्ताओं के हितों को भी प्राथमिकता में रखा जायेगा। अधिवक्ताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। अधिवक्ताओं की बैठक व्यवस्था को विस्तार दिया जाएगा। अधिवक्ताओं की हर संभव मदद के लिए हम तत्पर रहेंगे। वहीं अधिवक्ताओं को सामूहिक बीमा का लाभ दिलाने एवं अधिवक्ता कालोनी के लिए भी अलग से प्रयास किया जाएगा। इन तमाम मुद्दों को लेकर हम चुनाव मैदान में आ रहे हैं। उम्मीद है कि सभी अधिवक्ताओं का हमें साथ मिलेगा।

### टीवी मरीजों को बांटे फूड व बास्केट किट



**जागरण, सीधी।** जिले के कुसमी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टमसार में पदस्त चिकित्सक डॉ. आरबी सिंह के द्वारा 11 टी बी पोजिटिव मरीजों, बास्केट किट वितरित किया गया और किट का इस्तेमाल एवं उसकी विशेषता बताते हुवे मरीजों को समझाइश दी गई है। यह कार्यक्रम टमसार में आयोजित किया गया। वहीं चिकित्सा अधिकारी के द्वारा लोगों को जानकारी देते हुये कहा गया कि टीबी तपेदिक के मरीजों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि यह एक संक्रामक रोग है जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकता है। टीबी के बैक्टीरिया हवा के माध्यम से फैलते हैं। जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता या बात करता है। टीबी के मरीजों को उचित उपचार और देखभाल की आवश्यकता होती है। परिवार के लोगों को अपना एवं मरीजों का विशेष ध्यान देना चाहिए। इस कार्यक्रम में प्रभारी एसटीएस सुभाष सोनी, सरोज कोरी, संजय साकेत, संजीव सोधिया, पूनम सिंह, कल्पना कोर्चे, वीरेन्द्र गुप्ता, सुहावन शुक्ला सहित स्टाफ उपस्थित थे।

### कांवडियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के लिये रवाना



**जागरण, सीधी।** शहर से आज बुधवार को कांवडियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के लिये स्पेशल बस से रवाना हुआ। कांवडियो का यह जत्था गुरू पूर्णिमा पर उत्तर वाहिनी मां गंगा स्नान कर बाबा अजगैवी नाथ के दर्शन पूजन कर सावन परीबा को उत्तर वाहिनी मां गंगा का जल लेकर पदयात्रा के लिये बाबा बैद्यनाथ धाम को रवाना होगा। कांवडियो का यह जत्था पदयात्रा पूर्ण कर बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर जलाभिषेक करेगा। शहर से कांवडियो का पहले जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। उनका कहना था कि उनके द्वारा पैदल यात्रा कर बाबा बैद्यनाथ धाम में पहुंचकर जलाभिषेक करने का संकल्प लिया गया है। श्रावण मास के आरंभ के साथ ही कांवडियो का जत्था रवाना होने का क्रम बाबा बैद्यनाथ धाम के लिये अभी अनवरत रूप से चलता रहेगा।

## गणेश स्कूल की एनसीसी कैडेट्स भर्ती में 30 छात्र चयनित



**जागरण, सीधी।** स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीधी में बुधवार को एनसीसी 3 एमपी बटालियन, रीवा के कमान अधिकारी कर्नल संदीप जसपाल के निर्देश पर स्कूल में नए सत्र के लिए एनसीसी जूनियर डिवीजन हेतु कैडेट्स का चयन सफलतापूर्वक किया गया। स्कूल के प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी और एनसीसी थर्ड आफिसर विश्वास पाण्डेय की देखरेख में यह पूरी चयन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी ने छात्रों को एनसीसी के उद्देश्य, कैडेट्स के कर्तव्य एवं सेना में उनकी भूमिका के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। डॉ. तिवारी के कहा एनसीसी में समाज सेवा से जुड़े कार्यों में भाग लेने से विद्यार्थियों में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है और उनमें सेवा का भाव जागृत होता है। उन्होंने यह भी कहा कि एनसीसी छात्रों को जिम्मेदार और आदर्श नागरिक बनने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। एनसीसी थर्ड आफिसर विश्वास पाण्डेय ने बताया कि शारीरिक क्षमता एवं मानसिक योग्यता के आधार पर कुल 30 विद्यार्थियों का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि एकता और अनुशासन की प्रतीक नेशनल कैडेट कोर का शुभारंभ आज कक्षा आठवीं एवं कक्षा नौवीं में अध्यनरत छात्रों हेतु किया गया है।

## प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी उनि विवेक द्विवेदी के नेतृत्व में कमर्जी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ ऑनरेक्स कफसिरप के अवैध विक्रेता को धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से करीब 18,000 मूल्य की 90 शीशियां जप्त करते हुए उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। थाना प्रभारी उनि. विवेक द्विवेदी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम चिलरीकला निवासी रंजीत गौतम एक पीली बोरी में प्रतिबंधित कफसिरप लेकर चुरहट से अपने घर आ रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर त्वरित कार्रवाई हेतु पुलिस टीम गठित की। पुलिस टीम चिलरीकला में संभावित स्थान पर घेराबंदी कर निगरानी कर रही थी। कुछ देर बाद एक संदिग्ध व्यक्ति बोरी लेकर आता दिखाए जो पुलिस को देखकर सोननदी की ओर भागने लगा। तत्परता से पीछा कर उसे पकड़कर पूछताछ की गईए जिसमें उसने अपना नाम रंजीत गौतम पिता भरत प्रसाद गौतम उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम चिलरीकला बताया। तलाशी के दौरान आरोपी की बोरी से प्रतिबंधित ऑनरेक्स कफसिरप की 90 शीशियां बरामद हुईं। आरोपी द्वारा मादक पदार्थ रखने व बेचने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उसके विरुद्ध धारा 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 5/13 मप्र ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम 1949 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश कर अग्रिम विवेचना की जा रही है। थाना प्रभारी उनि. विवेक द्विवेदी, सउनि मनोज वर्मा, प्रधान आरक्षक अभय वर्मा, आरक्षक नीरज सिंह, शिवम पाण्डेय, शुभम सिंह, मुकेश रावत, सुनील डावर एवं अभिषेक त्रिपाठी का इस प्रभावी कार्रवाई में विशेष योगदान रहा।

## प्रताड़ना से हुई आत्महत्या, भारतीय मजदूर संघ ने दी चेतावनी

**जागरण, सीधी।** संजय टाइगर रिजर्व में पदस्थ स्थाई कर्मचारी रामसजीवन कुशवाहा की आत्महत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष विकास नारायण तिवारी ने इस घटना को अत्यंत निंदनीय और अमानवीय करार देते हुए संजय टाइगर रिजर्व के उप संचालक राजेश कन्ना टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जारी बयान में तिवारी ने कहा कि उप संचालक द्वारा की गई प्रताड़ना से आहत होकर 1 जुलाई 2025 को रामसजीवन कुशवाहा ने आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाया। तिवारी ने यह भी बताया कि घटना के बाद न तो किसी अधिकारी ने शोक संवेदना व्यक्त की और न ही पीड़ित परिवार से मिलने की जरूरत समझी।







## कुसमी में 385 खेत तालाबों में संचय होगा वर्षा जल



**जागरण, सीधी।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कुसमी जनपद पंचायत की 42 पंचायतों में 385 खेत तालाबों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मानसून के प्रारंभ होते ही सभी खेत तालाबों में पानी आ जाने से कृषकों के चेहरे पर मुस्कान की लहर दौड़ गई है। अभियान के क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के निर्देशन में जनपद पंचायत कुसमी के सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा, एपीओ अजय द्विवेदी, एसडीओ सरिता सिंह ,सेक्टर कुसमी के उपयंत्री अमर सिंह, सेक्टर उमरिया के उपयंत्री प्रदीप द्विवेदी, सेक्टर पोड़ी के उपयंत्री इंद्रलाल सिंह एवं सेक्टर टमसार के उपयंत्री राकेश सिंह के द्वारा अभियान अंतर्गत खेत तालाबों के निर्माण के लिए सार्थक प्रयास कर 30 गुणा 30 गुणा 1.5 मी. के तालाबों का निर्माण कार्य कराया गया, जिससे लगभग 3 लाख 85 हजार क्यूबिक मीटर वर्षा जल संचय होने की संभावना है जिससे ग्राम पंचायत के भूमिगत जल स्तर बढ़ने के साथ-साथ आसपास की जल संरचनाएं, कुएं, नलो आदि के रिचार्ज होने की पूरी संभावना है। संचित वर्षा जल से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि भी सिंचित होने की उम्मीद है। सभी किसानों द्वारा इस योजना को पाकर खुशी व्यक्त की गई है।


## समाज सेवा में अनुकरणीय पहल कर रहा है सीधी सीमेंट वर्क्स



**जागरण, सीधी।** आदित्य बिरला समूह की इकाई अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, सिद्धि सीमेंट वर्क्स द्वारा मैहर और सिद्धि जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल प्रबंधन, आजीविका और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में दो विद्यालयों एवं एक आईटीआई को गोद लेकर 1200 छात्रों को लाभान्वित किया गया। साथ ही 78 बच्चों को नवोदय कोचिंग, 1987 छात्रों को बैग व स्वेटर का वितरण किया गया। स्कूलों में बेंच, पंखे एवं वाटर कूलर की व्यवस्था भी की गई। युवा विकास के अंतर्गत युवा दिवस, पर्यावरण दिवस एवं खेल आयोजन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से 750 युवाओं को खेल सामग्री वितरित की गई। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पीएचसी में आधुनिक उपकरण स्थापित किए गए, कंपनी अस्पताल में 18,000 मरीजों का उपचार किया गया, एम्बुलेंस सेवा चलाई गई, 200 टीबी मरीजों को पोषण सहायता दी गई एवं 34 स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जल प्रबंधन के क्षेत्र में तालाब गहरीकरण, गर्मियों में 2,000 परिवारों को प्रतिदिन 45,000 लीटर पेयजल की आपूर्ति, 30 ट्यूबवेल की स्थापना की गई। आजीविका संवर्धन हेतु 30 ठेलों का वितरण, 70 आरसीसी कुर्सियों तथा सोलर लाइट के माध्यम से सामुदायिक संरचना को सशक्त किया गया। सिद्धि सीमेंट वर्क्स समाज सेवा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी प्रशासन एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से सतत विकास के कार्य करता रहेगा।

## कानून व्यवस्था में सीधी पुलिस की सराहनीय भूमिका

सीधी पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा एवं उनकी टीम द्वारा बीते कुछ महीनों में फैक्ट्री क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए प्रभावशाली नियंत्रण स्थापित किया गया है। सीधी पुलिस की समाज सेवा तथा सामाजिक कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता सदैव सराहनीय रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा निरंतर गश्त, निगरानी, जन जागरूकता कैंप लगाकर तथा स्थानीय जनसहयोग के माध्यम से कंपनी क्षेत्र तथा कंपनी द्वारा समाज सेवा के लिए चुने गये क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़, प्रभावी एवं भरोसेमंद बनाया गया है। पुलिस टीम ने न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में अपनी सजगता, तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना एवं विश्वास को भी दृढ़ता प्रदान की है। कंपनी प्रशासन द्वारा सीधी पुलिस अधीक्षक एवं उनकी संपूर्ण टीम के इस अनुकरणीय एवं सतत सहयोग की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई है तथा यह आशा व्यक्त की गई है कि भविष्य में भी इसी प्रकार का सक्रिय सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

# सर्जरी के अगले ही दिन अपने पैरों पर खड़ी हो गईं 90 वर्षीय महिला



**रीवा।** 90 वर्षीय वृद्ध महिला, जिनका गिरने के कारण कूल्हा गंभीर रूप से टूट गया था, जिन्हें चलना तो दूर, हिलना-डुलना भी असंभव हो गया था — उनके लिए यह ज़िंदगी की सबसे बड़ी चुनौती बन गई थी। लेकिन जहां आशा होती है, वहाँ रास्ता भी निकलता है। प्रार्थना हॉस्पिटल में डॉ. राहुल कुंदर (आर्थोपेडिक एण्ड ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट स्पेशलिस्ट) द्वारा उनकी कूल्हे की जटिल सर्जरी सफलता पूर्वक की गई। सबसे बड़ी बात कि सर्जरी के अगले ही दिन 90 वर्षीय यह महिला अपने पैरों पर खड़ी हो गईं और सहारे से चलने लगीं। यह सिर्फ एक सर्जरी नहीं थी, यह एक बुजुर्ग महिला की ज़िंदगी में आत्मविश्वास और सम्मान वापस लौटाने का संकल्प था। प्रार्थना हॉस्पिटल में आधुनिक तकनीक, अनुभवी टीम एवं न्यूनतम रक्तस्राव और दर्द रहित प्रक्रिया से इलाज सिर्फ शारीरिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक विश्वास भी लौटाता है।

## मासूम छात्र के साथ अमानवीयता पर मानवाधिकार आयोग का बड़ा एक्शन

# ज्योति किंडरगार्टेन स्कूल से वसूला गया 50 हजार रुपए जुर्माना

### 5 वर्षीय छात्र के साथ किया गया था दुर्व्यवहार, कई मामले बिना शिकायत के ही दब गए




**जागरण,रीवा**

शहर के बोदाबाग स्थित ज्योति किंडरगार्टेन स्कूल में छात्र के साथ हुए अमानवीय व्यवहार पर मानवाधिकार आयोग ने बड़ा एक्शन लिया है। स्कूल प्रबंधन की गलती को मानते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना ठोका गया। इतना ही नहीं, इस जुर्माना की वसूली करके छात्र के पिता के खाते में राशि भी भेज दी गयी है। बता दें कि मामले की शिकायत के बाद स्कूल प्रबंधन के खिलाफ विवि थाना में एफआईआर भी दर्ज की गई थी। उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर भाजपा नेता गौरव तिवारी ने मानवाधिकार आयोग से शिकायत किया था।

### क्या है पूरा मामला

बता दें कि यह घटना बीते 18 जनवरी 2025 की है, जब बोदाबाग स्थित ज्योति किंडर गार्टेन स्कूल में एक पांच साल के छोटे बच्चे ने अनजाने में क्लासरूम में बाथरूम कर दिया। मासूम के इस गलती पर स्कूल प्रबंधन ने उसकी देखरेख तो दूर उसके साथ अमानवीय व्यवहार कर डाला। स्कूल शिक्षिका और आया ने मिलकर उससे ही टॉयलेट साफ करवाया। इतना ही नहीं, जनवरी की कड़कड़ाती ठंड में उस मासूम बच्चे को बिना पैंट के कई घंटे तक नग्न अवस्था में रखा गया। करीब चार घंटे तक नग्न अवस्था में खड़े रहने से छात्र की तबीयत खराब हो गई। मासूम छात्र ठंड में कांपता रहा और चिल्लाता रहा लेकिन स्कूल प्रबंधन का दिल नहीं पसीजा और उसे गीले कपड़े भी पहना दिए गए।

### और मामलों का हो सकता है खुलासा

वहीं इस मामले पर हुई इस कार्यवाही ने कई बड़े सवाल खड़े कर दिए गए हैं। कार्यवाही के बाद कुछ परिजन दबी जुबान में ज्योति किंडरगार्टेन स्कूल में मासूम छात्रों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार को लेकर बात करने लगे हैं। कहा जा रहा है कि इसमें और भी बड़े खुलासे स्कूल प्रबंधन द्वारा की जा रही अमानवीयता के हो सकते हैं। चर्चा में कहा जा रहा हैकि स्कूल प्रबंधन हमेशा ही मनमानियों के लिए चर्चा में बना रहता है लेकिन कभी कोई कार्यवाही स्कूल प्रबंधन पर नहीं हुई। इस कार्यवाही के बाद अब स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कई सामाजिक संगठन भी मोर्चा खोलने की तैयारी में हैं।

अपने साथियों के बीच बिना कपड़े के खड़े रहने से मासूम के ऊपर मानसिक असर भी पड़ा और घर पहंचते ही वह बीमार पड़ गया। जिसके बाद घर वालों को इस पूरे मामले की जानकारी हुई तो इसकी शिकायत स्कूल प्रबंधन से की गई, प्रबंधन ने मामले को दबाने का प्रयास किया जिसके बाद थाने में शिकायत हुई और एफआईआर दर्ज की गई। मानवाधिकार आयोग से हुई शिकायत के बाद प्रबंधन पर यह बड़ी कार्यवाही की गई है।

# मनमानी बिजली बिलों को लेकर आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव सिंह परिहार शेरा के नेतृत्व में महंगी घरेलू विद्युत दरों से आमजन को राहत दिलाये जाने की मांग को लेकर आयुक्त रीवा संभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की है कि विद्युत विभाग द्वारा रीवा शहर में बिना किसी मीटर रीडिंग के बिद्युत बिलो का वितरण किया जा रहा है। जहाँ पर मीटर नहीं लगे उन आवासों का भी बिल मनमाने तरीके से लिया जा रहा है। मप्र. में कोयला पानी सौर उर्जा से बिजली का उत्पादन होता है। मप्र. के निवासियों को देश में सबसे अधिक कीमत पर बिजली प्रदान की जा रही है, जो न्यायहित में नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुफ्त बिजली देने का वायदा किया था एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी गरीबों एवं आम जनता को सस्ती बिजली देने का वायदा किया गया था किन्तु बिजली बिल की दरों में कोई कमी नहीं आ रही है। बिजली के बिल की दरों को न्यूनतम कर मंहगी बिजली के बिल से राहत दिलाया जाय।


## शेयर गुमा

मैं रानी सचदेव पत्नी श्री बी.एल. सचदेव, निवास स्थल - 7/499, बोदाबाग रोड, सिंगरौली हाऊस के पीछे खुटेही, रीवा (म.प्र.) की हूँ। मेरे व मेरे पति के संयुक्त नाम से लार्सन एण्ड टुब्रो लिमिटेड के शेयर सर्टीफिकेट थे जो कि कही गुम हो गये हैं। जो शेयर सर्टीफिकेट का विवरण निम्नानुसार है।

| Certificate No. | Shares | Follio No. | Dist From - Dist To |
|---|---|---|---|
| 12386 | 25 | 03828484 | 567399 - 567423 |
| 194088 | 25 | 03828484 | 140391068 - 140391092 |
| 322321 | 50 | 03828484 | 574483959 - 574484008 |
| 426237 | 50 | 03828484 | 617022156 - 617022205 |

जिसकी सूचना दिनांक 2 जुलाई 2025 को थाना विश्वविद्यालय में दी गई है।

रानी सचदेव, 7/499 बोदाबाग रोड, सिंगरौली हाऊस के पीछे, खुटेही रीवा (म.प्र.) मो. 9425031567


# 'हर पौधा बने पेड़' के तहत विश्व हिंदू परिषद ने किया पौधरोपण



**रीवा।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक प्रेरणादायी पहल की गई। 'हर पौधा बने पेड़' और 'पर्यावरण संरक्षण हर व्यक्ति की जिम्मेदारी' जैसे संकल्पों के साथ विश्व हिंदू परिषद द्वारा विभिन्न स्थानों में पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। जिला प्रसार प्रमुख सुमित डिगवानी ने बताया कि यह आयोजन केवल पौधारोपण भर नहीं, बल्कि आम नागरिकों को प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व से जोड़ने का प्रयास है। विश्व हिंदू परिषद पूरे भारतवर्ष में जुलाई के प्रथम सप्ताह में विश्व हिंदू परिषद सेवा सप्ताह के रूप में मानता है। इस सेवा सप्ताह में समाज से जुड़े कई सेवा कार्य विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता करते हैं इसी कड़ी में जिला मंत्री दिव्यांशु गौतम के नेतृत्व में रीवा जिले के सभी तहसीलों में सेवा कार्य किए गए, जिसमें विशेष रूप से शासकीय स्कूल मार्तंड क्रमांक 2, संजय गांधी अस्पताल, नगर वन पार्क, रविदास नगर, सेमरिया- शिव मंदिर तालाब, जवा, गुढ़ तथा गोविंदगढ़ के साथ-साथ जिले के विभिन्न स्थानों में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के विभिन्न स्थानों में विभाग संगठन मंत्री अवधेश सिंह, जिला संयोजक रामकृष्ण गौतम, जिला सहसंयोजक आशीष सेन, रिचा मिश्रा, डॉ राहुल मिश्रा, प्राचार्य प्रदीप सिंह, जलसा, दीपाली दाहिया, दुर्गेश द्विवेदी, सत्येंद्र त्रिपाठी, सत्यम पांडे, शिवम् विश्वकर्मा, रत्नेश चतुर्वेदी, हरिओम, कुलदीप तिवारी, मोहित, सतीश सिंह, नीरेश द्विवेदी, पुष्पराज सिंह, अनुज पांडेय, आयुष शुक्ला, देवांश गौतम, अंश वर्मा व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ इस सेवा में प्रखंड एवं जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पेन्शनरों को मिला स्वास्थ्य शिविर का लाभ

### शुगर एवं बीपी की हुई जांच, प्रदान की दवाएं



**रीवा।** भारत पेन्शनर समाज द्वारा शिल्पी प्लाजा-बी ब्लाक द्वितीय तल स्थित कार्यालय में पेन्शनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आयुष एवं एलोपैथी के सीनियर डॉक्टर्स द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर समुचित दवाएं प्रदान की गईं। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर के.पी. त्रिपाठी एवं भारत पेन्शनर समाज के अध्यक्ष इंजीनियर शेर बहादुर सिंह परिहार द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन पुष्प अर्पण कर हुआ। शिविर में शुगर एवं बी.पी. की जांच की गई तथा समुचित परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ, डॉ. राम रक्षा शुक्ला, डॉ. प्रीतू तिवारी, डॉ. राजेश प्रजापति, डॉ. नैनी जैन, डॉ. डिंपल पाटीदार, पैथोलॉजी से आशीष गुप्ता पैरामेडिकल स्टाफ भूपेन्द्र शुक्ला, डॉ. अनिल श्रीवास्तव, मेडिकल स्पेशलिस्ट, सेवानिवृत्त डॉ. आर. पी. श्रीवास्तव, सेवानिवृत सी.एम.एच.ओ. डॉ. केपी त्रिपाठी, डॉ. हरीश श्रीवास्तव सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवायें प्रदान की। शिविर के अंत में पेन्शनर समाज के अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सभी चिकित्सकों एवं पैथोलॉजी स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उपहार स्वरूप पेन्शनर समाज की स्मारिका की एक-एक प्रति सभी को प्रदान की गई। शिविर उपरांत मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे आय-व्यय, सदस्यता विस्तार की जानकारी दी गई।

# एजुकेशन पोर्टल.3.0 : अतिथि शिक्षकों के लिए बना जी का जंजाल

**जागरण,रीवा।** एजुकेशन पोर्टल 3.0 अतिथि शिक्षकों के लिए जी का जंजाल बन गया है। स्थिति यह है कि लोक शिक्षण संचालनालय और विद्यालयों के बीच पिसते हुए राहत पाने के लिए रोजाना दर्जनों युवा डीईओ कार्यालय पहुंच रहे हैं। यह स्थिति पोर्टल में कार्यरत और रिक्त पदों की संख्या नहीं दिखाने के कारण हुई है। दो वर्ष पहले तक जहां डीईओ कार्यालय और विद्यालयों के बीच आपसी समन्वय और रिक्त पदों के हिसाब से अतिथि शिक्षकों की भर्ती होती थी। वहीं पिछले शैक्षणिक सत्र से डीईओ कार्यालय से यह अधिकार चला गया कि वह किसी विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की भर्ती करा सके। पोर्टल में कार्यरत और रिक्त पदों की जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय से ही दर्ज होती है। इसलिए शिक्षा विभाग भी फिलहाल यहां पहुंचने वाले युवाओं को राहत नहीं दे पा रहा है। स्कूलों में शिक्षकों की कमी और अतिथि की नियुक्ति नहीं होने का सबसे अधिक अस विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 1 अप्रैल से हो गई थी। माह भर स्कूल चलने के बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश कर दिया गया। 15 जून से फिर से विद्यालयों में विद्यार्थी अध्ययन के लिए पहुंचने लगे तो अब शिक्षकों की कमी से उनकी किताबें नहीं खुल रहीं हैं।


## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.- JHS/Comm/e-Auction/25/118 दिनांक : 07.07.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

| श्रेणी | केटलोग संख्या | एसेट्स डिटेल्स |
|---|---|---|
| पार्सल | JHS-LEASING-42 | 1. ट्रेन संख्या-12198 में 02 एसएलआर-एफ-I & एफ-II.<br>2. ट्रेन संख्या-11086 में 01 एसएलआर-आर-I |

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय :** दिनांक 22.07.2025 को समय- 11:00 से

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय :** दिनांक 22.07.2025 को समय- 11:50 तक

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट-www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1184/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, भवन/सड़क संभाग शहडोल (म.प्र.)

निविदा सूचना 05/एस0ए0सी0निविदा/वर्ष 2025-26/ शहडोल, दिनांक 07/07/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर कमांक | जिला | निविदा आमंत्रण | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (लाख में) | ई0एम0 डी0 की राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_435521_1 | शहडोल | प्रथम | बुढ़ार, हरदी, कठौतिया मार्ग चैनेज 6800 पर स्लैब कलवर्ट का निर्माण कार्य। | 142.16 | 142160/- | 12500/- | 04 माह वर्षाकाल छोड़कर |

ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र कय करने का समय दिनांक 07.07.2025 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 18.07.2025 शाम 17:30 तक एवं निविदा डाउनलोड करने का समय दिनांक 07.07.2025 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 18.07.2025 शाम 17:30 तक है।

टीपः- निविदाकारों का लोक निर्माण विभाग (भ/स) मे पंजीयन अनिवार्य है।
निविदाकारों का पैन कार्ड आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है।
मूल शपथ पत्र निविदा खुलने की दिनांक के पूर्व कार्यालय मे प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
शहडोल संभाग शहडोल (म0प्र0)

G- 15375/25


# सेंट्रल किचन के विरोध में स्व सहायता समूह कार्यकर्ता संघ

**रीवा।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित यूनियन स्व सहायता समूह कार्यकर्ता संघ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सेंट्रल किचन खोले जाने के विरोध में आक्रोश व्यक्त करते हुए गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह को ज्ञापन दिया। स्व सहायता समूह की कार्यकर्ताओं ने अपनी फरियाद सुनाते हुए कहा कि हम लगभग 20 वर्षों से स्कूलों मे मध्यान्ह भोजन का कार्य कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में भी सेंट्रल किचन संचालित किये जा रहे हैं, इस कारण से हमारी रोटी रोजी छिन जाएगी। गुढ़ विधायक ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर आश्वासन दिया है कि इस पर कुछ ना कुछ कार्यवाही होगी। इसके बाद संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ महिलाएं कार्यालय कलेक्ट्रेट पहुंच कर जनसुनवाई में अपनी शिकायत दर्ज कराई और कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर द्वारा जिला पंचायत रीवा को भेज कर कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए हैं। कार्यकर्ताओं द्वारा जिला पंचायत जाकर सी ओ मुलाकात की गई। सीओ द्वारा कहा गया कि इस पत्र को मैं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भोपाल को अपने अभिमत के साथ भेज कर समस्या के निराकरण हेतु प्रयास करूंगा।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**रीवा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स प्रोसेसिएशन की मासिक बैठक को संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड में वीरेन्द्र कुमार तिवारी जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें तहसील विकासखण्ड के अध्यक्षों के अलावा जिला कार्यकारिणी के सदस्य एवं काफी संख्या में पेंशनर्स ने भाग लिया। बैठक में श्री तिवारी द्वारा बताया गया कि अभी बहुत कुछ कार्य किया जाना बाकी है, जैसे संगठन को शक्तिशाली बनाना, सदस्यता अभियान सघन रूप से चलाया जाना सभी तहसील विकासखण्डों में बैठकें आयोजित कर संगठन द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी पेंशनरों को देना, तथा पेंशनर्स साथियों से सदस्य बनाने के साथ संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित करना, इत्यादि। बैठक में रामपाल शुक्ल, नरेश द्विवेदी, राजकिशोर तिवारी, राजर्षिदेव, सिद्धिमुनि पाण्डेय, यदुवीर द्विवेदी, वंशगोपाल त्रिपाठी, रामगोपाल मिश्रा, रामउजागर तिवारी, श्रवण कुमार तिवारी, के.पी. मिश्रा, दामोदर पयासी, उमाकान्त तिवारी, इन्द्रभान साहू, हरप्रसाद वर्मा, चिंतामणि मिश्रा, रामकिशोर तिवारी, रमाकुशल तिवारी, बृजभूषण तिवारी, मो. न्याजुल्ला खांन, के.एस. श्रीवास्तव, रूपकुमार पुरवार, रामसुरेश मिश्र, वी.एन. सोधिया, अमिरुल्ला खांन, बुद्धसेन पटेल, टी.पी. साकेत, जगन्नाथ वर्मा आदि उपस्थित रहे।


## नाम परिवर्तन सूचना

मै घोषणा करता हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम शैक्षणिक दस्तावेज मे मेरा नाम DEENA PRASAD JAISWAL लिखा था। जिसे मैं बदल कर मैं अपना नया नाम DEENA NATH JAISWALकर लिया हूं कृपया अब से मुझे नये नाम DEENA NATH JAISWAL S/O HARILAL JAISWAL के नाम से जाना एवं पहचाना और संबोधित किया जाये एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाये तथा मेरे निवास का पता.VILLAGE CHITRANGI, PO. CHITRANGI Sub Distt, CHITRANGI Distt SINGRAULI (M.P.) है।



ई-टेण्डर सूचना

जनसंपर्क संचालनालय म.प्र. शासन

(क्षेत्रप्रचार प्रभाग)

टैगोर मार्ग, बाणगंगा, भोपाल म.प्र.

:: दीवार लेखन/डिजिटल वॉल पेंटिंग कार्य के लिए पैनलबद्धता हेतु न्यूनतम दर प्रस्ताव आमंत्रण ::

राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और विकास योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आऊटडोर पब्लिसिटी के लिए कार्यरत सुदृढ़ वित्तीय स्थिति, सुदीर्घ अनुभवी, प्रतिष्ठित प्रचार-प्रसार पंजीकृत एजेंसियों और फर्म्स के Empanelment के लिए www.mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। दीवार लेखन कार्य हेतु पैनलबद्धता एवं दर प्रस्ताव के लिए निविदा प्रपत्र शुल्क एवं ई.एम.डी का भुगतान केवल ऑनलाईन मोड के माध्यम से किया जायेगा।

| कार्य | आवेदन शुल्क | ई.एम.डी | टर्नओवर |
|---|---|---|---|
| दीवार लेखन/डिजिटल वॉल पेंटिंग | रूपये 2,500/- | रूपये 7,00,000/- | विगत 03 वर्ष का कुल टर्न ओवर 3.00 करोड़ रुपये (2022-23, 2023-24 एवं 2024-25) |

दर प्रस्ताव ऑनलाईन मोड के माध्यम से 05/08/2025 तक अपरान्ह 3:00 PM तक स्वीकार किये जायेंगे और 07/08/2025 को 5:00 PM को प्रोपराईटर या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोले जायेंगे। निर्धारित समय के बाद प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी दर प्रस्ताव को बिना कारण बताये स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, जनसंपर्क के पास सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में आयुक्त, जनसंपर्क का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। दर प्रस्तावों से संबंधित वाद-विवाद के मामलों में न्याय क्षेत्र जिला न्यायालय भोपाल रहेगा। विज्ञापन www.mpinfo.org और www.mptenders.gov.in वेबसाईटों पर भी उपलब्ध है। किसी भी तकनीकी समस्या के लिए टोल-फ्री नंबर 120-4001002, 1204200462 आफिस नंबर - 0755-4096293 पर संपर्क करें।

आयुक्त,
जनसंपर्क, मध्यप्रदेश

G- 15404/25



## अवश्यकता है

भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर जी हां आपके अपने शहर नागौद में आफिस कार्य हेतु, जरूरतमंद लड़कियां एवं महिलाएं 10वीं, 12वीं ग्रेजुएशन तक मान्य सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग के बाद 10,000 से 15,000 महीना कमाये

Contact No. 9329146838
8120746915

विद्यापुरिया काम्पलेक्स जवाहर नगर नागौद जिला सतना (म.प्र.)

RN. 82664 (12/7)


# मीसाबंदी सम्मान समारोहः सर्व सामाजिक संगठन ने की विमर्श बैठक

**रीवा।** आगामी 29 जुलाई को वरिष्ठ मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव के 69 वें जन्मदिवस पर कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित मीसाबंदी सम्मान समारोह कार्यक्रम के संदर्भ में सर्व सामाजिक संगठन द्वारा विमर्श बैठक का आयोजन मानस भवन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता मानस मंडल के अध्यक्ष सुभाष पांडेय ने की। विमर्श बैठक में सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख उपस्थित रहे। विमर्श बैठक में विंध्य क्षेत्र के मीसाबंदियों के सम्मान समारोह के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गयी। विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा के संदर्भ में अपने सुझाव रखे एवं कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। साथ ही सर्व सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों ने प्रबुद्ध जनों एवं आम आवाम से 29 जुलाई को दोपहर 2 बजे कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित मीसाबंदी सम्मान समारोह में शामिल होने की अपील की है।


## Office of the Municipal Corporation, Satna (M.P.)

क्र. 500 /यो.शा/न.पा.नि./2025 सतना दिनांक 09.01.2025

**//सार्वजनिक सूचना //**

मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कार्पोरेशन का पत्र क्रमांक 2965-9 दिनांक 23.06.2025 एवं कार्यालय कलेक्टर (जिला ई.गवर्नेस सोसायटी) सतना का पत्र दिनांक 04.06.2025 की समग्र ई-केवायसी की समीक्षा के अनुसार दिये गये निर्देश के क्रम में नगर पालिक निगम सतना क्षेत्रांतर्गत निवासरत समग्र पोर्टल पर पंजीकृत समस्त नागरिकों से अपील है कि समग्र पोर्टल पर अपने परिवार के सभी सदस्यों की समग्र आईडी का आधार ई.केवायसी दिनांक 15.07.2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। जिससे शासन के हितलाभ निरतंर प्राप्त होते रहे। अन्यथा की स्थिति में उपरोक्त आदेश के क्रम में समग्र पोर्टल पर दर्ज सदस्यो की ड्यूप्लीकेट समग्र आईडी के विलोपन की कार्यवाही की जावेगी जिससे शासन द्वारा प्रदाय हितलाभों से वंचित हो जावेगें।

विभागाध्यक्ष (योजना) नगर पालिक निगम सतना .म.प्र.



कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो0नि0वि0 वि0/यां0 संभाग रीवा

क्रमांक/ 4361 /कार्य/निविदा/2025-26 रीवा, दिनांक 04/07/2025
नविदा क्र0 D- 19/2025-26 रीवा, दिनांक 04/07/2025

### निविदा आमंत्रण - सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन-लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरण।

| क्र. | टेंडर आई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अनुमानित राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_435321_1 | जिला रीवा के मनगवां में स्थित एफ-टाईप क्वार्टर में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत व्यवहार न्यायाधीश श्री यश अबिद्रा कनिष्ठ खण्ड मनगवॉं में विद्युतीकरण का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 03 माह | सभी श्रेणी विद्युत ठेकेदार | 187999.00 | 2000.00 | 3760.00 |
| 2 | 2025_PWDRB_435322_1 | जिला सीधी के अन्तर्गत रेस्ट हाउस चुरहट में आंतरिक विद्युतीकरण का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 03 माह | सभी श्रेणी विद्युत ठेकेदार | 418825.00 | 2000.00 | 8377.00 |

निविदा फार्म online भुगतान कर 18/07/2025 को शाम 5:30 तक क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संसोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा केवल वेबसाइड पर अपलोड किया जायेगा।

निविदा दिनांक- 21/07/2025 को खोली जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (वि0/यॉ0)
संभाग रीवा (म0प्र0)

G- 15368/25



कार्यालय नगर परिषद डभौरा जिला-रीवा (म0प्र0)

E-mail ID- cmodabhora@mpurban.gov.in

क्रमांक/1145/ PMAY2.0/न0परि0/2025 डभौरा,दिनांक 09.07.2025

### दावा/आपत्ति सूचना

मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय,वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक-एफ/एफ. यू.डी.एच./9/0009/2025/18-2 भोपाल दिनांक 17.03.2025 एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म. प्र.भोपाल के पत्र क्रमांक/या.प्र./07/2025/3180 भोपाल दिनांक 18.03.2025 के निर्देशानुसार निकाय मे प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (B.L.C.) के तहत प्राप्त आवेदनों के जांच हेतु दल का गठन किया गया था। गठित दल द्वारा किये गये सर्वेक्षण के द्वितीय चरण में 36 हितग्राही पात्र पाये गये हैं। पात्र हितग्राहियों की सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाकर सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। सूची में अंकित पात्र हितग्राहियों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही जावेगा।

(ज्ञानेन्द्र मिश्रा)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद डभौरा
जिला (म.प्र.)



## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य का केंद्रीय मंत्री ने किया निरीक्षण, कहा- बुंदेलखंड के लिए बड़ी सौगात

**जागरण, छतरपुर**

बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। बुधवार को नौगांव रोड स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन का केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उनके साथ निरीक्षण में पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, विनय पटेरिया तथा मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य में लगी टीम के सदस्य भी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि छतरपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में मेडिकल कॉलेज एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने बताया कि यह मेडिकल कॉलेज न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि उत्तर प्रदेश से सटे जिलों के मरीजों के लिए भी वरदान साबित होगा। पहले लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों में जाना पड़ता था, लेकिन मेडिकल कॉलेज के शुरू होते ही यहां बेहतर चिकित्सा सुविधाएं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। डॉ. कुमार ने कहा कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है और अलग-अलग ब्लॉकों का निरीक्षण कर कंसल्टेंसी एजेंसी को निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह मेडिकल कॉलेज छतरपुर के विकास की रफ्तार को नई ऊंचाई देगा। उन्होंने बताया कि यह परियोजना लंबे समय से क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग रही है, जो अब जल्द ही पूरी होने जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा मेडिकल कॉलेज के लोकार्पण की योजना भी शीघ्र ही बनाई जाएगी, जिससे आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा।

## काठन-श्यामरी नदी के टापू में फंसे 5 लोगों को एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर बचाया

**छतरपुर ।** थाना बड़ामलहरा पुलिस और आपदा प्रबंधन दल ने ग्राम बराज में काठन और श्यामरी नदी के बीच बने टापू में फंसे 5 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। यह रेस्क्यू ऑपरेशन मंगलवार शाम को किया गया। बरसात के मौसम को देखते हुए छतरपुर पुलिस ने पहले से ही जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में सुरक्षा के इंतजाम किए थे। बाढ़ और आकाशीय बिजली से बचाव के लिए जन संवाद किया गया था। एडवाइजरी भी जारी की गई थी। आपदा प्रबंधन दल से समन्वय कर जरूरी तैयारियां की गई थीं। मंगलवार शाम थाना बड़ामलहरा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बराज क्षेत्र में दो नदियों के बीच बने टापू पर कुछ लोग फंसे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में पांचों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में एसडीएम बड़ामलहरा आयुष जैन, एसडीओपी रोहित अलावा, तहसीलदार आलोक जैन, थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला, प्लाटून कमांडर एसडीईआरएफ विनीत तिवारी, सहायक उप निरीक्षक मनीराम, आरक्षक अरुण, विनोद, गोविंद, कृष्णकांत, संजीव, एसडीआरएफ टीम से राकेश पाल, अमन बामनोरिया, रविंद्र यादव, विनोद बुनकर, अरुण राजपूत और परमलाल कोंदर शामिल रहे।

## बैंक, एलआईसी और मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स की एक दिवसीय हड़ताल, केंद्र सरकार की नीतियों का किया विरोध



**जागरण, छतरपुर ।** देशव्यापी आंदोलन के तहत छतरपुर जिले में भी आज विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों के कर्मचारियों ने एक दिवसीय हड़ताल की। इस हड़ताल में बैंक कर्मियों, एलआईसी कर्मचारियों, मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन इकाई छतरपुर सहित अन्य संगठनों ने भाग लिया। एलआईसी के उच्च श्रेणी सहायक पद पर कार्यरत कर्मचारी सुनील कुमार पटैरिया ने जानकारी दी कि यह हड़ताल सतना डिवीजन इंश्योरेंस सप्लाई यूनिट के आह्वान पर रखी गई है। उन्होंने कहा कि प्रमुख मांगों में एलआईसी में 100 प्रतिशत एफडीआई को वापस लेना, एलआईसी प्रीमियम पर लगने वाला जीएसटी हटाना, और संविदा एवं आउटसोर्सिंग के बजाय नियमित तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की भर्ती करना शामिल है। उनका कहना है कि विदेशी कंपनियों को एफडीआई के माध्यम से एलआईसी में प्रवेश देना देश के आर्थिक हितों के विरुद्ध है। इसी क्रम में मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन इकाई छतरपुर ने भी छत्रसाल चौराहे पर टेंट लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर यूनियन अध्यक्ष अनुभव तिवारी, सचिव ओम प्रकाश नामदेव, उपाध्यक्ष अशोक कुमार अनुरागी, सह सचिव भान सिंह यादव, कोषाध्यक्ष वैभव तिवारी, और कार्यकारिणी सदस्य महेश नामदेव, रविन्द्र नामदेव, राजेन्द्र सोनी, अतुल दुबे, अश्विनी चौरसिया, रवि पटेरिया, अंबुज सहित बड़ी संख्या में मेडिकल प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कलेक्टर के निर्देश पर बागेश्वर धाम में राजस्व एवं पुलिस विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 27 दुकानों एवं होम स्टे की अवैध बिजली काटी गई

**जागरण, छतरपुर ।** छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल के आदेशानुसार एवं एसडीएम राजनगर प्रशांत अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिसबल के सहयोग से खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा ग्राम गढ़ा में स्थित बागेश्वर धाम में 50 से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 11 प्रतिष्ठानो से 14.2 किग्रा वाले घरेलू उपयोग वाले कुल 14 गैस सिलेंडर जब्त किये जाकर प्रकरण निर्मित किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिनियम द्वारा 9 खाद्य प्रतिष्ठानों से 2 किग्रा 2 मिठाई पेड़ा, 3 किग्रा लड्डू, 3 लीटर दूध, 4 किग्रा आलू की सब्जी,1 किग्रा कचौरी का बना मसाला, 2 लीटर जलेबी के शक्कर का शीरा एवं 2 किग्रा मोतीचूर के लड्डू जो मानकों के विरुद्ध होने पर विनिष्टीकरण कराया गया। साथ ही तीन खाद्य प्रतिष्ठानों को नियम विरुद्ध कार्य करने पर शट डाउन किया गया। इसके साथ ही सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने पर एवं शासकीय भूमि पर अवैध रूप से संचालित 1 होम स्टे को सील किया गया और 6 होम स्टे पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई एवं अन्य होम स्टे जो मानक अनुरूप नहीं थे उनको हटाने की चेतावनी भी दी गई। साथ ही अवैध बिजली कनेक्शन होने पर 27 दुकानों एवं होम स्टे के बिजली कनेक्शन काटे गए। यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस दौरान एसडीओपी नवीन दुबे, तहसीलदार धीरज गौतम, खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश चौबे सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## 9 एवं 23 जुलाई को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का होगा आयोजन

**छतरपुर ।** म.प्र.विद्युत नियामक आयोग के निर्देशानुसार जिला छतरपुर के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन सटई रोड पर स्थित अधीक्षण अभियंता (सं/सं) म.प्र.पू.क्षे.वि. वि.क.लि. कार्यालय छतरपुर में बुधवार 9 जुलाई एवं 23 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा।अधीक्षण अभियंता म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि. छतरपुर ने अपील की है कि विद्युत उपभोक्ता नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर शिकायत निवारण शिविर में अपनी शिकायतों को दर्ज करवाकर शिकायतों का निराकरण करा सकते हैं।

# यूनिवर्सिटी में रात के अंधेरे में शराब कांड, जिम्मेदार अधिकारियों का अय्याशी करते वीडियो वायरल

**जागरण, छतरपुर ।** छतरपुर विश्वविद्यालय में एक शर्मनाक और गंभीर मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरलएक वीडियो ने यूनिवर्सिटी की कार्यशैली और कर्मचारियों की नैतिकता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। वीडियो में लैब टेक्नीशियन आकाश जैन को ऑफिस के अंदर रात 1 बजे शराब पीते हुए देखा गया, साथ में दो अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।यह घटना विश्वविद्यालय की गरिमा को ठेस पहुंचाती है, बल्कि शिक्षा संस्थानों की पवित्रता पर भी सवाल खड़ा करती है। सूत्रों के मुताबिक आकाश जैन के पास परीक्षा, छात्रवृत्ति, प्रयोगशाला और अन्य कई मलाईदार विभागों की ज़िम्मेदारी है। दिनभर जहां वह इन विभागों में कथित तौर पर मोटी कमाई करता है, वहीं रात में ऑफिस को शराब पार्टी का अड्डा बना देता है।

### पुराना वीडियो, लेकिन गंभीर सवाल

जो वीडियो सामने आया है वह कुछ महीने पुराना बताया जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस वीडियो को बनाने वालों पर भी अब सवाल उठ रहे हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि वीडियो बनाने वालों ने इस क्लिप को इतनी देर तक क्यों दबा कर रखा? क्या यह किसी सौदेबाज़ी या लेन-देन का हिस्सा था?

इस पूरे मामले ने विश्वविद्यालय प्रशासन, जिला प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग के सामने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। क्या अब भी ऐसे अधिकारियों पर कोई ठोस कार्यवाही होगी, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबा रह जाएगा। क्या ऐसे लोगों के हाथों में जिम्मेदारी देकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं हो रहा।

# अतिवृष्टि, बाढ़ एवं सर्पदंश से हुई जनहानि के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें : कमिश्नर

**जागरण, मंडला ।** कमिश्नर जबलपुर श्री धनंजय सिंह भदौरिया ने संभाग के सभी जिला कलेक्टर्स की वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि, बाढ़ एवं सर्पदंश से हुई जनहानि के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें। मानसून के दौरान होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए मेडिकल की टीमें गठित रखें। बैठक में राजस्व न्यायालय के प्रकरण, आरबीसी 6-4 के प्रकरणों की समीक्षा, सर्पदंश प्रकरण, लम्बित टीएल प्रकरण, मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025, ई-ऑफिस, आरसीएमएस के प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, सीपी ग्राम, सीएम हेल्पलाइन, विभागीय जांच, अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण, मानक खाद-बीज एवं गुणवत्ता नियंत्रण, कृषि उत्पादन आयुक्त की बैठक की तैयारी, एसटीएससी छात्रवृत्ति, अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण प्रकरण, सीएम मानिट/ सीएस मानिट प्रकरणों के निराकरण, समग्र ई-केवायसी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा लेबर बजट सहित अन्य विषयों पर जिलावार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। कमिश्नर श्री भदौरिया ने विभागीय समीक्षा करते हुए कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, शिक्षा विभाग के प्रासंगिक विषयों पर जिलों की प्रगति की जानकारी लेते हुए विस्तार से चर्चा की। मण्डला एनआईसी कक्ष से समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री अरविंद सिंह, श्री जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर, एसी ट्रायबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।




# कच्ची सड़क से आवागमन हुआ मुश्किल, नारकीय जीवन जीने मजबूर ग्रामीण

**जागरण, डिंडोरी ।** डिंडौरी जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मानिकपुर के पोषक गांव लालपुर से सटे चरखुटिया नामक टोला में निवासरत चार परिवार के लोग इन दिनों नारकीय जीवन जीने मजबूर हैं दरअसल इनके घरों से पक्के मार्ग तक आने जाने के लिए एक सुविधाजनक मार्ग नहीं हैं वर्तमान में यह लोग खेत की मेढ़ या पगडंडी के कीचड़ भरें रास्ते से आवागमन करने मजबूर हैं, यहां के लोगों का कहना हैं कि पक्के सड़क की मांग के लिए हमने छोटे प्रतिनिधि से लेकर बड़े बड़े जनप्रतिनिधियों से मांग किया हैं लेकिन आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया नतीजतन कच्चे और फिसलन वाले मार्ग से आना जाना उनका मुकद्दर बन गया हैं। टोला वासियों ने सोमवार को नईदुनिया से बातचीत करते हुए बताया कि उनके द्वारा बीते वर्षों से लगातार प्रयास किया जा रहा कि कम से कम सुविधाजनक मार्ग यहां बना दिया जाएं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं अंततः इन्होंने जिला प्रशासन से निवेदन और आग्रह करते हुए मांग किया हैं कि उनकी इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान दिया जाए और जो सड़क निर्माण के लिए सरहद की सरकारी जमीन पर वर्षों से कब्जाधारी हैं उन्हें हटा दिया जाएं तो पर्याप्त सरकारी जमीन मिल भी जाएगा और आसानी से निर्माण कार्य भी हो जाएगा।



**जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान :** ग्रामीणों का कहना है कि इस कच्चे मार्ग में जो अड़ंगा हैं उसे दूर करने के लिए हमने स्थानीय तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से अनेकों बार कहा है लेकिन कोई नहीं सुनता पूर्व के माह में यहां राजस्व विभाग की टीम ने सरहद की जमीन नाप कर गई उस समय लग कि शायद अब यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरा होगा लेकिन उसके बाद इस संबंध में क्या कार्रवाई किया गया और यह अभियान क्यूं बंद हो गया इसका जवाब किसी के पास नहीं।

### इनका कहना हैं

यहां सड़क निर्माण के लिए पंचायत द्वारा ग्रेवल सड़क की मांग किए हैं लेकिन अभी प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिल पाई हैं जैसे ही स्वीकृति मिलेगा तत्काल काम शुरू करा दिया जाएगा।

**सरपंच सरस्वती मरकाम, ग्राम पंचायत मानिकपुर**

# सरपंच पर गंभीर आरोप, पीड़ित भाई-बहन बोले जमीन छीन ली, समाज से बाहर करवा दिया



**जागरण, मंडला ।** मण्डला जिले के विकास खंड बीजाडांडी ग्राम पंचायत लालपुर के सरपंच कल्लू आर्मो व साथियों पर यहां के पोषक ग्राम खाम्ही के निवासी शारदा एवं ज्योति उइके दोनों भाई ङ्क बहन द्वारा उनके परिवार को समाज बष्हिकृत कराने का आरोप लगाया गया है। और बताया गया कि उनके पिता ओमकार उइके को वन विभाग से मिली भूमि कक्ष क्रमांक ङ्क 566 पर दूसरे का कब्जा करा दिया गया है, जिसकी शिकायत पिछले दिनों दोनों भाई ङ्क बहन द्वारा कलेक्टर एवं एसपी कार्यालय में की गई है। शिकायत पत्र पर उल्लेख किया गया है कि पिता की जमीन पर सरपंच द्वारा 25 लाख रूपये की लागत से शासकीय तालाब निर्माण कराया जा रहा था। तब विरोध व शिकायत करने पर तालाब निर्माण का कार्य रोका गया तभी से सरपंच एवं उनके समर्थक पीड़ित परिवार से दुर्भावना रखते हुए नाराज चल रहे हैं। और तालाब निर्माण का कार्य उक्त भूमि के पास दूसरे स्थान पर कराया जा रहा था। इस दौरान पीड़ित परिवार की जमीन में गेहूं एवं सब्जियों की फसल को मवेशियों से चरवा दिया गया साथ ही निर्माण कार्य के मटेरियल सप्लायर बीजाडांडी निवासी कमलेश यादव द्वारा भी फसल के ऊपर से परिवाहन किया गया जिससे फसल चौपट हो गई। जब इसका विरोध किया गया तब उस समय कहा गया था कि तालाब निर्माण के बाद क्षतिपूर्ति राशि दे दी जायेगी। जब राशि मांगी गई तो कह दिया गया, जो लगे सो कर लो अब कुछ नहीं मिलने वाला और ऊपर से गुस्साएं सरपंच एवं उनके साथियों द्वारा उपजाऊ सिंचित भूमि पर दूसरे व्यंक्ति सोमरतन नरेती का कब्जा करवाते हुए पीड़ितो को समाज से बष्हिकृत कर दिया गया है। सरपंच की हिटलरशाही हुकूमत से त्रस्त पीड़ित परिवार न्याय पाने यहां ङ्क वहां भटक रहा है। इस मामले में सामाजिक नेताओं को भी आगे आकर पीड़ितों की मदद करना चाहिए ।

## बरसात में होने वाली संक्रामक बीमारी से बचाव

**जागरण, मंडला ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने जन समुदाय के लिए एडवाजरी जारी की है कि बरसात के समय में जल जनित बीमारी होने की सम्भावना हो सकती है। बरसात में अक्सर उल्टी-दस्त, आव, पेचिस, पेटदर्द, डायरिया पीलिया, टायफाइड, बुखार, मलेरिया बीमारियाँ होती है। बीमारी से बचने के लिए सावधान रहें। इसके उपाय करें एवं स्वस्थ रहें। संक्रामक बीमारी से बचने के लिए ताजा भोजन का सेवन करें, शुद्ध पानी पियें (उबला पानी, आरो का पानी, फिल्टर, हैण्ड पम्प का पानी पियें एवं छानकर) कुएं, नदी, नाला, पोखर, झील का पानी न पियें, पानी क्लोरीनेशन करके पानी पियें। सड़ीगली सब्जी, फल, बासा खाना न खायें, मांस का बरसात के दिनों में सेवन न करें, व्यक्तिगत स्वच्छता अपनायें, खाद्य पदार्थ को छूने से पहले साबुन से अच्छी तरह हाथ धोयें, संक्रमित चीजों के छूने के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोयें, भोजन करने से पहले या शौच के बाद हाथों को अच्छी तरह धोयें और स्वच्छ शौचालय का उपयोग करें। डॉक्टर के परामर्श से उल्टी-दस्त के लिए टेबलेट फ्यूराजोलाडिन, मेट्रोजिन, डायक्लोमिन, मेट्रोक्लोरापामाइड, जिंक, ओआरएस का घोल, खीरा, दही, शिकंजी, चावल का पानी (माड) तथा तरल पदार्थ का अधिक मात्रा में सेवन करें। दस्त से संबंधित संक्रामक बीमारी होने पर नजदीकी अस्पताल जायें, ग्राम स्तर में आशा कार्यकर्ता डीपो होल्डर के माध्यम से जीवन रक्षक दवाईयां प्राप्त करें। बरसात के दिनों में वेक्टर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फायलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी होती है। गंदा पानी, नाली गड्ढों में पानी एकत्रित होने से मच्छर के लार्वा से अंडे पनपते हैं। मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। जिसमें तेज बुखार, सिरदर्द, हाथ-पैरों में ऐठन व उल्टी होती है। डेंगू का लार्वा साफ पानी में पैदा होता है जैसे कूलर, टूटे हुए टायर, टंकी में एडीज मच्छर के लार्वा पनपते हैं। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। इसका वायरस सीधे हड्डी पर अटैक करता है, जिसके कारण असहनीय दर्द होता है। शरीर में चकत्ते के साथ तेज बुखार होता है। मलेरिया, डेंगू, चिकिनगुनिया, फायलेरिया से बचने हेतु घर के आसपास सफाई रखें। पानी इकट्ठा न होने देवें, गड्ढों को भरें, टायर, कबाड़ समान ढक्कर रखें, इनमें पानी इकट्ठा न होने दें। कूलर व टंकी के पानी को एक सप्ताह में खाली करें। नीम का धुआं करें, शाम के समय खिड़की, दरवाजा बंद रखें, रात्रि में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी अस्तीन के कपड़े पहनें, मच्छर से बचाव के साधन जैसे- क्रीम, क्वाइल रिपेलेन्ट इत्यादि का उपयोग करें। बुखार आने पर नजदीकी अस्पताल जाकर खून की जांच करायें एवं ग्रामीण क्षेत्र में आशा कार्यकर्ता के पास जाकर खून की जांच करायें और दवायें प्राप्त करें। शुद्ध पेयजल की कमी एक आम समस्या है, बारिश में यह समस्या बढ़ जाती है।

# बरेंडा के पीड़ितों को 50 लाख मुआवजा और काबिज भूमि का पट्टा दे सरकार : डॉ.हीरालाल अलावा

**जागरण, डिंडोरी ।** विगत दिनों करंजिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत बरेंडा गांव में सदियों से वन भूमि पर काबिज 40 बैगा आदिवासी परिवारों को अवैध घोषित करते हुए भरे बरसात अतिक्रमण हटाने के नाम पर उनके घरों पर बुलडोजर चलाकर उजाड़ दिया गया था। वन विभाग ने 122 हेक्टेयर वन भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने का दावा किया था।आदिवासियों को उजाड़ने के विरोध में विकास खंड मुख्यालय करंजिया में जयस संगठन के आह्वान पर सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले महा आंदोलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबा साहब अम्बेडकर, बिरसा मुंडा, का तिलक वंदन कर किया गया। महा आंदोलन में प्रदेश के कई सामाजिक संगठनों के मुखिया मौजूद रहे।सभा को संबोधित करते हुए संगीता मरावी ने कहा कि आजादी और संविधान लागू होने से पहले ही आदिवासी जल जंगल में निवासरत है, लेकिन स्वतंत्र भारत में अमानवीय तरीके से आदिवासियों को उजाड़ा जा रहा है। रामनारायण कुरारिया, आदिवासी अधिकार मंच ने संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों को बांधो के नाम पर, अभ्यारण के नाम पर तो कभी प्रोजेक्ट के नाम पर उजाड़ने का काम किया जा रहा है, सरकार पशुओं को बसाने के नाम आदिवासियों को विस्थापित करती हैं क्या आदिवासियों की हैसियत जानवरों से भी कम है।



मनावर विधायक डाक्टर हीरालाल अलावा ने संबोधित करते हुए कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2005 के अनुसार जो भी व्यक्ति 13 दिसंबर 2005 तक जिस भूमि पर काबिज है उन्हें पट्टा देने का प्रावधान है, लेकिन मध्यप्रदेश के अनेकों स्थानों पर नियम विरुद्ध तरीके से भाजपा सरकार द्वारा आदिवासियों के घरों पर बुलडोजर चला कर उजाड़ने का काम किया जा रहा है, हीरा अलावा ने कहा कि ये आंदोलन तो सिर्फ टेलर है पिक्चर अभी बाकी हैं। जिला प्रशासन पीड़ितों को काबिज भूमि का पट्टा दें और मध्यप्रदेश शासन प्रत्येक परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजे राशि प्रदान करे, यदि इनके साथ न्याय नहीं किया गया तो पूरे भारत के आदिवासी करंजिया में आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

### रैली निकाली, थाना परिसर में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

सभा के उपरांत रैली निकाल कर थाना परिसर पहुंच कर एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें बताया गया कि 23 जून 2025 को वन विभाग द्वारा दर्जनों आदिवासी परिवारों के घरों को तोड़ दिया गया और पीढ़ियों से बसे परिवारों को बेदखल कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई जब उन्होंने वर्ष 2006, 2008, 2010, 2011 और 2012 में वनाधिकार कानून 2006 के तहत दावे प्रस्तुत कर रखे हैं। बावजूद इसके उनके दावों का निस्तारण किए बिना ही उन्हें जबरन उजाड़ दिया गया।ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के मौसम में घर टूटने से महिलाएँ, बच्चे, बीमार और बुजुर्ग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। इससे न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है, बल्कि संविधान की 5वीं अनुसूची, पेसा कानून 1996 और वनाधिकार कानून 2006 की भी अवहेलना हुई है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्यक्रम में जयस के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ हीरा लाल अलावा , इंद्रपाल मरकाम जयस प्रदेश अध्यक्ष,डॉ अशोक मास्कोले , प्रदेश प्रभारी शीतल टेकाम जी, वीरेंद्र टेकाम, संभागीय अध्यक्ष रीवा रामकृष्ण कोल, डॉ रोहित सिंह मरावी, रवि कोल जिला अध्यक्ष मैहर, रवि बैगा जिला अध्यक्ष अनूपपुर, मनीष वरकड़े जिला अध्यक्ष शहडोल, मनीष वरकड़े जिला अध्यक्ष उमरिया, राहुल वरकड़े जिला मंडला, नागेंद्र धुर्वे जिला अध्यक्ष डिंडोरी,दीपक मसराम, अभिलाष श्याम, अर्चना सिंह मार्को, अजीत पट्टा, राजकुमार नेटी, दीपचंद पुषम, महेंद्र परस्ते, अमर सिंह परस्ते, राम नारायण कोररिया, मनीष सारथियां, दिगम्बर पट्टा, आदि जयस के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## अपने आंतरिक ढांचे को और सुदृढ़ करे ब्रिक्स

ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस समूह के महत्व समेत कई अहम मसलों पर चर्चा की गई, जिनमें से एक प्रमुख मुद्दा आतंकवाद का था। इस मौके पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अनुपस्थित रहे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी सम्मेलन में आभासी माध्यम से ही शामिल हुए। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सम्मेलन में मौजूदगी को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। पश्चिम एशिया से लेकर यूरोप तक आज दुनिया विवादों और संघर्षों से जूझ रही है, ब्रिक्स जैसे समूहों की प्रासंगिकता और भी अहम हो जाती है। मगर, वैश्विक मंच पर गंभीरता से लिए जाने के लिए ब्रिक्स को पहले अपने आंतरिक ढांचे और प्रणालियों को सुदृढ़ करना होगा। सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया और कहा कि आतंक के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता। आतंकियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में किसी भी देश को हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी को न केवल पाकिस्तान, बल्कि चीन के लिए भी एक नसीहत के रूप में देखा जा रहा है। पाकिस्तान जहां आतंकवाद को खाद-पानी देता है, वहीं चीन ने हाल के वर्षों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कई पाकिस्तानी आतंकियों को सूचीबद्ध करने के प्रयासों को अवरुद्ध किया है। इससे इन दोनों देशों की कथनी और करनी में अंतर साफ नजर आता है। ब्रिक्स हाल के वर्षों में एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है। इसमें भारत, चीन व रूस समेत दुनिया की ग्यारह प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देश शामिल हैं। जिनपिंग के सत्ता संभालने के बाद यह पहली बार है कि वे इस सम्मेलन से दूर रहे। वह भी तब, जब वे ब्रिक्स समूह को अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी गुट के खिलाफ एक आर्थिक विकल्प के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहे हैं। इसका एक कारण यह भी माना जा रहा है कि चीन, अमेरिका के साथ व्यापार संघर्ष के कारण घरेलू आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और जिनपिंग इन दिनों घरेलू अर्थव्यवस्था को दिशा देने में उलझे हुए हैं। बहरहाल, ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद के अलावा, मानवीय मूल्यों पर आधारित कृत्रिम मेधा, अमेरिकी शुल्क, मानवता के विकास के लिए शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण के मसले पर भी चर्चा हुई।

> ब्रिक्स देश एक 'बहुध्रुवीय विश्व' के लिए जोर दे रहे हैं, जहां शक्ति अधिक बंटी हुई हो। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ब्रिक्स सम्मेलन से अनुपस्थित रहना चौंकाने वाला है।

इसमें दोराय नहीं कि ब्रिक्स देशों को अपनी साझा चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट होकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। ऐसे समय में दुनिया विवादों और संघर्षों से जूझ रही है, ब्रिक्स जैसे समूहों की प्रासंगिकता और भी अहम हो जाती है। मगर, वैश्विक मंच पर गंभीरता से लिए जाने के लिए ब्रिक्स को पहले अपने आंतरिक ढांचे और प्रणालियों को सुदृढ़ करना होगा। साथ ही ब्रिक्स देशों को एकजुट होकर उन प्रयासों का पुरजोर समर्थन करना होगा, जो दुनिया को आतंकवाद से दूर और संवाद, सहयोग व समन्वय की ओर ले जाए।

# ओबीसी समूह में आनुपातिक प्रतिनिधित्व अत्यावश्यक

जाति वर्गीकरण

गोविंद निषाद

अधिकांश पिछड़ी जातियों के खिलाफ भेदभाव केवल उच्च जातियों द्वारा ही नहीं किया जाता है, बल्कि प्रभुत्वशाली ओबीसी जातियों द्वारा भी किया जाता है। ओबीसी की प्रथम स्तरीय जातियों में कुछ जातियां दबंग स्वभाव की हैं। ये जातियां ओबीसी की अन्य जातियों पर सामंतवादी व्यवहार करती पाई जाती हैं। हाल के वर्षों में अन्य पिछड़ा वर्ग की समरूपता के इर्द-गिर्द बहस राजनीतिक और शैक्षणिक दोनों क्षेत्रों में बढ़ी है। इस बहस के दो दृष्टिकोण हैं एक का मानना है कि ओबीसी एक सजातीय समूह है। वहीं– दूसरा पक्ष इसका तार्किक खंडन करते हुए मानता है कि ओबीसी एक विजातीय समूह है जिसमें विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्तरों वाली हजारों जातियां शामिल हैं। ओबीसी के भीतर आंतरिक स्तरीकरण की जांच आयोगों, जाति-आधारित असमानताओं और प्रतिनिधित्व और न्याय के बारे में चल रही बहसों का विश्लेषण करके ओबीसी एकता की संभावनाओं और सीमाओं को समझने का प्रयास करना जरूरी है। स्वतंत्रता के बाद के शुरुआती दौर में स्थापित काका कालेलकर आयोग पिछड़ेपन की पहचान करने वाले शुरुआती आयोगों में से एक था। बाद में 1971 में बिहार में गठित मुंगेरीलाल आयोग और 1975 में उत्तर प्रदेश में गठित छेदीलाल साथी आयोग ने माना कि ओबीसी एक विजातीय समूह हैं जिसमें दो और तीन स्तरों पर जातियां विद्यमान हैं। मुंगेरीलाल आयोग ने सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक स्थिति के आधार पर ओबीसी को दो भागों में विभाजित किया पिछड़ी जातियां और अति पिछड़ी जातियां। छेदीलाल साथी आयोग ने आगे बढ़कर उन्हें तीन समूहों में विभाजित किया उच्च पिछड़ा, अति पिछड़ा और अत्यंत पिछड़ा वर्ग। ओबीसी की कई जातियां अंग्रेजी शासन में बनाए गए कानून आपराधिक जनजाति अधिनियम में शामिल रही हैं जिसके कारण उनके साथ एक अलग तरह की समस्याएं हैं– जिसे संबोधित किया जाना अभी बाकी है। प्रमुख जातियां अक्सर अपने अधिक प्रतिनिधित्व को सही ठहराने के लिए मेरिट के तर्क का उपयोग करती हैं, जो उच्च-जाति के तर्क के समान है। यह कहना समस्याग्रस्त है क्योंकि योग्यता संसाधनों और अवसरों तक पहुंच से आकार लेती है–जो इन प्रमुख ओबीसी जातियों के पास पहले से ही हैं। आरक्षण की अवधारणा योग्यता पर आधारित नहीं है, बल्कि समान अवसर सुनिश्चित करने पर आधारित है। उच्च पिछड़ी जातियों का ज्यादा प्रतिनिधित्व एक तथ्य है। इसे बार-बार भाजपा और आरएसएस ने फैलाया झूठ बोलना सही नहीं है। हां यह सही है कि भाजपा ने इसका अपने पक्ष में इस्तेमाल किया है। वह चाहती है कि अति पिछड़ी जातियां–उच्च जातियों के ज्यादा प्रतिनिधित्व पर सवाल खड़े करे लेकिन उच्च पिछड़ी जातियों के ज्यादा प्रतिनिधित्व पर सवाल न करें। यह रवैया ठीक नहीं है। सवाल दोनों तरफ से एक साथ होना चाहिए असली सवाल यह है कि आरक्षण तक समान पहुंच कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। यदि वही प्रभावशाली समूह लाभों पर एकाधिकार करना जारी रखते हैं, तो वर्गीकरण और आनुपातिक प्रतिनिधित्व के बिना सामाजिक न्याय अधूरा रह जाएगा। उच्च पिछड़ी जातियां ओबीसी के अनुपातिक प्रतिनिधित्व के लिए आरक्षण कोटा बढ़ाने का तर्क देती हैं। यह सतही तौर पर सही लगता है, लेकिन चिंता यह है कि क्या इस तरह के कदम से वास्तव में सभी ओबीसी को समान रूप से लाभ होगा। उदाहरण के लिए, यदि 27 प्रतिशत आरक्षण में पहले से ही प्रमुख पिछड़ी जातियों का प्रतिनिधित्व 20 प्रतिशत है तो 50 प्रतिशत आरक्षण में उनकी हिस्सेदारी 40प्रतिशत तक भी हो सकती है। बिहार जैसे कई राज्यों ने ओबीसी के भीतर वर्गीकरण लागू किया है। उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार को इसी तरह के उपायों पर विचार करने की आवश्यकता है। केवल आरक्षण को समान रूप से पुनर्वितरित करके ही सामाजिक न्याय के लक्ष्यों को पूरा किया जा सकता है। अधिकांश पिछड़ी जातियों के खिलाफ भेदभाव केवल उच्च जातियों द्वारा ही नहीं किया जाता है, बल्कि प्रभुत्वशाली ओबीसी जातियों द्वारा भी किया जाता है। ओबीसी की प्रथम स्तरीय जातियों में कुछ जातियां दबंग स्वभाव की हैं। यह जातियां ओबीसी की अन्य जातियों पर सामंतवादी व्यवहार करती पाई जाती हैं। यहां तक कि ओबीसी के बीच सांस्कृतिक विविधताएं भी उनकी विजातीय स्थिति को दर्शाती है। कुछ जातियां शाकाहारी और कुछ मांसाहारी हैं। कारीगर और नदी किनारे के समुदायों के पारंपरिक व्यवसाय नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों के कारण विलुप्त होने के करीब हैं, जबकि प्रमुख ओबीसी जातियों की आजीविका सुरक्षित है। इसलिए ओबीसी एकता इस विविधता को नजरअंदाज नहीं कर सकती। यह सवाल होना चाहिए कि क्या आंतरिक उत्पीड़न मौजूद होते हुए एक सुसंगत राजनीतिक पहचान बनाई जा सकती है? ओबीसी एकता का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि भविष्य में कौन और कैसे नेतृत्व करता है। यदि वही प्रमुख जातियां नेतृत्व के पदों पर बनी रहती हैं, तो यह सह एकता संभव नहीं होगी। आनुपातिक प्रतिनिधित्व, समावेशी भागीदारी और असहमति की आवाजों के लिए जगह एक न्यायपूर्ण ओबीसी एकता के निर्माण के लिए आवश्यक है। दलित अस्पृश्यता के आधार पर एकजुट हो सकते हैं लेकिन ओबीसी के पास एक एकीकृत एकता के आधार का अभाव है। ओबीसी जातियों के बीच आंतरिक विभाजन, प्रतिद्वंद्विता और पारस्परिक शोषण एकता को और भी जटिल बना देते हैं। उनके कुछ मुद्दों पर एकजुटता की संभावना है–ओबीसी आरक्षण पर हमले, आरक्षण नीतियों का अनुचित क्रियान्वयन और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता। हालांकि, एकजुटता तभी वास्तविक होगी जब प्रमुख जातियां यह स्वीकार करेंगी कि ओबीसी के बीच आरक्षण को उचित तरीके से लागू नहीं किया गया है। अन्यथा–ओबीसी एकता एक प्रतीक बनकर ही रह जाएगी। ओबीसी एकता के लिए प्रतिनिधित्व के न्यायपूर्ण की ओर बढ़ना ही होगा। ओबीसी एकता या पीडीए राजनीति तभी सफल हो सकती है जब वह आंतरिक असमानताओं को पहचाने और उन्हें ठीक करने के लिए काम करे। वहां प्रभावशाली जातियों की बजाय अति पिछड़ी जातियों की आवाज़ों के लिए जगह स्थान देना होगा। आज भी मुंगेरीलाल और छेदीलाल साथी आयोगों पर गहन विद्वत्तापूर्ण कार्य का अभाव है। ये रिपोर्ट अंतर-ओबीसी असमानता को संबोधित करने के लिए आवश्यक हैं और इनका गंभीरता से अध्ययन किया जाना चाहिए। बी पी। मंडल के नायकत्व पर बात करते समय अन्य हस्तियों को नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने आंतरिक वर्गीकरण के लिए आधार तैयार किया। ओबीसी नायकों की निर्मिति में इन सवालों को ध्यान रखना होगा नहीं तो फिर एक नायक निर्मिति में अन्य नायक नेपथ्य में रह जायेंगे। इन मूलभूत मुद्दों को संबोधित किए बिना पीडीए या ओबीसी एकता की कोई भी राजनीति सतही होगी। यह केवल प्रभुत्वशाली जातियों को लाभ पहुंचाएगी–जबकि अधिकांश जातियां हाशिए पर पड़ी रहेंगी।




> मंडल आयोग द्वारा आंतरिक वर्गीकरण के बिना ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के कारण अधिकांश लाभ कुछ प्रमुख ओबीसी जातियों को मिले। राजनीतिक पूंजी और राजनीतिक दृश्यता में कमी के कारण अन्य समूह पिछड़ते गए। रोहिणी कमीशन की अनुशंसाओं से महत्वपूर्ण बात उभरकर सामने आई कि देश की सरकारी नौकरियों में उच्च पिछड़ी जातियों का प्रतिनिधित्व उनकी जनसंख्या के अनुपात से ज्यादा है।

# गंभीर समस्या बन रहे हैं शहरों में बाढ़ जैसे हालात

अधोसंरचना

रजनीश आनंद

देश के वे शहर, जो कि हमारी प्रगति के प्रतिमान हुआ करते हैं, मौसम की बरसात की शुरुआत में ही दरिया बन गये और जो समाज कुछ दिनों पहले तक भी पानी की एक-एक बूंद के लिए त्राहि-त्राहि कर रहा था, वह बरसात शुरू होते ही अपने गली-मोहल्लों में गर्दन तक पानी में डूब गया। यह किसी एक शहर की कहानी नहीं है। दिल्ली हो या खुर्जा, पलवल हो या चंडीगढ़, नागपुर हो या भोपाल, कानपुर हो या पटना, बंगलुरु हो या हैदराबाद या चेन्नई, जो चौड़ी सड़कें या फ्लाईओवर यातायात को फर्राटे से निकालने के लिए बने हैं, बारिश में वहां मीलों तक वाहनों का जाम हो जाता है। यह रोग अब महानगरों में ही नहीं, जिला स्तर के नगरों में भी आम है. चूंकि अब हमारा देश शहरीकरण की ओर अग्रसर है, ऐसे में जल्द ही जलभराव गंभीर समस्या का रूप ले लेगा। पिछले साल बजट सत्र के आखिरी दिनों में यह बात संसद में स्वीकार की गयी थी कि केंद्र सरकार बारिश के पानी की निकासी के लिए शहरों पर बीते 10 वर्षों में 25 हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। इसके बावजूद हर बारिश में शहरों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। देश के वे सौ शहर, जिन्हें स्मार्ट सिटी घोषित कर दिया गया, पहले से अधिक डूब रहे हैं। शहरीकरण आधुनिकता की हकीकत है और पलायन इसका मूल, लेकिन नियोजित शहरीकरण ही विकास का पैमाना है। गांवों का कस्बा बनने, कस्बों का शहर बनने और शहर का महानगर बनने की प्रक्रिया तेज हुई है। हर स्तर पर शहरीकरण की एक ही गति-मति रही, पहले आबादी बढ़ी, फिर खेत में अनधिकृत कॉलोनी काट कर या किसी सार्वजनिक पार्क या पहाड़ पर कब्जा कर अधकच्चे, उजड़े से मकान खड़े हुए। कई दशकों तक न तो नालियां बनीं, न सड़क और धीरे-धीरे इलाका 'अर्बन-स्लम' में बदल गया। गौर करने लायक बात यह भी है कि साल में ज्यादा से ज्यादा 25 दिन बरसात के कारण बेहाल हो जाने वाले ये शहरी क्षेत्र पूरे साल में आठ से दस महीने पानी के लिए तरसते हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना का एक शोध बताता कि नदियों के किनारे बसे लगभग सभी शहर अब थोड़ी-सी बरसात में ही दम तोड़ देते हैं। दिक्कत बाढ़ की ही नहीं है, शहरों की मिट्टी में पानी सोखने की क्षमता अच्छी नहीं होती। शहरों की गलियों में भी अब सीमेंट पोत कर आरसीसी सड़कें बनाने का चलन बढ़ा है और औसतन बीस फीसदी जगह ही कच्ची बची है। सो पानी सोखने की प्रक्रिया नदी-तट के करीब की जमीन में तेजी से होती है। शहरों में बाढ़ का सबसे बड़ा कारण तो प्राकृतिक नदी-नालों, तालाब-जोहड़ों और उन तक पानी लाने वाले मार्ग पर अवैध कब्जे, भूमिगत सीवरों की ठीक से सफाई न होना है, लेकिन इससे बड़ा कारण है हर शहर में हर दिन बढ़ते कूड़े का ढेर व उसके निबटान की माकूल व्यवस्था न होना। बरसात में यही कूड़ा पानी को नाली तक जाने से रोकता है या सीवर का मुंह बंद करता है। महानगरों में भूमिगत सीवर जलभराव का सबसे बड़ा कारण हैं। जब हम भूमिगत सीवर के संस्कार नहीं सीख पा रहे, तो खुले नालों से अपना काम क्यों नहीं चला पा रहे हैं? एक बात और, बंगलुरु या हैदराबाद या दिल्ली में जिन इलाकों में पानी भरता है, यदि वहां की कुछ दशक पुरानी जमीनी संरचना का रिकॉर्ड उठा कर देखें, तो पायेंगे कि वहां पर कभी कोई तालाब, जोहड़ या प्राकृतिक नाला था। अब पानी के प्राकृतिक बहाव के स्थान पर सड़क या कॉलोनी बनी है, तो पानी भी तो धरती पर अपने हक की जमीन चाहता है। मुंबई में मीठी नदी के उथले होने और पचास साल पुरानी सीवर व्यवस्था के जर्जर होने के कारण बाढ़ के हालात बनना सरकारें स्वीकार करती रही हैं। बंगलुरु में पारंपरिक तालाबों के मूल स्वरूप में अवांछित छेड़छाड़ को बाढ़ का कारक माना जाता है। शहरों में बाढ़ रोकने के लिए वहां के पारंपरिक जलस्रोतों में पानी की आवक और निकासी के पुराने रास्तों में बन गये स्थायी निर्माणों को हटाना होगा। यदि किसी पहाड़ी से पानी नीचे बह कर आ रहा है, तो उसका संग्रहण किसी तालाब में ही होगा। लेकिन ऐसे जोहड़-तालाब कंकरीट की नदियों में खो गये हैं। परिणामतः थोड़ी-सी बारिश में पानी बहने को बहकने लगता है। महानगरों में बाढ़ का मतलब है परिवहन और लोगों का आवागमन ठप होना। जाम से ईंधन की बर्बादी, प्रदूषण स्तर में वृद्धि और मानवीय स्वभाव में उग्रता जैसे कई दीर्घगामी दुष्परिणाम होते हैं। जलभराव और बाढ़ मानवजन्य समस्याएं हैं और इनका निदान दूरगामी योजनाओं से संभव है। इसी सिद्धांत पर भविष्य की योजनाएं बननी चाहिए। शहरों को डूबने से बचाना है, तो कूड़ा कम करने, पॉलीथिन पर पाबंदी लगाने और सीवरों की ईमानदारी से नियमित सफाई जरूरी है। शहरों में अधिक से अधिक खाली जगह यानी कच्ची जमीन हो, ढेर सारे पेड़ हों, जलभराव वाली जगहों पर भूजल रिचार्ज के प्रयास हों, प्राकृतिक जलाशयों, नदियों को उनके मूल स्वरूप में रखा जाये तथा उनके जलग्रहण क्षेत्र में किसी किस्म का निर्माण न हो। तभी शहर बचेंगे।



> पिछले साल बजट सत्र के आखिरी दिनों में यह बात संसद में स्वीकार की गयी थी कि केंद्र सरकार बारिश के पानी की निकासी के लिए शहरों पर बीते 10 वर्षों में 25 हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। इसके बावजूद हर बारिश में शहरों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं।

प्रसंगवश

## संगठित आपराधिक गिरोहों से निपटना गंभीर चुनौती

संगठित आपराधिक गिरोहों द्वारा आम-खास लोगों को शिकार बनाये जाने की घटनाएं जब-तब सामने आती रहती हैं। हाल ही में एक पृथकतावादी संगठन के सक्रिय आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया का अमेरिका से प्रत्यर्पण इस बात की याद दिलाता है कि चरमपंथी विचारधारा का साया कितना गहरा बना हुआ है। आरोप है कि करीब चौदह ग्रेनेड हमलों को अभियुक्त ने अंजाम दिया। पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम करने वाले अभियुक्त पासिया की भारत वापसी निस्संदेह आगे की जांच में मददगार साबित होगी। इससे भारत विरोधी गतिविधियों में पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठानों के काले अध्याय फिर सामने आने की भी उम्मीद जगी है। इस प्रकरण के उजागर होने से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि कैसे देश में भारत विरोधी ताकतों द्वारा विदेशों से निशाना बनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर गैंगस्टरों द्वारा की जा रही हिंसा में खतरनाक ढंग से वृद्धि देखी जा रही है। अबोहर के व्यवसायी संजय वर्मा की दिनदहाड़े हुई हत्या और मोगा में अभिनेत्री तानिया के डॉक्टर पिता की उनके क्लीनिक में गोली मारकर की गई निर्मम हत्या ने इस बात को उजागर किया कि संगठित आपराधिक नेटवर्क कितनी आसानी से काम कर रहे हैं।

यह समाज वैज्ञानिकों के लिये भी गंभीर मंथन का विषय है कि राज्य का समाज इस गहरी अस्वस्थता का शिकार क्यों है। निश्चित रूप से समाज में आर्थिक विसंगतियां और सामाजिक विद्रूपताएं अपराध की राह खोल रही हैं। वहीं दूसरी ओर, शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी, नशे की लत, अशांत बचपन, गरीबी, विषैली राजनीति और रातों-रात अमीर बनने की लालसा कई युवाओं को अपराध की अंधी गली की ओर धकेल रही है। ऐसा भी नहीं है कि बेरोजगारी व अन्य सामाजिक विसंगतियां देश के अन्य राज्यों में नहीं हैं। सवाल ये कि हमारा शासन-प्रशासन इन अपराधों से किस तरह निबटता है। विडंबना यह भी है कि सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा में गैंगस्टरों का महिमामंडन आग में घी डालने का काम कर रहा है। निस्संदेह, अपराध का रास्ता कई युवाओं को आकर्षित करता है, लेकिन एक हकीकत यह भी है कि इस राह से गुजरने के बाद मुख्यधारा में लौटना असंभव है। अपराधी फिर कभी सामान्य जीवन नहीं जी सकता। लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन को राज्य में उन सामाजिक-आर्थिक विसंगतियों को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने की सख्त जरूरत है, जो अपराध को बढ़ावा देते हैं। उन विभागीय काली भेड़ों की भी सख्त निगरानी की जरूरत है जो अपराधियों के अपवित्र गठबंधन में मददगार होती हैं। इस बड़े संकट से निपटने के लिये एक निरंतर, व्यवस्थित व कारगर रणनीति बनाने की जरूरत है। वहीं कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत बनाने की दरकार है। इसके साथ ही शिक्षा प्रयासों का विस्तार करने, पुनर्वास और न्यायिक प्रक्रियाओं को भी तेज करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त केंद्र की एनआईए जैसी एजेंसियों के साथ तालमेल से राज्य की एजेंसियों को अपराधियों पर शिकंजा कसने में मदद मिल सकती है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अपराधियों व आतंकवादियों का गठजोड़ अब स्थानीय नहीं रह गया है। यह न केवल अंतर्राष्ट्रीय रूप ले चुका है, बल्कि आधुनिक तकनीक व हथियारों की मदद से मारक साबित हो रहा है। इससे बड़ा संकट यह भी है कि ये अपराधी वैचारिक रूप से अस्थिर हो गया है। निस्संदेह,यह एक बड़ी चुनौती है। अपराधियों से निपटने के लिये मजबूत खुफिया तंत्र और जनसहयोग कारगर सिद्ध हो सकता है।




> करीब चौदह ग्रेनेड हमलों को अंजाम देने वाले और पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम करने वाले आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया की भारत वापसी निस्संदेह आगे की जांच में मददगार साबित होगी।

॥गीता॥



श्लोक

एवमेतद्यथात्थ त्वमात्मानं परमेश्वर।
द्रष्टुमिच्छामि ते रूपमैश्वरं पुरुषोत्तम॥

भावार्थ

हे परमेश्वर! आप अपने को जैसा कहते हैं, यह ठीक ऐसा ही है, परन्तु हे पुरुषोत्तम! आपके ज्ञान, ऐश्वर्य, शक्ति, बल, वीर्य और तेज से युक्त ऐश्वर्य-रूप को मैं प्रत्यक्ष देखना चाहता हूं।

जीवन दर्शन

## दृष्टि बाहर की ओर, अपने भीतर के दोष दिखाई ही नहीं देते

हर मनुष्य का स्वभाव अलग होता है। स्वभाव शब्द में स्व का अर्थ है स्वयं और भाव का संबंध हमारी आंतरिक स्थिति से है। हमारे अंदर जितनी अधिक पवित्रता होती है, उतने ही शुद्ध भाव उत्पन्न होते हैं। यही भाव हमारे कर्मों, व्यवहार और सामाजिक आचरण को प्रभावित करते हैं। हम सभी बाहरी शुद्धता, जैसे शरीर की सफाई, सुंदर वस्त्र पहनना आदि का ध्यान तो रखते हैं, लेकिन आंतरिक शुद्धता के लिए शायद ही कोई प्रयास करते हों। मन और बुद्धि की शुद्धता का जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। यदि मन और बुद्धि अशुद्ध हैं, तो बाहरी सजावट व्यर्थ हो जाती है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में पूतना वध का प्रसंग आता है। पूतना का अर्थ है अशुद्ध। वह राक्षसी निर्दोष बच्चों की हत्या करती थी। उसने सुंदर स्त्री का रूप धारण कर गोकुल में प्रवेश किया, ठीक वैसे ही जैसे अपवित्र भाव काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर के रूप में छिपकर हमारे अंदर प्रवेश करते हैं। हमारी दृष्टि बाहर की ओर अधिक रहती है, इसलिए अपने भीतर के दोष दिखाई ही नहीं देते। हम बाहरी भोग-विलास, संग्रह और इच्छाओं में इतना उलझ जाते हैं कि असली आनंद से वंचित रह जाते हैं। थोड़ी देर के लिए भौतिक सुख हमें प्रसन्नता देता है, फिर भी मन अशांत हो जाता है। शंकराचार्य रचित सर्ववेदांत सिद्धांत सार संग्रह में बताया गया है कि वह व्यक्ति जो संयमित भोजन करता है, एकांत प्रिय है, कम बोलता है, अधिक नहीं सोता और घूमता व जीवन में मर्यादित जीवनचर्या अपनाता है, वह जल्दी ही मानसिक प्रसन्नता प्राप्त करता है। इस प्रकार की जीवनशैली से अंतःकरण की शुद्धता और चित्त की एकाग्रता प्राप्त होती है। वास्तव में हर जीव पवित्र है, क्योंकि वह उसी परमात्मा का अंश है, किंतु संसार में व्यवहार करते-करते अपवित्रता उसके अंदर प्रवेश कर लेती है। यह अपवित्रता हमें मानसिक रूप से अशांत और असंतुलित बना देती है। इसलिए आत्मनिरीक्षण, अंतर्दृष्टि और दृढ़ इच्छाशक्ति के द्वारा अपने भीतर के दोषों को पहचानना और उन्हें दूर करने का प्रयास करना आवश्यक है। यह साधना का एक मार्ग है। जब मन को शुद्ध कर लेते हैं, तब हमारा मन एकाग्र, शांत, होकर एक अत्यंत आनंद का अनुभव करता है, यह हमारे वश में रहता है। फिर इसे हम जहां लगाना चाहें और जितने समय तक लगाना चाहें, यह पूरी एकाग्रता से लग जाता है। ऐसी स्थिति में हम मन के अनुसार कार्य या व्यवहार नहीं करते बल्कि उचित और अनुचित का विवेक के साथ निर्णय लेते हैं। पर हमारा पवित्र मन हमारे अनुसार कार्य करता है और हम अपने दैनिक जीवन में एक प्रकार की संतुष्टि के आनंद का अनुभव करते हैं।

बीके शर्मा

## संक्षिप्त खबरें

### जनजातीय मूल्यों की रक्षा पेसा एक्ट से होगी : पटेल



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा पेसा एक्ट जनजातीय समाज के जीवनमूल्यों की रक्षा करने का सबसे सशक्त माध्यम है। इन्हें धरातल पर उतारने के लिए प्रशिक्षु अधिकारियों को अपनी पूरे समर्पण के साथ दायित्वों का निर्वाहन करना होगा। मंत्री पटेल मंगलवार को वाल्मी में पेसा कानून पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पेसा कानून के क्रियान्वयन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ ही जनजाति कार्य विभाग की भी बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि नवीन नियुक्त जनपद सीईओ की प्रथम पोस्टिंग ट्राइबल ब्लॉक में की जा रही है । ट्राइबल ब्लॉको में पेसा मोबिलाइजरो के साथ कार्य कर प्रशिक्षु अधिकारियों को जमीनी स्तर पर पेसा कानून के क्रियान्वयन की जानकारी मिलेगी। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि शासकीय सेवा को व्यक्तिगत लाभ न मानते हुए, समाज और संस्था की प्रतिष्ठा का माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए प्रदेश के विभिन्न पंचायत में 1400 से अधिक नवीन ग्राम पंचायत भवन स्वीकृत कराए गए। मंत्री पटेल ने जल गंगा अभियान और एक बगिया माँ के नाम अभियान के बारे में जानकारी साझा की।

### निरंतर सीखने के प्रयास के साथ निभाया दायित्व

**विसं भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि निरंतर सीखने और सेवा भाव के



साथ कार्य करने का प्रयास विगत चार वर्षों में किया है। आगे भी इसी भाव और लक्ष्य के साथ कार्य करेंगे। राज्यपाल पटेल ने यह बात राजभवन में अपने चार वर्षों के कार्यकाल की पूर्णता पर आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अपने सामर्थ्य अनुसार राष्ट्र की चुनौतियों को दूर करने के प्रयासों में ही जीवन की सार्थकता है। समाज में व्याप्त गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता आदि की चुनौतियों को दूर करने के लिए अधिक से अधिक योगदान का प्रयास प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता, अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, सचिव जनजातीय प्रकोष्ठ श्रीमती जमुना भिड़े सहित राजभवन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। राज्यपाल ने कार्यक्रम में राजभवन पचमढ़ी पुस्तक लोकार्पित की। जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार लघु फिल्म संकल्प सिद्ध कर्म सिद्ध राज्यपाल मंगुभाई पटेल का प्रदर्शन भी किया गया।

### क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नए भवन का लोकार्पण

**विसं भोपाल।** मंगलवार को अरेरा हिल्स स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई तकनीकियों के साथ पारदर्शिता पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं यह उसी का उदाहरण है। सारंग ने कहा कि कार्यालय भवन में पूरी क्षमता के साथ हर एक टेक्नॉजोजी को आत्मसात किया है। मध्यप्रदेश और देश के हर एक नागरिक को इस कार्यालय की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कार्यालय भवन की अवधारणा को सराहा। भवन में हर सुविधा का ध्यान रखते हुए निर्माण किया गया है, जो लोगों को कम समय में अधिक लाभ प्रदान करेंगी। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि कार्यालय भवन में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं इससे आसानी से समय पर लोगों को लाभ मिल सकेगा।

# जल्द बनेगी प्रदेश की टीम, दिल्ली में नेतृत्व ने तय किए क्राइटेरिया

## प्रदेश अध्यक्ष हेमंत के साथ दिल्ली प्रवास पर सीएम डॉ.यादव

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को दिल्ली प्रवास पर रहे। उनके साथ प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद रहे। इस दौरान दोनों नेताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह सहित कई वरिष्ठ मंत्रियों और संगठन के पदाधिकारियों से मुलाकात की।

दोपहर बाद दिल्ली पहुंचे सीएम डॉ. यादव और खंडेलवाल ने नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के बारे के जानकारी दी और बताया कि किस तरह से एकराय होकर कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष पद चुनने की प्रक्रिया को पूरा किया। नेताओं ने सबसे पहले उपभोक्ता मामले,खाद्य और सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात की। यहां से दोनों नेता सूचना प्रसारण राज्यमंत्री एल. मुरुगन से मिलने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि मुरुगन मध्यप्रदेश से ही राज्यसभा के सदस्य चुने गए है। सीएम और प्रदेशाध्यक्ष ने शाम को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान सीएम ने भोपाल में रक्षा -शुरु करने के लिए रक्षा मंत्री का आभार जताया और उन्हें भोपाल आने का न्यौता भी दिया। यहां से दोनों नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आवास पहुंचे,जहां प्रदेश संगठन को लेकर चर्चा की गई। खबर है कि नड्डा ने खंडेलवाल को उनकी नई टीम कैसी हो,इसके लिए मार्गदर्शन भी दिए। उन्होंने साफ कर दिया कि पार्टी के प्रति समर्पित और विचारधारा पर चलने वाले कार्यकर्ताओं को ही टीम में शामिल किया जाना चाहिए।



### अमित शाह से मिले मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की और उन्हें प्रदेश की संगठनात्मक और सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यो से अवगत कराया। सूत्रों की माने तो इस मुलाकात के दौरान प्रदेश भाजपा की नई टीम और प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर चर्चा हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद मध्यप्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियां की जाएगी। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल अपनी नई टीम का गठन कर देंगे।

# ट्रांसफर के बाद नई पदस्थापना पर ज्वाइनिंग न देने वाले 8 निलंबित

## सस्पेंड कर पुलिस लाइन अटैच किया गया



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** नगरीय पुलिस भोपाल ने आठ पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया हैं। इन सभी को निलंबन के बाद पुलिस लाइन अटैच किया गया है। सोमवार देर रात जारी आदेश के अनुसार इन सभी पुलिसकर्मियों का विगत 16 जून को ट्रांसफर किया गया था और इन्हें तत्काल रिलीव होकर नई पदस्थापना पर आमद देने को कहा गया था। आदेश के 20 दिन बीत जाने के बाद भी ये पुलिस कर्मी अपनी नई पदस्थापना वाली जगह पर ज्वाइन करने नहीं पहुंचे। इसके बाद डीसीपी मुख्यालय श्रद्धा तिवारी ने इन्हें सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए। निलंबित हुए पुलिसकर्मियों में एक एसआई, एक एएसआई, चार प्रधान आरक्षक और दो आरक्षक शामिल हैं।

**इन पर गिरी गाज**

| पदनाम | नाम | थाना |
|---|---|---|
| सब इंस्पेक्टर | साबिर खान | टीला जमालपुरा |
| एएसआई | रामअवतार | रक्षित केंद्र, भोपाल |
| प्रधान आरक्षक | नरेश शर्मा | श्यामला हिल्स |
| प्रधान आरक्षक | मनोहर लाल | बाग सेवनियां |
| प्रधान आरक्षक | चंद्रमौल मिश्र | कमलानगर |
| प्रधान आरक्षक | वीरेंद्र यादव | हनुमानगंज |
| आरक्षक | कपिल चंद्रवंशी | हनुमानगंज |
| आरक्षक | प्रशांत शर्मा | क्राइम ब्रांच |

**पीएचक्यू ने जारी किए थे आदेश**

पीएचक्यू ने पिछले महीने एक ही थाने में लंबे समय से पदस्थ स्टॉफ को हटाने के निर्देश सभी जिलों की पुलिस को दिए थे। इसके बाद भोपाल नगरीय पुलिस ने इन कर्मचारियों का तबादला किया था।

# ऐसे चमकाओगे तो इकाई में रह जाओगेः सारंग

**विशेष संवाददाता,** भोपाल। भाजपा दफ्तर में अशोकनगर में कांग्रेस की न्याय यात्रा पर सरकार के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पूरी तरह से कलेक्टर से मोबाइल का स्पीकर ऑन कर बातचीत को सार्वजनिक कर उन्हें धमकाने के लहजे में बात की और एक झूठी कहानी गढ़कर ऐसे व्यक्ति की पहचान को उजागर किया,जिसने स्वयं शपथ पत्र देकर पटवारी पर लालच देने का आरोप लगाया। सारंग ने कहा कि पटवारी ने ऐसा कर संबंधित युवक और उसके परिवार का मान घटाया है। उनकी मानहानि हुई है।



सारंग ने कहा कि कांग्रेस के विधायक उन्हें रोके जाने का वीडियो वायरल कर रहे है,जबकि ऐसी कोई बात नहीं है। हम आखिर उन्हें क्यों रोकेंगे। हम भी यहां से वीडियो बनाकर डाल सकते है,तो क्या वह सही होगें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग जिस तरह से अधिकारी कर्मचारियों को धमकाने और चमकाने का काम कर रहे है,तो परिणाम उन्हें भुगतने पड़ेंगे,क्योंकि पहले कमलनाथ सरकार अधिकारियों को धमकाते थे,तो 114 से 63 विधायकों में सिमट गए थे और अब जीतू पटवारी धमकाने लगे है। सारंग ने कहा कि प्रदेश में अब चमकाइश वाली राजनीति नहीं चलेगी,कांग्रेस की सरकार कभी नहीं बनेंगी। यही हाल रहा तो अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 10 विधायक भी नहीं जीत पाएंगे और उनकी संख्या ईकाई तक पहुंच जाएंगी।

# अब साइबर और एआई पाठ्यक्रम भी पढ़ाएगा एमसीयू

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए साइबर और एआई पर एक वर्षीय पाठ्यक्रम शुरु किए जाएंगे। यह निर्णय मंगलवार को एमसीयू महापरिषद की बैठक में लिया। सीएम डॉ.मोहन यादव ने एक वर्षीय पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। सीएम हाउस स्थित समत्व भवन में हुई बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आरंभ करने को स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति के बाद एम.ए. (जर्नलिज्म एंड क्रिएटिव एंड राइटिंग), एम.ए. (मास कम्युनिकेशन), एम.ए.( एडवरटाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशंस), एम.एससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) और एम.एसी.ए. के एक वर्षीय पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किए जाएंगे। बैठक में विश्वविद्यालय के पी.एचडी. अधिनियम को यू.जी.सी. पीएचडी अधिनियम 2022 के अनुसार अद्यतन कर इस आधार पर पी. एचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई।





महापरिषद ने वित्त विभाग के 14 अगस्त 2023 के आदेश अनुसार चतुर्थ समयमान उच्चतर वेतन मान को विश्वविद्यालय में लागू करने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया। विश्वविद्यालय में फेस डिटेक्शन मशीन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था पर भी सहमति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के नवीन मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग विषय का व्यवसायिक प्रशिक्षण देने के लिए प्रिंटिंग प्रेस व लैब तथा पैकेजिंग लैब की स्थापना का प्रस्ताव भी स्वीकृत हुआ। बैठक में अन्य कार्यालयीन तथा प्रबंधकीय विषयों पर भी निर्णय लिए गए। इस मौके पर सीएम ने कहा कि विश्वविद्यालय में वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर केंद्रित पाठ्यक्रम आरंभ किए जाएं साथ ही विश्वविद्यालय, मीडिया के क्षेत्र में एडवांस्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के रूप में अपनी पहचान बनाए। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, विश्वविद्यालय के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित महापरिषद के सदस्यगण उपस्थित थे

### हृदय अभियान की नीति आयोग ने की सराहना

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर विकास प्रक्रियाओं में नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। नवाचारों की श्रृंखला में हरदा जिले में स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा का संयुक्त हृदय अभियान आदर्श उदाहरण साबित हुआ। राज्य नीति आयोग ने भी इस अभियान की सराहना की है। जिले के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के सूचकांकों में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। हरदा जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा शैक्षिक सेवाओं को हृदय अभियान के अंतर्गत माताओं, बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाया गया। सभी हितग्राही माताएँ और 18 वर्ष तक के बच्चों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया गया। मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु के आंकड़ों में कमी लाने और कुपोषण को कम करने के लिये एक साथ विशेष गतिविधियां चलाई गई। इसके लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर जानकारी प्रदान करना, गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और बालक-बालिकाओं को पुनः शिक्षा से जोड़ने जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां चलाई गई।

# फैसला 30 जुलाई तक टला तो डेढ़ हजार बिना पदोन्नत होंगे सेवानिवृत

## सरकार ने अपनी तैयारी की शुरू, हाईकोर्ट से सरकार मांग सकती है मार्गदर्शन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पदोन्नति में आरक्षण पर हाईकोर्ट ने 15 जुलाई तक राज्य सरकार से आरक्षण नियमों को लेकर जानकारी मांगी है। जिसे लेकर सरकार द्वारा अपनी तैयारी शुरु कर दी गई है। जानकारों की माने तो सरकार न्यायालय से ही पदोन्नति के लिए मार्गदर्शन मांग सकती है। इधर इस बात को लेकर भी चर्चा की जा रही है कि यदि 30 जुलाई तक कोई फैसला नहीं आता है,तो राज्य के डेढ़ हजार अधिकारी कर्मचारी बिना पदोन्नति सेवानिवृत्त हो जाएंगे। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में पदोन्नति के नए नियमों को लेकर चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से वर्ष 2002 और 2025 के पदोन्नति नियमों में अंतर के बारे में जानकारी मांगी है और इस पर 15जुलाई को सुनवाई की जाएगी। तब तक पदोन्नति में आरक्षण पर रोक लगाई गई है। जानकारों का कहना है कि किसी कारण वश यदि फैसला 30 जुलाई नहीं नहीं होता तो लगभग 1500 अधिकारी कर्मचारी बिना पदोन्नति सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

**पदोन्नति में आरक्षण पर रोक लगाई**

**सरकार ने जवाब देने की तैयारी की शुरू**

जानकारों की माने तो सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से महाअधिवक्ता द्वारा जवाब तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। जानकारों की माने तो सरकार कोर्ट में यह बता सकती है कि लंबे समय से पदोन्नति नहीं होने की वजह से राज्य सरकार द्वारा यह नियम बनाए गए है। जिससे पदोन्नति करने से कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। सरकार कई न्यायालयों से पदोन्नति के मामलों में डीपीसी करके पदोन्नति करने के जो आदेश दिए गए है,उनका पालन कैसे हो ताथ पदोन्नति कैसे दी जाए,इस पर भी हाईकोर्ट से मार्गदर्शन ले सकती है।

### कई विभागों में पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ

गौरतलब है कि पिछले दिनों मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विभाग प्रमुखों की बैठक लेते हुए निर्देशित किया था कि नए नियमों के तहत विभाग अपने-अपने स्तर पर डीपीसी का गठन करें और नियम में तय आरक्षण के आधार पर पदोन्नति दे। इस पर विभागीय अधिकारियों द्वारा अपनी-अपनी विभागीय पदोन्नति समिति का गठन कर उसकी बैठक के लिए सूची तैयार की जा रही थी। बताया गया है कि इस प्रक्रिया के तहत लगभग चार लाख अधिकारी कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिलना तय था। मुख्यमंत्री डॉ, मोहन यादव ने स्वयं इस मामले पर अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए थे।

# पूर्व आबकारी उपायुक्त विनोद रघुवंशी को कोर्ट ने सुनाई 4 साल कैद की सजा

## पांच हजार का जुर्माना भी ठोका, कोर्ट ने एक साल बढ़ा दी सजा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** जिला अदालत भोपाल ने एक अहम फैसले में सजा घटाने की अपील करने वाले रिटायर आबकारी उपायुक्त विनोद रघुवंशी की सजा एक साल बढ़ा दी। धोखाधड़ी एवं कूटरचित दस्तावेजों के जरिए धांधली के लिए दर्ज आईपीसी की धारा 420 और 120 बी के तहत दोषी पाए जाने पर अदालत ने उनकी अपील को खारिज करते हुए सजा की अवधि तीन से बढ़ाकर चार साल कर दी। रघुवंशी को भोपाल सीजेएम की कोर्ट ने तीन साल पहले तीन साल की कैद और पांच-पांच हजार के जुर्माने की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ उन्होंने सेशन कोर्ट में अपील की थी। सुनवाई के बाद न्यायाधीश दीपक बंसल की अदालत ने रघुवंशी पर दोनों धाराओं के तहत पांच-पांच हजार का जुर्माना बरकरार रखा है। जुर्माना न भरने पर रघुवंशी को चार-चार महीने की सजा अलग से भुगतनी होगी। सजा सुनाए जाते समय रघुवंशी कोर्ट में मौजूद नहीं थे लिहाजा उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर उन्हें जेल



भेजने के निर्देश पुलिस को दिए गए हैं। इस केस के दूसरे आरोपी और आबकारी विभाग के रिटायर कर्मचारी ओमप्रकाश शर्मा के खिलाफ भी कोर्ट ने दो-दो साल की सजा सुनाते हुए पांच-पांच हजार का जुर्माना लगाया है। शर्मा को अदालत से ही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस केस में तीसरे अभियुक्त और आबकारी अधिकारी आरके गोयल की प्रकरण की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है।

**अपील पर सुनवाई मं कोर्ट ने बढ़ाई सजाः** इस सजा के खिलाफ रघुवंशी और शर्मा ने अपील की थी। इस अपील के खिलाफ अजय अरोरा ने भी एक अपील कोर्ट में पेश कर सजा बढ़ाने की मांग की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद दीपक बंसल की अदालत ने धारा 420 और 120 बी के तहत रघुवंशी को दोषी माना।

### 23 साल पुराना है मामला

आबकारी विभाग के ठेकेदार अजय अरोरा ने 2002 में अशोक ट्रेडर्स सागर नाम की फर्म अपने नौ साथियों के साथ मिलकर बनाई। इसमें अजय अरोरा के अलावा राजेश जायसवाल, रामसेवक शर्मा, बलजीत सिंह भाटिया, हरप्रसाद जायसवाल, संजय चावला, गुरूमुखदास सलूजा, राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, अनिल कुमार श्रीवास्तव और सुशील कुमार जायसवाल भी पार्टनर थे। इस पार्टनरशिप फर्म को 2002-03 में भोपाल में शराब के ठेके मिले। मार्च 2003 में अजय अरोरा को पता चला कि उनके सभी पार्टनर्स ने उन्हें हटाकर एक फर्जी डीड बनाकर आबकारी विभाग में जमा कराए दिए। अरोरा ने इसके खिलाफ सीजेएम भोपाल की कोर्ट में परिवाद पेश किया ।

**निर्णय** | आयकर छापों के बाद सुर्खियों में आए राजेश ने जमानत के लिए लगाई गुहार

# 2 करोड़ की धोखाधड़ी, राजेश शर्मा की गिरफ्तारी पर रोक 17 तक बढ़ी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में आयकर छापों के बाद चर्चा में आए त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक और बिल्डर राजेश शर्मा की आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) द्वारा गिरफ्तारी पर रोक 17 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। हाईकोर्ट ने पिछले महीने शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ किसी भी तरह की बलपूर्वक कार्रवाई (कॉर्सिव एक्शन) पर रोक लगा दी थी और अगली सुनवाई की तारीख 7 जुलाई तय की थी।

7 जुलाई को सुनवाई के बाद जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई एक बार फिर 17 जुलाई तक टाल दी है, इस दौरान उनकी गिरफ्तारी पर रोक जारी रहेगी। जानकारी के अनुसार, राजेश शर्मा फिलहाल विदेश में हैं। राजेश शर्मा के स्वामित्व वाली एक अन्य कंपनी, ट्राइडेंट मल्टीवेंटर्स एंड पार्टनरशिप के जरिए, राजेश शर्मा और उनके दो साथियों राजेश तिवारी और दीपक तुलसानी के खिलाफ 9 जून को एक किसान के साथ 2 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में ईओडब्ल्यू ने एफआईआर की थी। इसमें उनके खिलाफ ठोस सबूत मिले थे और गिरफ्तारी की तैयारी थी। इससे बचने के लिए राजेश शर्मा ने 19 जून को जबलपुर हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी।



**शर्मा के वकील ने मांगा समय, ईओडब्ल्यू ने पेश किया जवाब**

राजेश शर्मा की याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस विशाल शर्मा की अदालत में ईओडब्ल्यू की ओर से एडिशनल एडवोकेट जनरल प्रशांत सिंह और डिप्टी एडवोकेट जनरल स्वप्निल गांगुली ने अपना जवाब पेश किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने जवाब पेश करने के लिए अदालत से कुछ और समय की मोहलत मांगी। इसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले की सुनवाई आगामी 17 जुलाई तक टाल दी। पिछली सुनवाई पर भी राजेश शर्मा की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने जवाब पेश करने के लिए 10 दिनों का समय मांगा था। कोर्ट ने आदेश में लिखा कि इस दौरान राजेश शर्मा को दी गई अंतरिम राहत अगली सुनवाई की तारीख तक जारी रहेगी। इधर, राजेश शर्मा के विदेश में होने की जानकारी के बाद से ही ईओडब्ल्यू के अफसर केंद्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में हैं। यदि कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई के दौरान ईओडब्ल्यू के पक्ष में आदेश पारित करेगी तो तत्काल उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने की भी तैयारी है।

### इस तरह किसान से की गई थी करोड़ों की धोखाधड़ी

राजेश शर्मा ने मई 2023 में अपनी फर्म ट्राइडेंट मल्टीवेंचर्स के दो कर्मचारियों राजेश तिवारी और दीपक तुलसानी की मदद से रातीबड़ के किसान चिंता सिंह मारण को भरोसे में लिया। उन्होंने किसान की महुआखेड़ा स्थित 12.46 एकड़ कृषि भूमि खरीदने का सौदा किया। शर्मा ने किसान को झांसा देकर आईसीआईसीआई बैंक की नेहरू नगर शाखा में उसका नया खाता खुलवाया और इसमें मोबाइल नंबर व मेल आईडी सहयोगी राजेश तिवारी का भर दिया। 12 जून 2023 को राजेश ने जमीन का बेचनामा बनाकर जमीन की रजिस्ट्री ट्राइडेंट मल्टीवेंचर्स के नाम पर 2 करोड़ 86 लाख 16 हजार रुपये में कराई, लेकिन किसान को केवल 81 लाख 13 हजार 840 रुपये ही मिले। राजेश ने किसान के खाते में भेजे गए 66 लाख के चेक स्टॉप पेमेंट कर वापस ले लिए, जबकि 1 करोड़ 36 लाख रुपये किसान के बैंक अकाउंट से ऑनलाइन, वॉलेट और अन्य तरीकों से राजेश तिवारी के पर्सनल खाते में ट्रांसफर किए गए। इस सौदे में किसान के हिस्से के 2 करोड़ 2 लाख रुपये राजेश शर्मा ने धोखाधड़ी कर हड़प लिए। जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने राजेश शर्मा, दीपक तुलसानी और राजेश तिवारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 120बी और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# गलत यूपीआई पर ट्रांसफर किये एक लाख, खाता फ्रीज कराकर वापस कराए

**जागरण, उज्जैन।** डिजिटल लेनदेन में जरा सी चूक भारी पड़ सकती है। उज्जैन में ऐसा ही एक मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने जल्दबाजी में गलत यूपीआई आईडी पर एक लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए, जिस व्यक्ति के बैंक खाते में रुपए गए थे, उससे भी संपर्क नहीं हो पा रहा था। परेशान होकर पीड़ित पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने संबंधित व्यक्ति का बैंक खाता फ्रीज कराकर रुपए वापस कराए। पुलिस ने बताया कि चेतन सिंह तोमर करीब 10 दिन पूर्व किसी परिचित को रुपए ट्रांसफर कर रहा था। जल्दबाजी में तोमर ने गलत यूपीआई आईडी पर एक लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए थे। तोमर ने जब संबंधित व्यक्ति से बात करने का प्रयास किया तो वह सफल नहीं हो पाया। बैंक की ओर से भी तोमर को तत्काल सहायता नहीं मिली थी। इसके बाद तोमर ने पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर शिकायत की थी। आईटी सेल के जवानों ने तोमर की शिकायत पर संबंधित व्यक्ति का बैंक खाता फ्रीज करा दिया था। फिर बैंक से संपर्क कर तोमर के रुपये वापस उसके खाते में ट्रांसफर करवाए थे। इस तरह तोमर को उसकी राशि मिल गई।

## पृष्ठ एक के शेष

### किसानों को राहत...

संगठनात्मक संरचना के अनुरूप कार्मिकों की समय-समय पर भर्ती के लिए ऊर्जा विभाग को अधिकृत किया गया है। इसी तरह सरकार ने स्टांप संशोधन विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। इससे राज्य को लगभग 212 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राजस्व मिलेगा।
कैबिनेट ने एक और फैसला लेते हुए विद्युत क्रय अनुबंध को समाप्त करने के प्रस्ताव पर भी सहमति प्रदान कर दी। उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि कैबिनेट ने उस प्रस्ताव पर भी अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है, जिसमें भोपाल स्थित होटल लेक व्यू रेसीडेंसी को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने की बात कही गई थी। उन्होंने बताया कि बड़े ग्रुप इसके लिए आगे आए। इसके लिए सरकार पंजीयन और स्टांप शुल्क की प्रतिपूर्ति पर्यटन विभाग के बजट से करने की अनुमति प्रदान कर दी।

### चुनावी बिसात पर.......

खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस पाने का एक सुनहरा मौका है। वहीं, भाजपा के लिए यह महाराष्ट्र की राजनीति पर अपना पूर्ण वर्चस्व स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस राजनीतिक शह-मात के खेल में, मुंबई का सामाजिक ताना-बाना दांव पर लगा है। भाषा के नाम पर पैदा की जा रही यह नफरत उस शहर की सर्वसमावेशी भावना को चोट पहुंचा रही है, जिसे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव प्राप्त है। यह देखना बाकी है कि चुनावी लाभ के लिए खेला जा रहा यह खतरनाक खेल महाराष्ट्र को किस दिशा में ले जाता है, लेकिन इतना तय है कि इसके घाव लंबे समय तक रिसते रहेंगे।

# एनटीपीसीयंस क्रॉसिंग फैमिली ग्रुप का द्वितीय वार्षिकोत्सव संपन्न

## क्रॉसिंग दर्पण स्मारिका का हुआ विमोचन



जागरण, सिंगरौली

क्रॉसिंग रिपब्लिक नोएडा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निवासरत एनटीपीसी के सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कल्याणकारी संस्था एनटीपीसीयंस क्रॉसिंग फैमिली ग्रुप द्वारा वाइड बैंक्वेट हाल में संस्था का द्वितीय वार्षिकोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। सांस्कृतिक संध्या के साथ आयोजित उक्त वार्षिकोत्सव का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष बीपीएस भाटिया एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं जूही माथुर के गणेश वंदना से हुआ। स्वागत भाषण सचिव मुकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने दिया तथा बी पी एस भाटिया के अध्यक्षीय उद्बोधन के पश्चात कोषाध्यक्ष बी एम गुप्ता ने वार्षिक लेखाजोखा प्रस्तुत की। अनु अग्रवाल संगीता ठाकुर बिमला देवी जूही माथुर निरुपमा शमा अनीता गुप्ता विभा गुप्ता की टीम द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से अतिथि एवं श्रोताओं का मन पुलकित हो उठा। अगले क्रम में संस्था द्वारा प्रकाशित स्मारिका क्रॉसिंग दर्पण के द्वितीय अंक का विमोचन अतिथियों संपादक मंडल कोर कमेटी तथा सांस्कृतिक समिति महिला विंग द्वारा किया गया। हार्ड कॉपी के साथ.साथ ई.बुक फ्लिप बुक भी रिलीज किया गया। सांस्कृतिक संध्या के क्रम में प्रेम शीला श्रीवास्तव द्वारा गीत मन संभालो संभालो संभालो पिया की रोमांचक प्रस्तुति के बाद संगीता ठाकुर द्वारा मेरा नाम है चमेली सॉन्ग पर नृत्य की प्रस्तुति हुई। कविता एवं अजय गोपालिया द्वारा वादा रहा सनम की गीत तथा डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर द्वारा पत्नी पर दर्द अपना किसी से कहेगी नहीं प्रस्तुति दी तो निरुपमा शर्मा द्वारा हरियाणवी लोकगीत अम्मा पुछ दी अजय गोपालिया की छूकर मेरे मन को एवं कमल नाथ ठाकुर द्वारा प्रस्तुत गज़ल तथा रूदाली फिल्म की गीत दिल हुम हुम करे श्रोताओं को खूब भाया। अनीता श्रीवास्तव संगीता ठाकुर एवं प्रेम शीला श्रीवास्तव ने हास्य लघु नाटिका वाह रे गुझिया की शानदार प्रस्तुति दी। अनु अग्रवाल एवं जूही माथुर ने सावन गीत प्रस्तुत की। मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने जीत गए तुम की साहित्यिक प्रस्तुति की तो उमेश कुमार श्रीवास्तव ने गीत के साथ हास्य संस्मरण शेयर किया। अनिता श्रीवास्तव की कविता को सबने सराहा महेश प्रसाद एवं पत्नी संगीता द्वारा युगल नृत्य तथा विभा एवं अतुल गुप्ता के डांस को काफी सराहा गया। विद्यानंद झा ने मानवीय मूल्य पर कविता सुनाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में फिल्मी गानों पर महिलाए पुरुष सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक नृत्य कर खूब धमाल मचाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद सभी लोगों ने हाउजी गेम का आनंद लिया जिसका संचालन राकेश पुंज बी एम गुप्ताए एस सी गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के संगठन सचिव डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर ने किया। वार्षिकोत्सव में आर पी अहिरवार कुलविंदर सिंह आर के पंडा एच एस बावा ए के छाबड़ा एस के सिंहए बी के गग राजीव बाकलीवाल नेकी राम पी नागराज महेन्द्र कुमार ए के गोपालिया अतुल माथुर एम पी सिंह पी के सिंह शिरीष कुमार पांडेय आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष कमल नाथ ठाकुर ने किया। उक्त कार्यक्रम में नोएडा से अरविंद कुमार सिंह ग्रेटर नोएडाध् नोएडा एक्सटेंशन से मनोज गग अजय रस्तोगी ख्याली राम कुशवाहा निशि सिंह आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम का संयोजन कोर कमेटी के सदस्यों बी पी एस भाटिया कमल नाथ ठाकुर मुकेश चन्द्र श्रीवास्तव राकेश पुंज बी एम गुप्ता एस सी गुप्ता डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर ने किया।

# एक पेड़ माँ के नाम मुहिम के तहत एनटीपीसी सिंगरौली ने चलाया सघन पौधरोपण अभियान



जागरण, शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली में भारत सरकार के पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने वाले एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आज स्थानीय टाउनशिप एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिस के प्रांगण के आस.पास एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत सिंगरौली परियोजना परिसर तथा आस.पास के क्षेत्रों में पौधे लगाए गए। बता दें यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 45,000 पौधे चरणबद्ध तरीके से एनटीपीसी के आवासीय परिसर एवं आस पास के क्षेत्रों में लगाए जाएँगे इस पहल का मुख्य उद्देश्य मातृत्व के प्रति सम्मान प्रकट करना तथा पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में योगदान देना है। एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर ने इस अवसर पर कहा माँ जीवन की प्रथम शिक्षिका होती हैं और एक पेड़ लगाना उनके प्रति हमारा आभार प्रकट करने का एक सशक्त माध्यम है। यह अभियान न केवल पर्यावरण में हरियाली को बढ़ावा देगा बल्कि भावी पीढ़ियों को प्रकृति के प्रति सजग बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा। एनटीपीसी पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे भी इसी तरह निभाता रहेगा इसी क्रम मे जोसफ बैस्टियन मुख्य महाप्रबन्धक एनटीपीसी सिंगरौली ने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का आधार है और इसकी रक्षा करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। पेड़ लगाना केवल एक पौधा रोपना नहीं है बल्कि एक बेहतर भविष्य की नींव रखना है। एनटीपीसी इस दिशा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन नीरज यादव अपर महाप्रबंधक ईएमजी एवं सुश्री दीपिका सिंह वरिष्ठ प्रबंधक ईएमजी के सक्षम नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के डी. सी. गुप्ता अपर महाप्रबंधक टाउनशिप एडमिनिस्ट्रेशन सिद्धार्थ मण्डल अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बीएलओ का विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ



जागरण, बैढ़न। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देश के परिपालन में एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचक नामावली को त्रुटि रहित बनाने के लिए विधानसभा क्षेत्र 80 सिंगरौली के बीएलओ का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागार एवं नगरीय तहसील सिंगरौली के सभागार एवं 81 देवसर देवसर विधानसभा के बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण सामुदायिक भवन माड़ा सामुदायिक भवन बरगवा तथा सरई में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ द्वारा रोल प्ले एवं अन्य गतिविधियों द्वारा सरल व सहज तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा फॉर्म 6,7,8 को सही तरीके से भरने फील्ड में आने वाली समस्याओं ऑनलाइन ऐप के माध्यम से फॉर्म भरने आदि से संबंधित गतिविधियों में भाग लेते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के अंत में सभी का ऑनलाइन टेस्ट लिया गया। प्रशिक्षण में संबंधित क्षेत्रो के बूथ लेवल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

# भारत सरकार खाद्य मंत्रालय के अवर सचिव ने किया पीडीएस दुकानों एवं गोदाम का निरीक्षण

## अवर सचिव ने उपोभक्ताओ से चर्चा कर ली राशन वितरण के संबंध मे जानकारी



जागरण, बैढ़न। अवर सचिव खाद्य मंत्रालय भारत सरकार सुनील कुमार बर्मा एवं उनके सहयोगी सुमित टांक ने आज आकांक्षी जिला सिंगरौली में पीडीएस दुकानो गोदामो का निरीक्षण कर उपभोक्ताओ से चर्चा कर राशन वितरण के संबंध मे जानकारी ली। उन्होने पीडीएस दुकान सिम्पलेक्स कालोनी तथा नवानगर पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया। अवर सचिव ने निरीक्षण के दौरान राशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों को मिलने वाले राशन के संबंध में जानकारी ली। उन्होने अपने समंक्ष हितग्राहियो को राशन वितरण भी कराया। इस दौरान उपस्थित खाद्य आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि राशन का वितरण समय पर पूरी पारदर्शिता के साथ कराए । राशन वितरण के दौरान कटौती न हो साथ ही राशन की गुणवत्ता मे किसी भी प्रकार की कमी नही होनी चाहिए। उन्होन उपार्जन केन्द्र चतरी तथा राशन गोदाम दुधमनिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि राशन गोदाम में उचित तरीके से राशन का रखा जाये। गोदाम मे सीलन न रहे इसका विशेश प्रबंध करे। साथ यह सुनिश्चित करे कि बर्षात के दौरान अनाज भीगे नही इसके लिए उचित प्रबंध करे। इस दौरान उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना रोकने चलेगा जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम

जागरण, सीधी। केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश के 100 ऐसे जिले जहां अधिक संख्या में घातक सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, उन्हें सेफलाईफ फाउण्डेशन के सर्वे के माध्यम से चिन्हित किया है। देश के चिन्हित इन 100 जिलों में मध्यप्रदेश के 6 जिले चिन्हित किये गये हैं। ये जिले धार, सागर, सतना, रीवा, जबलपुर एवं खरगोन हैं। धार जिले में वर्ष 2023 के आकलन अनुसार सबसे अधिक घातक सड़क दुर्घटनाएं हुई है। इन सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के तहत सभी जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि इन सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को चिन्हित करते हुए योजना तैयार की जाये।

# ऊर्जा के आधार पर लोगों का जीवन आधारित : विश्वनाथ



जागरण, चितरंगी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सिंगरौली के अंतर्गत चितरंगी विकास खंड के घोघरा सेक्टर मे कार्यरत नवांकुर संस्था कालिका प्रसाद बैस सेवा समिति शिवपुरवा द्वारा ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति घोघरा मे बैठक आयोजित की गई जिसमे ग्राम वासिओ को ऊर्जा बचत कों लेकर समझाइस दी गई की आज ऊर्जा बचाने की आवश्यकता है क्योकि आज ऊर्जा नही बचाओगे तो कल ऊर्जा की संकट पड़ सकती है वही पर बैठक मे उपस्थित जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्यवक विश्वनाथ रैदास ने कहा की हम सबका जीवन ऊर्जा पर हि आधारित है क्योंकि ऊर्जा नही बचाएंगे तो कल हम आने वाले समय मे ऊर्जा के संकट का सामाना करना पड़ सकता है ऊर्जा संरक्षण के लिए हम सभी ग्राम वासी और युवा साथिओं की जबाब दारी है इस बैठक के दौरान नवांकुर साथी उमा शंकर सिंह बैस क्षेत्रीय जनपद सदस्य घोघरा देवी प्रसाद बैस प्रस्फूटन समिति घोघरा के अध्यक्ष गुलाब प्रसाद बैस लक्ष्मी नारायण कोल अनिल बैस कृष्ण प्रताप सिंह दीपू सिंह संगीता कोल सतेंद्र बैस सलीम खान सहित युवा ग्रामीण लोग बैठक मे शामिल रहे।

## औसत वर्षा 243.6 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक सिहावल में

जागरण, सीधी। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 1 जुलाई को सीधी जिले में 17.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 5.0 मि.मी., गोपद बनास में 44.6 मि.मी., सिहावल में 8.4 मि.मी., बहरी में 31.2 मि.मी., मझौली में 6.0 मि.मी. और कुसमी में 26.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 226.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 1 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 370.2 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 97.5, चुरहट में 171.5, गोपद बनास में 190.2, बहरी में 333.3 मझौली में 282.2 मि.मी. और कुसमी में 261.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 111.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 132 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# 26 स्कूल वाहनों पर की गई चालानी कार्यवाही

## यातायात पुलिस द्वारा स्कूल वाहनों का किया गया औचक निरीक्षण




जागरण, बैढ़न। यातायात पुलिस द्वारा स्कूल वाहनो किया गया औचक निरीक्षण 26 स्कूल वाहनों पर के गई चालानी कार्यवाही स्कूली बच्चों के सुरक्षित एवं सुगम परिवहन हेतु समझाइस दी गई। मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अभिषेक रंजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंव पी.एस. परस्ते सीएसपी विन्ध्यनगर के निर्देशन में स्कूल वाहनो का यातायात पुलिस द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों की जागरुकता हेतु लगातार यातायात प्रर्वतन की कार्यवाही की जा रही है शैक्षाणिक सत्र 25-.26प्रारंम्भ हो चुका है जिस तारतम्य में आज यातायात पुलिस द्वारा इन्द्रा चौक पुराना यातायात तिराहा सेन्ट जोसेफ स्कूल तिराहा राजीव चौक निगाही मोड जंयत बस पडाव पर अलग.अलग टीम लगाया जाकर 53 से अधिक स्कूल बस/मैजिक/बैन/आटो की संघन जाँच की गई जिसमे शासन द्वारा स्कूली बच्चो के परिवहन एंव स्कूली वाहनो हेतु जारी दिशा.निर्देशो का पालन नहीं किए जाने वाले वाहनों 26 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर 13000/. जुर्माना अधिरोपित किया गया है एंव शासन के दिशा.निर्देशो का पालन किए जाने की समझाइस दी गई यातायात पुलिस द्वारा उपरोक्त निर्देशो का पालन किए जाने हेतु समस्त अशासकीय एव शासकीय स्कूल प्रबंधन एव बस आपरेटरों से अपील की है कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात सउनि सुरेश शुक्ला सउनि उत्तम सिंह प्रआर पुष्पेन्द आर प्रवेश तिवारी आर रवि मिश्रा एंव अन्य समस्त यातायात स्टॉप की सराहनीय योगदान रहा।

# भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर कोल इंडिया को बनायें देश की सफलतम कम्पनी : ब्रजेश कुमार त्रिपाठी

## सीवीओ कोल इंडिया ने एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं का किया निरीक्षण, पारदर्शी प्रथाओं और तकनीकी नवाचारों को सराहा



जागरण, सिंगरौली। एनसीएल प्रवास के दूसरे दिन मुख्य सतर्कता अधिकारी कोल इंडिया ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने एनसीएल की जयंत खड़िया और दुधीचुआ परियोजनाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होने जयंत परियोजना की खनन गतिविधियों एवं ऑपरेटर इंडिपेंडेंट ट्रक डिस्पैच सिस्टम ओआईटीडीएस का निरीक्षण किया। साथ ही श्री त्रिपाठी ने जयंत परियोजना में वे. ब्रिज एवं टीएफएम प्रणाली की भी समीक्षा की। उन्होंन सतत विकास के आलोक में एनसीएल की हरित कोयला प्रेषण को समर्पित एफ़एमसी परियोजनाओं की सराहना की। तत्पश्चात सीवीओ सीआईएल एनसीएल खड़िया परियोजना गए एवं उन्होने डिजिकोल के अंतर्गत निर्मित सीएचपी.डिजिटल ट्विन की कार्यप्रणाली को प्रेजेंटेशन के माध्यम से परखा । इस अवसर पर उन्होने एआई की भूमिका को रेखांकित करते हुए एनसीएल सहित कोल इंडिया की आधुनिक मशीनीकृत खनन प्रणाली की सराहना की। श्री त्रिपाठी ने एनसीएल के डिजिटल एवं नवाचारी पहलों को अनुकरणीय बताया। साथ ही उन्होंने दुधीचुआ क्षेत्र में 10 मिलियन टन प्रतिवर्ष एमटीपीवाई क्षमता के सीएचपीध्साइलो के संचालन का भी निरीक्षण किया। एनसीएल दौरे के दौरान ब्रजेश कुमार त्रिपाठी सीवीओ सीआईएल ने एनसीएल की दुधीचुआ परियोजना में तहत व्याख्यान दिया। इस दौरान उन्होंने सभी को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि जैसे कोयला खुद को जलाकर राष्ट्र का निर्माण करता है आइए हम भी वैसे ही अपने कर्म से उजाला फैलाएं। अपने उद्बोधन में उन्होने कहा जब आवे संतोष धन सब धन धूरि समान जब व्यक्ति के भीतर संतोष होता है तो बाकी सब भौतिक सुख.साधन तुच्छ लगते हैं। श्री त्रिपाठी ने उपस्थित सभी को भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए पारदर्शी कार्य संस्कृति विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कोल इंडिया की राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभी कर्मियों से कोल इंडिया को देश की सबसे सफल कंपनी बनाने की दिशा में कार्य करने हेतु आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होने सत्यनिष्ठा का वचन भी लिया। इस अवसर परए एनसीएल के निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार निदेशक तकनीकी सुनील प्रसाद सिंह मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन महाप्रबंधक दुधीचुआ बी.के सिंह महाप्रबंधक सतर्कता उमाकांत यादव मध्य प्रदेश स्थित परियोजनाओं के क्षत्रीय महाप्रबंधकगण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वर्षाकाल में जहरीले सर्प के खतरे से बचने सजगता आवश्यक

जागरण, सीधी। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग ने वर्षाकाल के दृष्टिगत सर्पदंश की घटनाओं के नियंत्रण एवं बेहतर प्रबंधन के लिए सभी जिलों के कलेक्टर को आवश्यक तैयारी एवं जन जागरूकता सुनिश्चित करने के लिये निर्देश जारी किये हैं। सर्पदंश स्थानीय आपदा घोषित है, इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए हर जिले के लिए 23.17 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि का उपयोग प्रशिक्षण, जन-जागरूकता, मॉक ड्रिल, उपकरण की व्यवस्था और प्रचार-प्रसार जैसे कार्यों में किया जाएगा। वर्षा ऋतु में सांपों के प्राकृतिक आवासों में जलभराव हो जाने से वे मानव बस्तियों की ओर आ जाते हैं, जिससे सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, खेतों, नदी किनारे एवं बस्तियों की परिधियों में यह खतरा अधिक होता है। उक्त के प्रति लोगों में जागरूकता लाना तथा प्रशासनिक सतर्कता बढ़ाना अति आवश्यक है। सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे पंचायत एवं शहरी वार्ड स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित करें।

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लूला यादव उर्फ बलदेव यादव पिता स्व. जगई यादव ग्राम गन्नई पोस्ट-.पुरैल तहसील सरई थाना सरई जिला सिंगरौली का मूल निवासी हूं । मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरा लाचारी नाम लूला यादव लिया जाता था और उसी नाम से वोटर कार्ड और आधार कार्ड बना हुआ था और इसी नाम से मैं बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस भी कराया था । मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे जमीन के रिकॉर्ड में मेरा नाम बलदेव यादव अंकित था और मुझे जमीन बेचना था तो उसी समय हम अपना पुराना रिकॉर्ड आधार कार्ड पैन कार्ड एवं पासबुक सुधरवा कर अपना नाम बलदेव यादव करवा लिए जो सही एवं सत्य है इस बाबत मैंने शपथ पत्र निष्पादित कराया है।

# थाना सिमरिया, पन्ना पुलिस द्वारा बड़ी मात्रा में जब्त की गई अवैध शराब

## परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन एवं अवैध शराब 9550 क्वार्टर (1719 लीटर) सहित कुल 21 लाख 22 हजार रूपये का मशरूका जप्त

जागरण, पन्ना




सिमरिया बुधवार 09 जुलाई 2025 पुलिस द्वारा समय समय पर अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाहियाँ की गई है । इसी कड़ी में एक बार पुनः पन्ना पुलिस द्वारा बीती रात्रि में बड़ी मात्रा में अवैध शराब को जप्त किया गया है । शराब का परिवहन करने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध थाना सिमरिया में वैधानिक कार्यवाही की जाकर अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जप्त किया गया है ।

वरिष्ट पुलिस अधिकारियों द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब के निर्माण, भण्डारण, विक्रय एवं परिवहन करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था । इस निर्देश के अनुपालन में थाना प्रभारी सिमरिया द्वारा पुलिस बल को सघन रात्रि गश्त एवं वाहन चेकिंग हेतु समझाइस दी गई । दिनांक 08-09 जुलाई 2025 की मध्य रात्रि, सिमरिया-अमानगंज मार्ग स्थित ग्राम चिखला मंदिर के पास पुलिस टीम को एक संदिग्ध पिकअप वाहन स्क्क3तक्क4254 दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वाहन में सवार व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 191 खाकी रंग की पेटियों में गोवा ब्रांड की अवैध शराब भरी पाई गई। प्रत्येक पेटी में 50 क्वार्टर के अनुसार कुल 9550 क्वार्टर (लगभग 1719 लीटर) अवैध शराब (अनुमानित मूल्य ?12,22,400/-) तथा परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन (अनुमानित मूल्य ?9,00,000/-) को जप्त किया जाकर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध थाना सिमरिया में अपराध क्रमांक 276/25, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले में अज्ञात आरोपी वाहन चालक की पहचान एवं शराब के स्रोत की जानकारी एकत्रित की जा रही है। जप्त सामग्री पुलिस टीम द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक स्क्क3तक्क4254 ङ्क कीमती करीब 9,00,000/- रूपये एवं गोवा ब्रांड की अवैध शराब ङ्क 191 पेटी (9550 क्वार्टर) कुल मात्रा करीब 1719 लीटर कीमत करीब 12,22,400/- रूपये सहित कुल मशरूका कीमती करीब ?21,22,400/- रूपये का जप्त किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक जगत पाल सिंह , सउनि पूर्णानंद मिश्रा, प्रआर गजेन्द्र उरमलिया, आर सुशील मिश्रा, श्याम सिंह, सैनिक हक्की लाल एवं डायल 100 चालक रामकिशोर की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा इस उत्कृष्ट कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## बाढ़ आपदा पर पशुओं का बीमारियों से करें बचाव

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिले के सभी पशुपालकों से बाढ़ आपदा की स्थिति में पशुओं को विभिन्न बीमारियों से बचाव की अपील की गई है। इस संबंध में नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था में संपर्क कर पशुओं का टीकाकरण कार्य कराने के लिए कहा गया है। साथ ही बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर अपने पशुओं को खूंटे से बांधकर न रखने और ऊंचे पहाड़ी वाले स्थान में रखने की सलाह दी गई है, जिससे पशुओं के जान माल की हानि न हो। उप संचालक डॉ. एन.के. गुप्ता ने बताया कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी औषधियां नजदीकी पशु संस्थाओं से प्राप्त की जा सकती हैं। वर्षाकाल में पशुओं के चारे भूसे का निर्यात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वनमंडलाधिकारी उत्तर एवं दक्षिण, सामाजिक वानिकी टाईगर रिजर्व नर्सरी में पशुओं को पर्याप्त चारा भण्डारण सुनिश्चित कराने के लिए भी कहा गया है।

## जिले में गत वर्ष से 269.2 मिमी अधिक औसत वर्षा दर्ज

**पन्ना।** जिले में इस वर्ष एक जून से 9 जुलाई की अवधि में गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 269.2 मिमी अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अब तक जिले में 430.4 मिमी अर्थात् 16.9 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है। वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 414.7 मिमी, देवेन्द्रनगर में 356.3 मिमी, गुनौर में 496.9 मिमी, अमानगंज में 557.6 मिमी, पवई में 385 मिमी, सिमरिया में 313.4 मिमी, शाहनगर में 406.8 मिमी, रैपुरा में 522.3 मिमी और अजयगढ़ में 420.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# सहायक शिक्षक कृष्ण शरण त्रिपाठी को नोटिस जारी

**पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 पन्ना संजय कुमार नागवंशी ने बीएलओ प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने पर डाईट के सहायक शिक्षक एवं छत्रसाल वार्ड नंबर 13 व मतदान केन्द्र 194 के बीएलओ कृष्ण शरण त्रिपाठी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। बूथ लेवल अधिकारी श्री त्रिपाठी को निर्देशों के बावजूद गत 7 जुलाई को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थिति दर्ज नहीं कराने तथा इस बावत् कोई सूचना प्रदान नहीं करने पर नोटिस जारी किया गया है।

इस संबंध में जारी कारण बताओ सूचना पत्र में उल्लेखित है कि बीएलओ द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं होने से निर्वाचन संबंधी कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। यह कृत्य कार्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता व वरिष्ठ अधिकारी के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में है। साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत निर्वाचक नामावली की तैयारी इत्यादि से संबंधित होने पर पदीय कर्त्तव्यों का पालन नहीं करने से तीन माह से दो वर्ष तक अवधि के कारावास और जुर्माना से दंडनीय भी है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा संबंधित बीएलओ को दो दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## अधीक्षक भू-अभिलेख को सौंपा पवई तहसीलदार का प्रभार

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने प्रभारी तहसीलदार पवई प्रीति पंथी को भारमुक्त किए जाने के फलस्वरूप प्रशासकीय कार्य सुविधा के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख त्रिलोक सिंह पोषाम को तहसीलदार पवई एवं वृत्त कल्दा का प्रभार सौंपा है। साथ ही आहरण-संवितरण अधिकार भी सौंपा गया है।

## राष्ट्रीय मछुआ दिवस आज

**पन्ना।** भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष भी 10 जुलाई को राष्ट्रीय मछुआ दिवस का आयोजन किया जाएगा। गुरूवार को बेनीसागर तालाब परिसर स्थित सहायक संचालक मत्स्योद्योग कार्यालय में दोपहर 12 बजे कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर मछुआरों और मत्स्य कृषकों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।

# छात्रावासों में स्वीकृत सीट के विरुद्ध विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करें

## कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षकों की ली बैठक, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में दिए निर्देश




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिले के समस्त शासकीय छात्रावास एवं आश्रम अधीक्षकों की बैठक ली। इस मौके पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के बालक एवं कन्या छात्रावासों में स्वीकृत सीट संख्या के विरूद्ध पात्र विद्यार्थियों का शत प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला संयोजक आर.के. सतनामी एवं क्षेत्र संयोजक जय प्रताप भदौरिया भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री कुमार ने बैठक में कहा कि सभी छात्रावासों में रिक्त सीट की उपलब्धतानुसार प्रवेश से वंचित व छूटे हुए जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के दाखिले के संबंध में जारी निर्देशों का पालन कर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर जिम्मेवारी के साथ कार्य करें। छात्रावासों में छोटे-छोटे कार्यों जैसे शौचालय एवं स्नानागार की साफ-सफाई, छत एवं फर्श तथा विद्युत मरम्मत इत्यादि को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए। विद्यार्थियों को सुविधाजनक माहौल में अध्ययन की सुविधा के दृष्टिगत वृहद कार्यों के संबंध में शैक्षणिक संस्था प्रमुख के माध्यम से जरूरी प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि कुछ नवीन छात्रावासों में वर्षाकाल में पहुंच मार्ग की स्थिति की जानकारी भी प्रस्तुत करें। इसके अलावा गत वर्ष में छात्रावासों को प्रदत्त राशि से कराए गए कार्यों का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी तत्काल प्रस्तुत करने के लिए कहा।

जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी अधीक्षक बरसात में छात्रावास भवन के छत व दीवार का निरीक्षण कर बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक उपाय करें एवं सावधानी बरतें। ऐसे मामलों को तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में भी लाएं। विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण के लिए राजस्व अधिकारियों का भी सहयोग प्राप्त करें। साथ ही विभागीय स्तर पर समन्वय के साथ जरूरी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में वर्ष 2024-25 के परीक्षा परिणाम तथा कोचिंग व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने जिम्मेवारी के साथ पढ़ाई की गुणवत्ता का ध्यान रखने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि इस बात का ध्यान भी रखा जाए कि कोचिंग कार्यों में नियोजित शिक्षक समय पर बच्चों को पढ़ाने के लिए पहुंचें, जिससे वर्तमान शैक्षणिक सत्र के परीक्षा परिणाम में अपेक्षित सुधार परिलक्षित हो। इस दौरान छात्रावासों में मेस संचालन और खाद्यान्न उपलब्धता संबंधी जानकारी लेकर विभागीय कर्मचारियों का आवश्यकतानुसार युक्तियुक्तकरण करने और छात्र-छात्राओं को विभिन्न दस्तावेज समय सीमा में प्रदाय करने के लिए भी जरूरी निर्देश दिए गए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टाइगर रिजर्व की हथिनी वत्सला के निधन पर व्यक्त कीं शोक संवेदनाएं

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पन्ना टाइगर रिजर्व की सबसे उम्रदराज हथिनी वत्सला के निधन पर गहन शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि वत्सला मध्यप्रदेश के जंगलों की मूक संरक्षक, पीढ़ियों की सखी और हमारी संवेदनाओं की प्रतीक थी। जिसने हाथी दल का नेतृत्व किया और नानी-दादी बनकर हाथियों के बच्चों की स्नेह से देखभाल भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वत्सला को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पन्ना टाइगर रिजर्व में हाथी दल की प्रिय सदस्य के 100 वर्षों के साथ पर विराम लगा है, भले ही अब वो हमारे बीच नहीं है, लेकिन वत्सला की स्मृतियां हमारे मन में सदैव जीवंत रहेंगी।

## लाड़ली बहनों को 12 जुलाई को मिलेगी राशि

**पन्ना।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं के बैंक खाते में 12 जुलाई को मासिक सहायता राशि अंतरित की जाएगी। अगले माह आने वाले रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर लाड़ली बहना योजना के तहत वर्तमान में दी जा रही मासिक आर्थिक सहायता राशि के अतिरिक्त 250 रूपए की विशेष सहायता राशि भी अंतरित की जाएगी।

# वृंदावन तालाब का कैचमेंट एरिया अतिक्रमण से सिकुड़ा

## बंधान की दीवारें टूटी, टीकमगढ़ में नाले से बहकर खेतों में जा रहा पानी



**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ तहसील में इस मानसून सीजन 730 मिलीमीटर (28.74 इंच) बारिश दर्ज की गई है। शहर के वृंदावन तालाब में पर्याप्त पानी आ रहा है। हालांकि तालाब के कैचमेंट एरिया में अवैध कब्जे और पक्का निर्माण से भराव क्षेत्र सिकुड़ गया है।

### नाले से बाहर खेतों में जा रहा पानी

तालाब अभी 5-6 फीट खाली है। अतिक्रमण की वजह से पानी नाले से बहकर खेतों में जा रहा है। राजशाही काल में बने इस तालाब की बंधान पिछले दो साल से क्षतिग्रस्त है। बंधान पर बनी दीवार टूटी हुई है।

### बंधान से रिस रहा है पानी

तकरीबन 8 साल पहले तालाब की बंधान पर बाइपास सड़क बनाई गई। भारी वाहनों की आवाजाही से बंधान की दीवार दो अलग-अलग जगहों से टूट गई। इससे बंधान कमजोर हो गई और बाइपास सड़क में दरारें आ गई हैं। अब बंधान से पानी रिस रहा है।

### दीवार बनने के बाद मिट्टी भराई जाएगी- नपा अध्यक्ष

नगर पालिका ने बंधान को मजबूत करने के लिए दूसरी तरफ 300 मीटर लंबी पक्की दीवार का निर्माण शुरू किया है। नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने बताया दीवार बनने के बाद मिट्टी भराई जाएगी। बंधान के दोनों ओर पक्की दीवार बनने के बाद डिवाइडर सड़क बनाई जाएगी और स्ट्रीट लाइट लगाकर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। समाजसेवी मनोज जैन का कहना है कि वृंदावन तालाब के ओवरफ्लो वाले हिस्से में लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। जिससे तालाब का भराव क्षेत्र काम हो गया है। बंधान पर दबाव बढ़ रहा है। पिछले साल एसडीएम ने अवैध कब्जा हटाया था, लेकिन भू माफियाओं ने दोबारा कब्जा कर बाउंड्री बाल का निर्माण कर लिया है। ऐसी स्थिति में तालाब के पूरा भरने पर संकट मंडरा रहा है।

# कलेक्टर ने प्रदान की अनुकम्पा नियुक्ति



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज कलेक्टर कक्ष में शाहनगर तहसील के ग्राम अतरहाई भरवारा निवासी अभिषेक प्रताप सिंह को राजस्व विभाग में रिक्त सहायक ग्रेड 3 के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की। स्कूल शिक्षा विभाग में प्रधानाध्यापक रहे महराज सिंह की मृत्यु पर आश्रित पुत्र को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर तहसील कार्यालय पवई में पदस्थ किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के 29 सितम्बर 2014 को जारी परिपत्र तथा स्कूल शिक्षा विभाग के 6 अक्टूबर 2023 के पत्र के परिपालन में अन्य विभाग में संबंधित पद पर नियुक्ति के लिए अनापत्ति प्रदान करने एवं गठित समिति द्वारा परीक्षण के उपरांत अनुकम्पा नियुक्ति की गई है।

# जिले में आधार के नवीन नामांकन एवं अपडेशन के लिए 67 सुविधा केन्द्र संचालित

**पन्ना।** जिला ई-गवर्नेंस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पन्ना जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में वर्तमान में आधार संबंधी विभिन्न सेवाओं के लिए कुल 67 आधार सुविधा केन्द्र संचालित हैं। जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक पंकज शिवहरे ने बताया कि आम नागरिक इन सुविधा केन्द्रों के जरिए आधार सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

तहसील अजयगढ़ अतंर्गत कुल 16 आधार सुविधा केन्द्र हैं, जिसके तहत सभी आयु वर्ग के नवीन आधार नामांकन और अपडेशन वाले सुविधा केन्द्र क्रमशः लोक सेवा केन्द्र अजयगढ़, जनपद पंचायत अजयगढ़, उप लोक सेवा केन्द्र धरमपुर एवं खोरा शामिल हैं। इसी तरह केवल आधार में नाम, पता और मोबाइल नंबर अपडेट की सुविधा के लिए विनय कम्प्यूटर बस स्टैंड अजयगढ़ एवं स्मार्ट सीएससी सेंटर पैलेस रोड अजयगढ़ में केन्द्र संचालित है, जबकि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नवीन आधार और केवल मोबाईल नंबर अपडेशन के लिए डाक विभाग अंतर्गत क्रमशः ग्राम पंचायत चंदौरा, मकरी, अजयगढ़ डाकघर, हरदी, कुंवरपुर, फरस्वाहा, लवकुशनगर, बरौली, पड़रहा एवं सब्दुआ केन्द्र शामिल हैं।

अमानगंज तहसील में 7 आधार सुविधा केन्द्र संचालित हैं। समस्त आयु वर्ग के नवीन आधार नामांकन और अपडेशन की सुविधा वाले दो केन्द्र क्रमशः उप लोक सेवा केन्द्र महेबा एवं जसवंतपुरा हैं। केवल आधार में नाम, पता और मोबाइल नंबर अपडेशन के लिए गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत महेबा में केन्द्र संचालित है, जबकि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नवीन आधार और केवल मोबाईल नंबर अपडेशन के लिए डाक विभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत महेबा, अमानगंज, पिपरवाहा और झरकुआंखुर्द में केन्द्र का संचालन हो रहा है।

गुनौर तहसील में 16 आधार सुविधा केन्द्र संचालित हैं। जिसके तहत समस्त आयु वर्ग के नवीन आधार नामांकन और अपडेशन की सुविधा वाले दो केन्द्र क्रमशः लोक सेवा केन्द्र गुनौर एवं उप लोक सेवा केन्द्र गंज हैं। केवल आधार में नाम, पता और मोबाइल नंबर अपडेशन के लिए सीएससी सेंटर प्रबल कम्प्यूटर सलेहा ग्राम पंचायत गुनौर, मिश्रा कम्प्यूटर पुराना बस स्टैड नगर परिषद गुनौर में केन्द्र संचालित है। जबकि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नवीन आधार और केवल मोबाईल नंबर अपडेशन के लिए डाक विभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत पोस्ट ऑफिस पड़ेरी, बकुल्हा में तीन केन्द्र, अंतर बिजिया में दो केन्द्र, सेल्हा में एक, धनोखर में तीन केन्द्र संचालित हैं। 18 वर्ष से कम आयु के नवीन आधार एवं सभी आयु के आधार अपडेट हेतु स्टेट बैंक गुनौर में केन्द्र संचालित है।

देवेन्द्रनगर तहसील में 6 आधार सुविधा केन्द्र संचालित हैं। समस्त आयु वर्ग के नवीन आधार नामांकन और अपडेशन की सुविधा वाले दो केन्द्र क्रमशः डाकघर देवेन्द्रनगर, लोकसेवा केन्द्र देवेन्द्रनगर हैं। 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नवीन आधार और केवल मोबाईल नंबर अपडेशन के लिए डाक विभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरवाही, डडवरिया, बड़ागांव, सुंदरा केन्द्र संचालित हैं।

पन्ना तहसील में 10 आधार सुविधा केन्द्र संचालित हैं। समस्त आयु वर्ग के नवीन आधार नामांकन और अपडेशन की सुविधा वाले केन्द्र क्रमशः मुख्य डाकघर पन्ना, लोक सेवा केन्द्र पन्ना एवं कृषि उपज मंडी पन्ना में केन्द्र संचालित है। 18 वर्ष से कम आयु के नवीन आधार एवं सभी आयु के आधार अपडेट हेतु सीएससी अंतर्गत केन्द्र बेनीसागर पन्ना में दो केन्द्र संचालित हैं। 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नवीन आधार और केवल मोबाईल नंबर अपडेशन के लिए डाक विभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगवां एनएमडीसी, रमखिरिया, सिंहपुर व बृजपुर में केन्द्र संचालित है।

पवई तहसील में 5 आधार सुविधा केन्द्र संचालित हैं। जिसके तहत समस्त आयु वर्ग के नवीन आधार नामांकन और अपडेशन की सुविधा वाले तीन केन्द्र क्रमशः जनपद पंचायत पवई, जल संसाधन कार्यालय पवई, उप लोक सेवा केन्द्र मुड़वारी में संचालित है। केवल आधार में नाम, पता और मोबाइल नंबर अपडेशन के लिए सीएससी अंतर्गत टिकरिया देवरी में संचालित है, जबकि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नवीन आधार और केवल मोबाईल नंबर अपडेशन के लिए डाक विभाग के अंतर्गत बस स्टैंड कृष्णगढ़ में केन्द्र संचालित है। रैपुरा तहसील में 3 आधार सुविधा केन्द्र संचालित हैं। जिसके तहत समस्त आयु वर्ग के नवीन आधार नामांकन और अपडेशन की सुविधा वाले दो केन्द्र क्रमशः लोक सेवा केन्द्र रैपुरा, तहसील कार्यालय रैपुरा में संचालित है। 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नवीन आधार और केवल मोबाईल नंबर अपडेशन के लिए डाक विभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत रैपुरा में केन्द्र संचालित है। शाहनगर तहसील में 1 आधार सुविधा केन्द्र संचालित है। जिसके तहत समस्त आयु वर्ग के नवीन आधार नामांकन और अपडेशन की सुविधा हेतु लोक सेवा केन्द्र शाहनगर में संचालित है।

# महेंद्र सागर में वॉटर स्पोर्ट्स, तालकोठी में हेरिटेज लाइब्रेरी बनेगी

## डीपीआर तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है; बुंदेली हाट बनेगा : कलेक्टर




**टीकमगढ़।** जिले मेंबुधवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में जिला पुरातत्व, पर्यटन और सांस्कृतिक परिषद की बैठक हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई इस बैठक में जिले की पर्यटन संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

### तालकोठी को हेरिटेज लाइब्रेरी के रूप में होगा विकास

कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि ऐतिहासिक धरोहर तालकोठी को हेरिटेज लाइब्रेरी और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसका डीपीआर तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है। महेंद्र सागर तालाब में बोट क्लब और वॉटर स्पोर्ट्स शुरू करने की योजना है। जनप्रतिनिधियों ने तीन महीने के वॉटर स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। तालाब के लंका क्षेत्र में नगर पालिका के माध्यम से फूड कोर्ट या रेस्टोरेंट विकसित किए जाएंगे। कुंडेश्वर के पास खैराई वन को वन्य प्राणी अनुभव क्षेत्र के रूप में विकसित करने की योजना है।

**शहर में बुंदेली हाट स्थापित किया जाएगा :** बुंदेली हाट में स्थानीय शिल्पकारों और कलाकारों के लिए पीतल, हस्तनिर्मित टेराकोटा, बेंत-बांस शिल्प और पारंपरिक वस्त्रों की प्रदर्शनी और विक्रय मंच उपलब्ध होगा। क्राफ्ट मार्केट की स्थापना भी की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कला और संस्कृति से जुड़े नागरिकों को चिह्नित कर उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस दौरान टीकमगढ़ विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव, राकेश गिरि गोस्वामी, विवेक चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मलिक, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधिक साक्षरता शिविर के जरिए ग्रामवासियों को दी जानकारी

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत तारा, विक्रमपुर और द्वारी में विधिक साक्षरता शिविर के जरिए ग्रामवासियों को लाभकारी जानकारी प्रदान की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में संपन्न हुए शिविर के दौरान विधिक साक्षरता शिविरों की उपयोगिता व महत्व के बारे में बताया गया। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ ने प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क योजना के बारे में अवगत कराया। साथ ही विधिक सहायता एवं सलाह के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क अधिवक्ता सेवा उपलब्ध कराने की पात्रता और प्रक्रिया की जानकारी दी।

# रेलवे पुल के पास मिला किसान का शव

## सर पर चोट के निशान, मौके पर मिली बाइक, मोबाइल, तौलिया और चप्पल



**टीकमगढ़।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के नारगुड़ा पंचायत में रेलवे पुल के पास एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान माडूमर निवासी 40 वर्षीय पुष्पेंद्र लोधी के रूप में हुई है। घटनास्थल पर एक बाइक भी मिली है। इसके अलावा मृतक का मोबाइल, तौलिया और चप्पल मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस अब आसपास के क्षेत्र में पूछताछ कर रही है। देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव ने बताया कि परिजनों को बुलाकर पहचान कराई गई है। मृतक के सिर में चोट के निशान हैं। जिससे हत्या का मामला लग रहा है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार दोपहर बाइक से घर से निकले थे। रात तक घर नहीं पहुंचे तो रिश्तेदारी में पूछताछ की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। रात भर तलाश करते रहे। बुधवार की सुबह उनका शव पड़े होने की जानकारी लगी। परिजनों ने हत्या के आरोप लगाए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

**किसानी का काम करता था मृतक :** मृतक पुष्पेंद्र लोधी के चचेरे भाई देवेंद्र लोधी ने बताया कि पुष्पेंद्र की खेती की नारगुड़ा गांव में है। वह खेती किसानी का काम करता था। इसी लिए उसका गांव में आना जाना लगा रहता था। मंगलवार दोपहर वह घर से निकला था, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटा। आज सुबह उसका शव पड़े होने की सूचना मिली।







नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

शिक्षा के प्रकाश से जीवन को आलोकित करने वाले

## गुरुओं का आभार व्यक्त करती मध्यप्रदेश सरकार की अनूठी पहल

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**कमला नेहरु सांदीपनि कन्या विद्यालय, भोपाल का लोकार्पण**

एवं

**विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण शुभारंभ कार्यक्रम**

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

10 जुलाई, 2025 । दोपहर 12:30 बजे

कमला नेहरु सांदीपनि कन्या विद्यालय, भोपाल





तपोधरा मध्यप्रदेश ऋषि परंपरा की जीवंत धरोहर है। भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी बड़ा माना गया है। हमारा प्रदेश महर्षि सांदीपनि, जगतगुरु श्रीकृष्ण एवं अनेक कालजयी गुरुओं जैसे महर्षि वेद व्यास, अत्रि, अगस्त्य, च्यवन ऋषि, परशुराम, विश्वामित्र, दत्तात्रेय, ऋषि जाबाली, गालव ऋषि, पतंजलि, महावीर स्वामी, आदिशंकराचार्य, मत्स्येन्द्रनाथ, भर्तृहरि, चार्वाक, भरतमुनि, श्री वल्लभाचार्य, स्वामी हरिदास, गुरु नानकदेव, संत सिंगाजी, सेन भगत, संत रविदास, स्वामी जदरूप आदि की तपोभूमि और कर्मस्थली रही है। उनके तप, त्याग और ज्ञान से हमारे देश-प्रदेश ने सदैव ही दिशा पाई है। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर हम उन सभी पूज्य गुरुओं का सादर वंदन करते हैं। सभी प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक मंगलकामनाएं।

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D- 11061/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# लॉर्ड्स में जीत के साथ सीरीज में बढ़त हासिल करना चाहेगा भारत

## मैच दोपहर 3:30 बजे से, प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स व हॉट स्टार पर

जेएनएन, लंदन

शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाजों को इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में लॉर्ड्स की चुनौती पूर्ण पिच पर सफलता हासिल करने के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार करना होगा, जबकि जसप्रीत बुमराह की वापसी से मेजबान टीम के बल्लेबाजों की भी कड़ी परीक्षा होगी। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट, जबकि भारत ने बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट मैच जीता था और इस तरह से पांच मैच की सीरीज अभी बराबरी पर है। लॉर्ड्स में दोनों ही टीमों के पास सीरीज में बढ़त हासिल करने का मौका होगा। भारत की दूसरे मैच में 336 रन से जीत के बाद हालांकि समीकरण काफी बदल गए हैं। भारत ने अभी तक दोनों मैच में अधिकतर समय अपना दबदबा बनाए रखा है और अगर उसने पहले टेस्ट मैच में कुछ कैच नहीं छोड़े होते और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो वह सीरीज में 2-0 से आगे होता। नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम की अनुभवहीनता को देखते हुए लग रहा था कि इंग्लैंड की टीम उस पर हावी रहेगी, लेकिन अभी तक जिस तरह से भारत ने प्रदर्शन किया है, उसे देखते हुए उसे रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी नहीं खली, जिन्होंने इस सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इससे भारत की मजबूत बेंच स्ट्रेंथ का भी पता चलता है। गिल एंड कंपनी द्वारा बनाए गए रनों के पहाड़ ने बेन स्टोक्स की सपाट पिच तैयार करके विपक्षी टीम को मुकाबले से बाहर करने की रणनीति पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया। सपाट पिचों पर भारतीय बल्लेबाजों की जबरदस्त सफलता मेजबान टीम के लिए नुकसानदेह साबित हुई है। अब उन्हें ऐसे विकेट पर खेलना पड़ सकता है, जिस पर अच्छी सीम मूवमेंट की उम्मीद की जा रही है। इसके अलावा, प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में ऊपर-नीचे जाने वाली ढलान की अनोखी चुनौती भी है।

### लॉर्ड्स पर रिकॉर्ड

| भारत | टीम | इंग्लैंड |
|---|---|---|
| 19 | मैच | 145 |
| 03 | जीत | 59 |
| 12 | हार | 35 |
| 04 | ड्रॉ | 51 |

**1932** में भारतीय टीम ने लॉर्ड्स पर अपना पहला टेस्ट खेला था। भारत को 16 प्रतिशत मैचों में ही जीत मिली है। आखिरी बार 2021 में यहां हुए मुकाबले में भारत ने विराट कोहली की कप्तानी में जीत हासिल की थी। 1986 में कपिल देव की कप्तानी में भारत ने यहां पहली बार जीत हासिल की। 2014 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने लॉर्ड्स में जीत का स्वाद चखा था।

■ इंग्लैंड ने पीछे साल यहां श्रीलंका के खिलाफ 190 रन और वेस्टइंडीज के खिलाफ पारी से टेस्ट को जीता था।

### कृष्णा की जगह बुमराह

भारत की अंतिम एकादश में एकमात्र अपेक्षित बदलाव प्रसिद्ध कृष्णा की जगह बुमराह का आना होगा। लीड्स के बाद भारतीय तेज गेंदबाजों की प्रभावशीलता पर गंभीर सवालिया निशान उठे थे, लेकिन आकाशदीप, मोहम्मद सिराज और बुमराह की तिकड़ी आक्रमण को एक शक्तिशाली रूप देती है। दूसरे टेस्ट में 10 विकेट लेकर आकाशदीप ने इंग्लैंड में स्वप्निल शुरुआत की और हर समय विकेट को निशाना बनाने की उनकी आदत को देखते हुए घरेलू टीम के बल्लेबाजों को इस चतुर गेंदबाज के खिलाफ अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता होगी। सिराज को 2021 में लॉर्ड्स में अपने मैच जीतने वाले प्रयास से आत्मविश्वास मिलेगा, जबकि बुमराह सबसे सपाट पिचों पर भी खतरनाक साबित होते हैं और यहां तो परिस्थितियां उनके अनुकूल हो सकती हैं।

### पिच और परिस्थिति

जैसा कि कहावत है, लॉर्ड्स एक नीचे नहीं, ऊपर देखो मैदान है, जहां पिच की तुलना में ओवरकास्ट स्थितियां पिच के व्यवहार में बड़ी भूमिका निभाती हैं। यह धारणा पिछले महीने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में सच साबित हुई, जब आखिरी दिन थोड़ी देर के लिए सूरज निकला और एक समय दोनों टीम जिस पिच पर संघर्ष कर रही थी वह, दक्षिण अफ्रीका के लिए 282 रनों की आसान जीत दर्ज करने में सहायक बन गई। इंग्लैंड को स्टोक्स-मैक्कुलम के दौर में चेज करना पसंद है, लेकिन स्टोक्स का कहना है कि उनकी टीम इस धारणा से बंधी नहीं है। पिच पर जीवित घास है जो पहली सुबह कुछ मदद प्रदान करने की उम्मीद रखती है।

### तीन ऑलराउंडर खेलेंगे

एजबेस्टन में भारत ने तीन ऑलराउंडर खिलाए, जिनमें रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर के रूप में दो स्पिनर शामिल थे। यह जोड़ी आगे भी बने रहने की संभावना है। भारतीय टीम में नीतीश रेड्डी एकमात्र तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर होंगे, जिनका मुख्य कौशल बल्लेबाजी है।

### 4 साल बाद आर्चर की वापसी



जोफ्रा आर्चर करीब चार साल में इंग्लैंड के लिए अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। 2019 में इसी मैदान पर उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उनकी वापसी से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण और मजबूत होगा। पूरी तरह से फिट होने के बाद, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन भी टीम में वापस आ गए हैं। इंग्लैंड ने आर्चर को टीम में शामिल करके अपने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने की कोशिश की है। वह टीम में जोश टंग की जगह लेंगे। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश में एकमात्र यही बदलाव किया है। इंग्लैंड के बल्लेबाजों में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली पर दबाव होगा, जबकि कप्तान बेन स्टोक्स से भी अधिक रन की उम्मीद है, जिन्होंने गेंदबाजी में लय हासिल करने में ज्यादा समय नहीं लगाया, लेकिन उनकी बल्लेबाजी के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता।

### गिल करियर की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट रैंकिंग पर, पहली बार शीर्ष 10 में शामिल

**दुबई, जेएनएन।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद अपने करियर में पहली बार आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए। गिल ने मैच में 269 और 161 रन की पारी खेली थी। सीरीज से पहले 24 साल के शुभमन 23वें स्थान पर थे और ताजा रैंकिंग में 15 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर पहुंच गए। गिल के करियर की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 14 थी, जो उन्होंने सितंबर 2023 में हासिल की थी। वहीं वनडे में गिल बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि श्रीलंका के चरित असलंका (छठे स्थान पर) और कुसल मेंडिस (10 पायदान के फायदे से 10वें स्थान पर) ने बांग्लादेश पर 2-1 से सीरीज जीत के बाद छलांग लगाई है। सीरीज में नौ विकेट लेने के बाद वानिंदु हसरंगा वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में 11 पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह भले ही कार्यभार प्रबंधन के कारण एजबेस्टन मैच में नहीं खेल पाए हों, लेकिन इसके बावजूद टेस्ट में शीर्ष पर बने हुए हैं। सिराज छह पायदान के फायदे के साथ 22वें पायदान पर पहुंच गए हैं।

### ब्रूक ने रूट से छीना पहला स्थान

इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। जो रूट दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन तीसरे स्थान पर हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल चौथे और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ पांचवें स्थान पर हैं। गिल अब ब्रूक से केवल 79 रेटिंग अंक पीछे हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नाबाद 184 और 88 रन बनाने के बाद 16 पायदान के फायदे से करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग (10वां स्थान) हासिल की और शीर्ष 10 में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर टेस्ट ऑलराउंडर सूची में भी तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि भारत के रविंद्र जडेजा अब भी शीर्ष पर बने हुए हैं।




**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), रिषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

**इंग्लैंड अंतिम एकादश :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर।

## खेल एक नजर

### आईपीएल जांच में फेल हुए साल्ट के बल्ले को मिली मंजूरी

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट आईपीएल सहित पिछले दो वर्षों से जिस बल्ले का उपयोग कर रहे थे, उसे शुरू में मैदान पर गेज परीक्षण में गलत पाया गया था, लेकिन बाद में आगे की जांच के बाद इसे मंजूरी दे दी गई। इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में लंकाशर की तरफ से खेलने वाले 28 वर्षीय साल्ट ने इस साल की शुरुआत में आरसीबी की पहली आईपीएल खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईपीएल 2025 में उन्होंने 13 मैचों में 403 रन बनाए थे, जो विराट



कोहली (15 मैचों में 657) के बाद उनकी टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन थे। लंकाशर क्रिकेट ने कहा कि नॉर्थेंट्स स्टीलबैक्स के खिलाफ शुक्रवार को हुए विटैलिटी ब्लास्ट टी-20 मैच के दौरान साल्ट द्वारा इस्तेमाल किए गए बल्ले को क्रिकेट नियामक की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) ने मंजूरी दे दी है। क्लब ने कहा कि साल्ट पर ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) के नियम 3.2 और 3.3 के उल्लंघन का आरोप है, क्योंकि विटैलिटी ब्लास्ट मैच के दौरान उनका बल्ला मैदान पर गेज परीक्षण में सही नहीं पाया गया था। यह वही बल्ला है, जिसका इस्तेमाल उन्होंने पिछले दो साल से इंग्लैंड, लंकाशर और आईपीएल के लिए बिना किसी समस्या के किया। बयान के अनुसार, लेकिन क्रिकेट नियामक संस्था द्वारा बाद में किए गए परीक्षण में इसे सही पाया गया। क्लब और खिलाड़ी को इस बारे में सूचित कर दिया गया है और अब इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### 26 दिसंबर से एसए-20 का चौथा सीजन, फाइनल 25 जनवरी को

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका टी-20 लीग (एसए-20 लीग) के चौथे सत्र की शुरुआत 26 दिसंबर को न्यूलैंड्स में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस केपटाउन और डरबन के सुपर जाएंट्स के बीच बॉक्सिंग डे मुकाबले से होगी, जिसका फाइनल 25 जनवरी को होगा। आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्वालिफायर एक 21 जनवरी, एलिमिनेटर 22 जनवरी और क्वालिफायर दो मुकाबला 23 जनवरी को होगा। खिलाड़ियों की नीलामी 9 सितंबर को होगी। लीग के मैच नए साल के दिन जारी रहेंगे जब जोबर्ग सुपरकिंग्स और डरबन सुपर जाएंट्स वांडरर्स में आमने-सामने होंगे। लीग कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने कहा, हम पहली बार नए साल की पूर्व संध्या और नए साल के दिन के मैचों की मेजबानी को लेकर भी उत्साहित हैं। हम प्रशंसकों के साथ नए साल के जश्न का हिस्सा बनने के लिए बेताब हैं।

## स्वियातेक पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में

**लंदन, जेएनएन।** दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने अपने करियर में पहली बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने ग्रास कोर्ट के सफर में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-2, 7-5 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया। ऑल इंग्लैंड क्लब में जूनियर चैंपियन के रूप में ग्रैंड स्लैम जीतने के छह साल बाद। क्ले कोर्ट पर लंबे समय से दबदबा रखने वाली 23 वर्षीय पोलिश स्टार ने विंबलडन के लॉन पर नए आत्मविश्वास का परिचय दिया। उन्होंने सटीकता और ताकत का मिश्रण करते हुए सेंटर कोर्ट पर 21वीं वरीयता प्राप्त रूस की खिलाड़ी को मात्र 90 मिनट से भी कम समय में हरा दिया। इस जीत से स्वियाटेक की जीत का सिलसिला 11 मैचों तक पहुंच गया और ऑल-सरफेस चैंपियन के रूप में उनकी साख और मजबूत हो गई। स्वियातेक अब 24 वर्षीय खिलाड़ी आर्यना सबालेंका के साथ सेमीफाइनल में शामिल हो गई हैं। इससे पहले विंबलडन में स्वियाटेक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में क्वार्टर फाइनल चरण था, जहां उन्हें एलिना स्वितोलिना से हार का सामना करना पड़ा था। 24 वर्षीय खिलाड़ी अब सभी चार ग्रैंड स्लैम स्पर्धाओं के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चौथी सक्रिय महिला खिलाड़ी हैं, अन्य खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, करोलिना प्लिस्कोवा और विक्टोरिया अजारेंका हैं।



## जोआओ पेड्रो के दो गोल से चेल्सी क्लब विश्व कप के फाइनल में

### सेमीफाइनल में ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराया



**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका), जेएनएन।** जोआओ पेड्रो ने चेल्सी के लिए पहली बार शुरुआत करते हुए अपनी बचपन की टीम के खिलाफ दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड के क्लब ने ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चेल्सी की इस जीत से यह भी सुनिश्चित हो गया कि क्लब विश्व कप का विजेता फिर से यूरोप का ही कोई क्लब बनेगा, क्योंकि दूसरा सेमीफाइनल फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और स्पेन के रियाल मैड्रिड के बीच खेला जाएगा। जोआओ पेड्रो जब 10 साल के थे तब फ्लुमिनेंस से जुड़ गए थे और 2020 में वाटफोर्ड जाने तक वह इस क्लब की तरफ से खेलते रहे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को खेले गए क्लब विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में 18वें और 56वें मिनट में गोल किए और अपने पूर्व क्लब के प्रति सम्मान दर्शाते हुए किसी भी गोल का जश्न मनाने से इनकार कर दिया। वह दो जुलाई को ब्राइटन से चेल्सी में शामिल हुए थे। चेल्सी की निगाह अब दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने पर लगी होगी। उसने इससे पहले 2021 में खिताब जीता था। फाइनल रविवार को खेला जाना है। यूरोपीय टीमें अपना लगातार 12वां और 18 प्रयासों में 17वां खिताब जीतेंगी। एकमात्र अपवाद 2012 में ब्राजील के कोरिंथियंस की चेल्सी पर जीत है।

## हॉकी : भारत-ए ने आयरलैंड को 6-1 से हराया



**आइंडहोवन (नीदरलैंड), जेएनएन।** भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार रात हॉकी क्लब ओरांजे-रूड में आयरलैंड को 6-1 से हराकर अपने यूरोपीय दौरे की शानदार शुरुआत की। भारतीय टीम की तरफ से उत्तम सिंह, अमनदीप लाकड़ा, आदित्य लालगे, सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने गोल किए। भारत ने मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और आयरलैंड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उत्तम ने भारतीय टीम के लिए पहला गोल किया और बाद में अमनदीप ने टीम की बढ़त को और मजबूत कर दिया। इसके बाद आदित्य ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो गोल दागकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल करके स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया। भारतीय रक्षा पंक्ति ने भी अच्छा खेल दिखाया और आयरलैंड के प्रयासों को अच्छी तरह से नाकाम किया।

### प्रो कबड्डी लीग का 12वां चरण 29 अगस्त से

**मुंबई, जेएनएन।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की है कि इसका 12वां चरण 29 अगस्त से शुरू होगा। नए सत्र में मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स की टीम खिताब का बचाव करने की कोशिश करेगी। लीग के 12वें सत्र की नीलामी 31 मई और एक जून को मुंबई में हुई थी, जिसमें रिकॉर्ड 10 खिलाड़ियों ने एक करोड़ रुपए से अधिक के अनुबंध हासिल किए।

## टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर बोले कोहली-जब आप चार दिन में दाढ़ी रंगने लगें, तो समझें समय आ गया

### युवराज सिंह के फंडरेजर कार्यक्रम में शामिल हुए दिग्गज क्रिकेटर

जेएनएन, लंदन

भारतीय स्टार विराट कोहली ने लंदन में युवराज सिंह के 'फंडरेजर' कार्यक्रम में अपने टेस्ट करियर के संन्यास के बारे में बात करते हुए खूब हंसी मजाक किया। कहा कि जब आप हर चार दिन में दाढ़ी रंगते हैं, तो मतलब है कि समय आ गया है। कोहली अब लंदन में रहते हैं। वह हाल में विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में दिखाई दिए। वह भूरे रंग के सूट में काफी स्टाइलिश लग रहे थे। इसके बाद वह तुरंत यूवीकैन कैंसर फंडरेजर (धनराशि जुटाना) कार्यक्रम में पहुंच गए। भारतीय टीम भी इस कार्यक्रम में मौजूद थी। कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता ने कोहली के टीम का हिस्सा नहीं होने का जिक्र क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड दौरे से पहले संन्यास की घोषणा कर दी थी। प्रस्तुतकर्ता गौरव कपूर ने कहा कि मैदान पर हमें आपकी कमी खलती है। रवि शास्त्री, क्रिस गेल, केविन पीटरसन और युवराज तब कोहली के बगल में खड़े थे और इस भारतीय सुपरस्टार ने कुछ देर



रुककर जवाब दिया कि मैंने अभी दो दिन पहले ही अपनी दाढ़ी रंगी है। आपको पता है कि जब आप हर 4 दिन में अपनी दाढ़ी रंगते हैं, तो यह आराम करने का समय होता है। कोहली ने शास्त्री के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी बात की जो उस समय मुख्य कोच थे जब कोहली टेस्ट टीम को नई ऊंचाइयों पर ले गए थे। कोहली ने कहा कि सच कहूं, तो अगर मैं तब उनके साथ नहीं होता, तो टेस्ट क्रिकेट में जो हुआ वो मुमकिन नहीं हो पाता। हमारे बीच जो स्पष्टता थी, वो ढूंढ पाना बहुत मुश्किल है। क्रिकेटरों के करियर में आगे बढ़ने के लिए यही सब कुछ होता है। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में जिस तरह सवालों का डटकर सामना किया, वह अहम था। वर्ना चीजें अलग हो सकती थीं।

### कोहली टेस्ट को अलग स्तर तक ले जाना चाहते थे : शास्त्री

शास्त्री ने भी कोहली की तारीफ का जवाब देते हुए कहा कि वह पिछले 15 साल के सबसे प्रभावशाली क्रिकेटर हैं। आप विश्व कप और दूसरे खिताब जीतते हैं, लेकिन वह लाल गेंद के क्रिकेट को अगले स्तर पर ले जाना चाहते थे। एक बार जब उन्होंने सफलता का मंत्र तय कर लिया, तो बाकियों को भी उनका अनुसरण करना पड़ा। अगर भारत आज टेस्ट क्रिकेट में इस स्तर पर खेल रहा है, विशेषकर उनके नेतृत्व में जो युवा पीढ़ी खेली है, उन्हें उनका शुक्रिया अदा करना चाहिए। यहां तक कि विश्व क्रिकेट को भी उनका शुक्रिया अदा करना चाहिए। भारत के टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने से पैसा आया और बीसीसीआई को उसका हिस्सा मिला।

### बीयू में एआई आधारित एथलीट मेजरमेंट ट्रेडमिल

**भोपाल, खेप्र।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के खेल विभाग में पदस्थ खेल अधिकारी रविन्द्र कौशिक ने एआई आधारित एथलिट स्टेमिना मेशरिंग ट्रेडमिल बनाया है। उन्होंने इसे पेटेंट करवाने के लिए भारत सरकार के संबंधित विभाग को आवेदन भेजा है। यह पेटेंट



कौशिक एंव उनके सहयोगी कैप्टन सरिता कुशवाह के नाम दर्ज किया। इस एआई आधारित ट्रेडमिल से खिलाड़ियों की खेल के समय सहनशक्ति एव धैर्य को सूक्ष्मता से नाप कर खिलाड़ियों के प्रदर्शन एव कौशल में उच्चतर प्रगति की जा सकती है। कौशिक ने बताया कि भविष्य में अन्य कॉलेज और विश्वविद्यालय में इस तरह के ट्रेडमिल का उपयोग किया जाएगा।

# काम से अधिक राशि आहरित करने पर वसूली के आदेश जारी

## जिला पंचायत सीईओ ने सचिव व तत्कालीन सरपंच को 15 दिन के अंदर राशि जमा करने दिये निर्देश




**जागरण सतना**

ग्राम पंचायत में कराये गये कार्य से अधिक राशि आहरित पाये जाने पर जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने संबंधित पंचायत सचिव और तत्कालीन सरपंच के विरूद्ध वसूली के आदेश जारी किये है। यह पूरा मामला जनपद पंचायत नागौद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत तेदुनी मोटवा का बताया जा रहा है। जहां पर पदस्थ सचिव अमर सिंह बागरी द्वारा काम से अधिक राशि आहरित कर ली गई थी। जिस कार्य के एवज में राशि निकाली गई वह कार्य सन 2020 में हुआ था मगर शिकायत मिलने के बाद जिला पंचायत सीईओ ने जांच कराई थी इसके बाद जनपद सीईओ सहायक यंत्री और उपयंत्री द्वारा स्थल निरीक्षण कर अधिक राशि आहरित किये जाने का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था।

### न पेशी में आये और न ही उपलब्ध कराया दस्तावेज

बताया जाता है कि उक्त मामला जिला पंचायत न्यायालय में धारा 92 के तहत चल रहा था जिसमें अमर सिंह बागरी को नोटिस जारी कर 17 जनवरी 2025 को समक्ष में उपस्थित होने का अवसर दिया गया मगर वह सुनवाई के पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहे इसी प्रकार तत्कलनी सरपंच गोपाल बागरी को 17 जनवरी 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी कर 27 जनवरी को पेशी में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये लेकिन वे उपस्थित नही हुये। पूरे मामले को देखने को बाद जिला पंचायत सीईओ संजना जैन ने सचिव अमर सिंह बागरी और तत्कालीन सरपंच गोपाल बागरी को 50419-50419 रूपये जमा करने के निर्देश दिये है। साथ ही जनपद सीईओ को उक्त राशि 15 दिन के अंदर जमा कराने के निर्देश दिये गये है।

### मौहार के तत्कालीन सरपंच से वसूल होगी राशि

जनपद पंचायत सोहावल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मौहार में पदस्थ सचिव राजन सिंह और सरपंच सीएल पाल द्वारा आंगनवाडी आश्रम शाला बौरगला में बिना कार्य कराये 3 लाख 3 हजार 412 रूपये आहरित कर लिये गये थे। यह मामला जिला पंचायत न्यायालय में चल रहा था पूरी तरह से मामला प्रमाणित पाये जाने के बाद पंचायत सचिव राजन सिंह ने अपने हिस्से की आधी राशि यानी एक लाख 51 हजार 706 रूपये चालान के माध्यम से जिला पंचायत के खाते में जमा कर दी थी। मगर तत्कालीन सरपंच सीएलपाल द्वारा उक्त राशि जमा नही की गई जिसके बाद जिला पंचायत सीईओ संजना जैन ने राजन सिंह को उक्त आरोप से मुक्त कर दिया जबकि सरपंच रहे सीएलपाल को एक लाख 51 हजार 706 रूपये जमा करने के निर्देश दिये है।



सोहावल जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मौहार के तत्कालीन सरपंच को वसूली की राशि जमा करने के निर्देश एवं नागौद जनपद के तेदुनी मोटवा के सचिव व तत्कालीन सरपंच को रिकवरी की राशि जमा करने के आदेश दिये गये है। दोनो जनपद सीईओ को आदेशित किया गया है कि वे 15 दिन के अंदर रिकवरी की राशि जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

**संजना जैन आईएएस सीईओ जिला पंचायत सतना**

# नगर निगम के विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरे करें

## कमिश्नर बीएस जामोद ने की परियोजना कार्यों की समीक्षा



**जागरण सतना।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कहा कि सतना शहर को विकसित बनाने नगर निगम के चल रहे विकास परियोजनाओं के कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किये जाये। अवधि पूर्ण हो रहे कार्यों का वर्क प्लान बनाकर प्रतिदिन के टारगेट फिक्स करें और उन्हें शीघ्र पूरा करने का प्रयास करें। कमिश्नर रीवा श्री जामोद ने बुधवार को नगर निगम सतना के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर नगर निगम के कार्यों और विकास योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, संयुक्त संचालक रीवा मयंक वर्मा, अधीक्षण यंत्री एसके सिंह, कार्यपालन यंत्री अरूण तिवारी, सिद्धार्थ सिंह, अंशुमान सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह सहित सहायक यंत्री और उपयंत्री उपस्थित थे।

अमृत वन प्रोजेक्ट के सीवर लाइन कार्य की समीक्षा में बताया गया कि नगर निगम के विभिन्न वार्डो में 51.5 किमी की सीवर लाइन कम्पलीट है। इसमें 1690 मेन होल तथा 5235 सर्विस चेम्बर बनाये गये हैं। लगभग 43.5 करोड की परियोजना में 18190 हाउस कनेक्शन किये जाने के विरूद्ध 8300 कनेक्शन हो चुके हैं। 9890 हाउस कनेक्शन होना शेष है। कमिश्नर ने कहा कि कार्य की अवधि पूर्ण हो रही है। शेष कनेक्शन करने के लिए लोगों में जागरूकता लाये और वर्क प्लान बनाकर प्रतिदिन कार्य पूर्णता के टारगेट लेकर कार्य पूर्ण कराये। कमिश्नर ने कहा कि बरसात के समय के दृष्टिगत कार्य स्थल पर सुरक्षा के प्रबंध रखे और रेस्टोरेशन कार्य पर विशेष ध्यान दे। बताया गया कि 12 वार्ड में 1 लाख 66 हजार मीटर कार्य का रेस्टोरेशन कम्पलीट कर लिया गया है। स्वच्छ भारत मिशन में बताया गया कि नगर निगम द्वारा सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण और निष्पादन का कार्य रेमकी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। शहर में कचरा संग्रहण के लिए 54 वाहन संचालित है। प्रतिदिन शहर से 145 टन कचरा निकलता है। कमिश्नर ने कहा कि सूखे और गीले कचरे का संग्रहण और निष्पादन हो रहा है। इस बात की निगरानी करें।

### राजस्व वसूली की ली जानकारी

राजस्व वसूली की समीक्षा में बताया गया कि वर्ष 2024-25 में मांग 57 करोड 7 लाख 71 हजार की मांग के विरूद्ध इस अवधि में 2 करोड 35 लाख की वसूली हुई थी। इस वर्ष 2025-26 में 62 करोड 24 लाख की मांग के विरूद्ध 2 करोड 80 लाख की वसूली हुई है। कायाकल्प अभियान 2.0 में 3 करोड 80 लाख रूपये लागत से 3 सडकों के कार्य पूर्ण है। दो सडकों का काम अपूर्ण है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना फेस 3 में 170 लाख रूपये लागत से स्वीकृत 5 सडकों में से 4 सडकों का कार्य पूर्ण है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना फेस 4 में 794 लाख रूपये की लागत से 4 कार्यो में 2 कार्य पूर्ण है।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**जागरण सतना।** दुष्कर्म के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी विक्रम सिंह व एसडीओपी के मार्गदर्शन में रैंगाव थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आर पी त्रिपाठी द्वारा की गई है ।

### ये है विवरण

फरियादिया की रिपोर्ट पर 13 मई को आरोपी के विरुद्ध थाना सिंहपुर मे धारा 69 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था । आरोपी घटना दिनांक से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी द्वारा 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था एवं न्यायालय द्वारा उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था जिसकी लगातार पता तलाश की जा रही थी । आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है। पुलिस ने आरोपी देवकुमार अहिरवार उर्फ लल्लू पिता ददोली प्रसाद अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी कारीमाटी थाना जसो जिला सतना हाल वार्ड नम्बर 5 खेखा टोला पेट्रोल पम्प के सामने नागौद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# राज्यमंत्री आज सतना आकर विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगी

**जागरण सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 10 जुलाई को प्रातः 6.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगी। निर्धारित कार्यक्रमानुसार राज्यमंत्री प्रातः 11 बजे विटस कॉलेज के पास जनता दरबार सहित अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद इसी रात्रि 9 बजे से रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

# कमिश्नर ने नगर निगम के निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण



**जागरण सतना।** कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने बुधवार को नगर निगम के कार्यों की समीक्षा बैठक लेने के बाद नगर निगम और स्मार्ट सिटी सतना द्वारा किये गये विकास परियोजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर महापौर योगेश ताम्रकार, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, संयुक्त संचालक रीवा मयंक वर्मा, अधीक्षण यंत्री एसके सिंह, कार्यपालन यंत्री अरूण तिवारी, संविदाकार एवं नगर निगम के सहायक यंत्री और उपयंत्री उपस्थित थे। कमिश्नर रीवा श्री जामोद ने महापौर और अधिकारियों के साथ नगर निगम और स्मार्ट सिटी द्वारा कराये गये दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, धवारी क्रिकेट स्टेडियम, निर्माणाधीन वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर कम वर्किंग वूमेन हास्टल, महदेवा स्थित 15 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, अमौधा तालाब सौदर्यीकरण, वेकटेश्वर लोक, संतोषी माता तालाब के पुनिर्माण और सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।



























ॐ

## सरस्वती शिशु मन्दिर/उच्च. माध्य. विद्यालय, विन्ध्यनगर

जिला सिंगरौली

आवश्यकता है

**शैक्षणिक**

| पद | विषय | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| सहायक आचार्य | अंग्रेजी | 1 | स्नातक अंग्रेजी साहित्य 50 प्रतिशत के साथ एवं B.Ed/D.Ed./D.LEd. प्रशिक्षित |
| | गणित | 1 | स्नातक गणित समूह 50 प्रतिशत के साथ एवं B.Ed/D.Ed./D.LEd. प्रशिक्षित |

**गैर-शैक्षणिक**

| पद | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| कार्यालय सहायक (पुरुष) | 1 | बी.कॉम. 50 प्रतिशत के साथ एवं B.C.A/P.G.D.C.A. प्रशिक्षित |
| भृत्य | 1 | कक्षा 8वीं उत्तीर्ण |

आवेदन पत्र पर आवेदित पद का स्पष्ट उल्लेख करें। आवेदन पत्र पर स्वयं का एक फोटो चस्पा करें। परीक्षा शुल्क रुपये 50/- के साथ आवेदन पत्र कार्यालय में दिनांक 17 जुलाई 2025, अपराह्न 1:00 बजे तक जमा किये जाएंगे। अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष। आवश्यक अभिलेख - शैक्षिक एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करें।

आदेशानुसार
व्यवस्थापक

सम्पर्क सूत्र : प्राचार्य - 9755074858, प्रधानाचार्य - 8827049524



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com